सुप्रभात
रांची, मंगलवार
21.02.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 219



12 फिल्म कांटारा-2 में नजर आ सकते हैं सुपरस्टार रजनीकांत

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

### जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने संभाला झारखंड के 14वें मुख्य न्यायाधीश का पदभार, कहा

# गरीबों को न्याय दिलाना प्राथमिकता

➲ राजभवन के बिरसा मंडप में राज्यपाल ने दिलायी शपथ

➲ समारोह में सीएम समेत मंत्री और न्यायिक अधिकारी रहे मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को सोमवार को राजभवन के बिरसा मंडप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके साथ ही उन्होंने झारखंड के 14वें चीफ जस्टिस का पदभार ग्रहण कर लिया। शपथ ग्रहण के बाद मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पुराने मामलों का निष्पादन और त्वरित सुनवाई पर ज्यादा जोर दिया जायेगा। उनकी प्राथमिकता गरीबों और पिछड़ों को न्याय दिलाना होगी। शपथ लेने के बाद उन्होंने झारखंड को अपनी मातृभूमि बताया। मौके पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने नये मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



सोमवार को हाइकोर्ट के नये चीफ जस्टिस को शपथ दिलाते राज्यपाल।

**पुराने मामलों का निष्पादन, त्वरित सुनवाई पर जोर :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड हाईकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने के उन्होंने झारखंड को अपनी मातृभूमि बताते हुए कहा कि पारदर्शी न्याय के लिए न्यायपालिका कठिन परिश्रम कर रही है।

इससे पूर्व मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की नियुक्ति संबंधी वारंट को हिंदी और अंग्रेजी में पढ़कर सुनाया। शपथ लेने के बाद चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र अपना कार्यभार संभाल लिये हैं। कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र महतो, मंत्री मिथिलेश ठाकुर और बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश एवं महुआ माजी, हाईकोर्ट के न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण, निर्वाचित सदस्य व अन्य गणमान्य मौजूद थे। (शेष पेज 11 पर)

## अब आदिवासियों को त्वरित न्याय मिलेगा : मुख्यमंत्री



मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नए मुख्य न्यायाधीश के आने के बाद झारखंड जैसे आदिवासी दलित बहुल राज्यों में लंबे समय से चल रहे इन लोगों के केसों के निष्पादन में तेजी आने की उम्मीद करता हूं। उन्होंने नये मुख्य न्यायाधीश को इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि संजय कुमार मिश्र के आने की सूचना कई दिन पहले से आ रही थी।

## न्यूज डायरी

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन कीव पहुंचे



**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को युद्ध प्रभावित यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। रूस के साथ पूर्वी यूरोपीय देश के सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति की यूक्रेन की यह पहली यात्रा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से कई मुद्दों पर चर्चा की। (12 भी देखें)

### हेट स्पीच : सुप्रीम कोर्ट ने चार्जशीट पेश करने कहा

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली में 2021 में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में दिये गये कथित नफरती भाषणों के एक मामले में दिल्ली पुलिस को आरोप पत्र रिकॉर्ड पर पेश करने का आदेश सोमवार को दिल्ली पुलिस को दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष दिल्ली पुलिस पक्ष रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि मामले की जांच अंतिम चरण में है।

### भारतीय दल ने किया बेहतर राहत-बचाव: मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि तुर्की और सीरिया के भूकंप प्रभावित इलाकों में खोज, बचाव और राहत कार्य के लिए ऑपरेशन दोस्त के तहत काम करने वाली पूरी भारतीय टीम ने बहुत बेहतरीन काम किया है।

### आयरलैंड को हरा सेफा में पहुंचीं भारतीय महिलाएं

**गेकेबेरा।** भारत ने स्मृति मंधाना (87) के विस्फोटक अर्द्धशतक की बदौलत आयरलैंड को महिला टी20 विश्व कप 2023 के वर्षा बाधित मैच में सोमवार को पांच रन से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिलाओं ने आयरलैंड के सामने 155 रन का लक्ष्य रखा था।

### न्यूजीलैंड में गेब्रियल चक्रवात से 11 की मौत

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के नॉर्थ आइलैंड में पिछले सप्ताह आए गेब्रियल चक्रवातीय तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गयी है, जबकि 3,200 से अधिक लोग लापता हैं। यहां स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

## न्याय-अन्याय के बीच लड़ाई : अविनाश पांडे

रामगढ़ उपचुनाव



**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव की बिसात पर राजनीति के ऊंट-घोड़े दौड़ने लगे हैं। जीत को लेकर पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच खींचतान शुरू हो चुकी है। इमोशनल तड़का भी डाला जा रहा है। गोला गोलीकांड में सजा मिलने के बाद विधानसभा की सदस्यता गंवाने वाली ममता देवी के प्रत्याशी पति बजरंग महतो के पक्ष में सत्ता पक्ष एड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। इस बीच रामगढ़ चुनाव प्रचार के लिए सोमवार को रांची पहुंचे कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने रांची एयरपोर्ट पर कहा कि रामगढ़ में उपचुनाव लादा गया है। रामगढ़ में लड़ाई हो रही है न्याय और अन्याय के बीच। उन्होंने कहा कि ममता देवी ने इंसाफ की लड़ाई लड़ी थी लेकिन गवाहों को भटकाकर, बदलकर कोर्ट में गलत तरीके से पेश किया गया। लेकिन जब आपराधिक घटनाओं में शामिल भाजपा नेताओं की बात आती है तो उन्हें अगर सजा मिली भी है तो उसकी अवधि कहीं नौ माह तो कहीं 12 माह की होती है। लिहाजा, हम जिस न्याय प्रणाली पर विश्वास रखते हैं, उस के प्रति भी थोड़ा दुख होता है। (पेज 2 भी देखें)

## कोयला घोटाले में कांग्रेसी नेताओं के घर इडी का छापा

➲ पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन से पूर्व छापे पर उठे कई सवाल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोयला खनन घोटाले (कोयला लेवी धनशोधन) मामले में सोमवार को कांग्रेस नेताओं से जुड़े परिसरों सहित छत्तीसगढ़ में 12 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की है। ईडी की टीम इन स्थानों से बरामद दस्तावेजों को खंगाल रही है और जांच पड़ताल कर रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह छापेमारी रायपुर में 24-26 फरवरी तक कांग्रेस के तीन दिवसीय पूर्ण अधिवेशन से पहले हुई है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नवा रायपुर में 24 से 26 फरवरी को होने वाले कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय महाधिवेशन होने जा रहा है। इडी ने तड़के करीब पांच बजे कांग्रेस नेताओं के घर छापा मारा है। इनमें कांग्रेस के



कई दिग्गज नेताओं के घर और दफ्तर शामिल हैं। इसमें छत्तीसगढ़ में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त श्रम मंडल के अध्यक्ष सनी अग्रवाल के टिकरापारा निवास पर कार्रवाई चल रही है, तो वहीं निगम मंडल सदस्य कांग्रेस नेता विनोद तिवारी के मोवा स्थित निवास और अवंती विहार स्थित डडसेना के निवास पर छापामारी चल रही है। उक्त नेताओं के अलावा कांग्रेस नेता आरपी सिंह, भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के दोनों घरों पर ईडी ने छापा मारा है। विधायक के सेक्टर-5 और हाउसिंग बोर्ड के घर में ईडी ने दबिश दी है। गिरीश के घर भी ईडी की टीम पहुंची है।

## पंकज, पीपी और बच्चू की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव की पेशी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ईडी कोर्ट में हुई। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि तीन मार्च तक के लिए बढ़ा दी है। इस मामले में पंकज मिश्रा एवं बच्चू यादव के खिलाफ आरोप गठित हो चुका है। अवैध खनन के माध्यम से मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने साहेबगंज में पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के बैंक खातों को सीज किया था। ईडी की टीम ने 36 करोड़ से अधिक रुपये को इस मामले में सीज किया था। वहीं, ईडी की टीम ने पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव को चार अगस्त को गिरफ्तार किया था। ईडी की टीम ने पहले ही साहिबगंज में उसके जहाज को जब्त कर लिया था।

## पंचायत सेवकों पर लाठीचार्ज कई घायल, 20 गिरफ्तार

➲ राजभवन पर धरना, सीएम आवास घेरना चाहते थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास घेरने निकले थे। पुलिस प्रशासन ने उन्हें राजभवन के समीप रोक दिया। राजभवन के समीप प्रदर्शन के बाद सभी पंचायत सेवक उसी जगह धरना पर बैठ गये। पुलिस ने उन्हें धरना खत्म करने कहा, तो वे उत्तेजित हो गये। बैरेकेडिंग तोड़ जबरन आगे बढ़ने पर पत्थरबाजी शुरू कर दी गयी। इसी पर हल्का बल प्रयोग करते हुए 20 लोगों को मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

पत्थरबाजी में पांच पुलिसकर्मी और छह अभ्यर्थी घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। लाठीचार्ज के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। कई महिलाएं भी चोटिल हो गयीं। (शेष पेज 11 पर)

### मांगपत्र देने सीएम आवास जाना चाहते थे

पंचायत सचिवालय संघ अपनी तीन मांगों के समायोजन मानदेय और प्रोत्साहन राशि देने की मांग कर रहे हैं। संघ का कहना है विगत तीन वर्षों से वर्तमान सरकार सिर्फ आश्वासन दे रही है इस कारण झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आये पंचायत सेवक मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर अपनी मांगों को मुख्यमंत्री को अवगत कराना चाहते थे।

## दो दिनों में हाथियों ने पांच को कुचलकर मार डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सोमवार को भंडरा लड़ाई टंगरा में समूह से बिछड़े हाथी ने चार लोगों को कुचल कर मार डाला। इसमें लालमन महतो (60), नेहा कुमारी (18), झालो उरांव (27) और गणेश उरांव (37) शामिल हैं। रविवार को भी एक की जान ले ली थी।

ग्रामीणों ने बताया कि हाथी अहले सुबह करीब पांच बजे के करीब गांव में पहुंचा। कुहासा होने के कारण विजिबिलिटी कम थी, जिससे हाथी नजर नहीं आ रहा था।



लोगों को कुचलने के क्रम में हाथी के चिघाड़ने की आवाज को लोग समझ पाते, तब तक हाथी तीन लोगों को मौत के घाट उतार चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाथी जहां अड्डा बनाये हुए हैं। उसके अगल-बगल ग्रामीण आ जा रहे हैं। इसी क्रम में गणेश उरांव नशे में हाथी के नजदीक चला गया था। इसी क्रम में हाथी उसे पटक कर मार डाला। घायल स्थिति में वन विभाग के कर्मियों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। रिम्स भेजने की तैयारी चल रही थी, पर उसकी मौत हो गयी। पुलिस और वनकर्मियों के लगातार प्रयास के बाद भी स्थानीय ग्रामीण हाथी के करीब जाने से परहेज नहीं कर रहे हैं। नतीजतन गणेश की जान चली गयी।

वन विभाग ध्वनि विस्तारक यंत्र से भी लोगों को हाथी के नजदीक नहीं जाने का प्रचार प्रसार कर रहा है। फिर भी ग्रामीण सरकारी आदेशों का उल्लंघन करते दिख रहे हैं।

## बोकारो में मुर्गियों की मौत के बाद बर्ड फ्लू को लेकर रिम्स में अलर्ट

**रांची।** होली से ठीक पहले झारखंड में बर्ड फ्लू ने दस्तक दे दी है। बर्ड फ्लू के कारण बोकारो जिले में एक हफ्ते के अंदर करीब 400 से अधिक मुर्गियों की मौत हो गयी है। इसके बाद राज्य के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज-हॉस्पिटल में अलर्ट कर दिया गया है। वहीं आइसोलेशन डिपार्टमेंट को तैयार रखा गया है, ताकि बर्ड फ्लू के मामले सामने आते ही मरीजों का बेहतर इलाज किया जाये। वहीं लोगों से भी एहतियात बरतने की अपील की गयी है। अगर कोई भी लक्षण दिखे, तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करने को कहा गया है।

> फिलहाल पक्षियों में ही बर्ड फ्लू के लक्षण मिले हैं। जबतक इसकी पुष्टि नहीं होती कि किसी इंसान में बर्ड फ्लू के वायरस मिले हैं, तबतक हमलोगों ने तैयारी कर रखी है। जैसे ही कोई मरीज सामने आयेगा तो आइसोलेशन वार्ड तैयार है। दवाएं भी हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं। - **डॉ राजीव रंजन, पीआरओ, रिम्स।**




## हाई लेवल टीम ने लिया साहिबगंज के क्रशर-पत्थर खदानों का जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एनजीटी के आदेश पर झारखंड सरकार की ओर से गठित 5 सदस्य उच्चस्तरीय टीम सोमवार की सुबह हेलीकॉप्टर से साहिबगंज पहुंची। पांच सदस्य टीम में राज्य के अपर मुख्य सचिव सह वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव एल खिंगयांते, खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव मो अबू बकर सिद्दीकी, झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के सदस्य सचिव यतहींद्र कुमार दास, प्रदूषण बोर्ड के परामर्शी मणि भूषण एवं खान निदेशक के ओएसडी रितेश राज तिग्गा शामिल थे। टीम जिले के उपायुक्त रामनिवास यादव, जिला खनन पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों की टीम के साथ सबसे पहले रेलवे के लोडिंग पॉइंट माल गोदाम पहुंची। यहां रेलवे



पदाधिकारियों की मौजूदगी में रैगर लोडिंग पॉइंट का जायजा लिया। टीम ने रेलवे से रैक लोडिंग पॉइंट का पूरा लेआउट का विवरण एवं प्लान की जानकारी मांगी। मौके पर मौजूद रेल के पदाधिकारियों को एनजीटी की ओर गाड़ी गाइडलाइन की जानकारी देते हुए इसके अनुपालन की बात कही। कहा कि रैक लोडिंग के दौरान उड़ने वाले डस्ट को रोकने के लिए समुचित व्यवस्था और लोडिंग पॉइंट पर अधिक से अधिक प्लांटेशन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। (शेष पेज 11 पर)

## देवघर-दिल्ली फ्लाइट की लखनऊ में आपात लैंडिंग

**खबर मन्त्र संवददाता**

**रांची।** बम की अफवाह के बाद इंडिगो के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। दिल्ली से देवघर आने वाली फ्लाइट में सोमवार को बम की अफवाह के बाद लखनऊ में उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी। करीब दो घंटे जांच प्रक्रिया चलने के बाद खबर अफवाह निकली। फिर सुरक्षा एजेंसियों से एनओसी मिलने पर फ्लाइट लखनऊ एयरपोर्ट से 2:20 बजे टेकऑफ हुई और चार बजे देवघर एयरपोर्ट लैंड करायी गयी। जिससे विमान में सवार 180 यात्री करीब तीन घंटे विलंब से देवघर पहुंचे। विमान दिल्ली से अपने निर्धारित समय 11:05 बजे फ्लाइट टेकऑफ हुई। करीब 12:30 बजे फ्लाइट को लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करा दी गयी थी। रन-वे के किनारे पहले से सुरक्षा का इंतजाम कर दिये गये थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर छह एंबुलेंस, दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां, बम निरोधक दस्ता, पांच खोजी कुत्ता व बड़ी संख्या में सुरक्षा जवानों की तैनाती की गयी थी। आनन-फानन में सभी यात्रियों को हैंड लगेज लेकर नीचे उतारा गया।

### बम की अफवाह



## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

### –:आम सूचना:–

NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि०मी० से विढ़मगंज 260.483 कि०मी० तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि०मी०) योजना अन्तर्गत रैयतों को सूचित किया जाता है कि निम्न ग्रामों में कैंप कर मुआवजा राशि की भुगतान से संबंधित विभिन्न राजस्व कागजात प्राप्त किया जाना है। संबंधित ग्राम के रैयतों से अनुरोध है कि निम्न तिथियों को आयोजित स्थान पर उपस्थित होकर अपना वांछित राजस्व कागजात जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही भूमि स्वामित्व प्रमाण एवं वंशावली प्रमाण पत्र ग्राम में कैंप लगाकर संकलन करना है। शिविर की निर्धारित तिथि निम्नवत है :–

| क्र० सं० | मौजा | अंचल | स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | खजुरी | गढ़वा | विवाह मंडप ब्रह्म स्थान खजुरी | 19.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 2 | पोटमा | | | | |
| 3 | अकलवानी | मेराल | पंचायत भवन मेराल पूर्वी | 19.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 4 | मेराल | | | | |
| 5 | गोंदा | | पंचायत भवन गोंदा | 20.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 6 | लातदाग | | | | |
| 7 | बगौधा उर्फ रमना | रमना | पंचायत भवन बगौधा उर्फ रमना | 20.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 8 | टण्डवा | | | | |
| 9 | करचा | | | | |
| 10 | परसवान | | नव निर्मित तहसील भवन परसवान | 21.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 11 | बहियार खुर्द | | | | |
| 12 | सिरियाटॉगर | | | | |
| 13 | कबिसा | | पंचायत भवन मड़वनिया | 21.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 14 | कोरगा | | | | |
| 15 | मड़वनिया | | | | |
| 16 | मानदोहर | | | | |
| 17 | उसका | नगर उंटारी | पंचायत भवन पाल्हे | 22.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 18 | पाल्हे कला | | | | |
| 19 | जतपुरा | | | | |
| 20 | मर्चवार | | पंचायत भवन नरही | 22.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 21 | कोदवरिया | | | | |
| 22 | नगर उंटारी | | | | |
| 23 | नरही | | पंचायत भवन नरही | 23.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 24 | सिंहपुर | | | | |
| 25 | हलिवंता कला | | पंचायत भवन हलिवंता कला | 23.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 26 | हलिवंता खुर्द | | | | |
| 27 | जोरमा | | | | |
| 28 | चितविश्राव | | पंचायत भवन चितविश्राव | 24.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 29 | बराहपट्टी | | | | |
| 30 | नरखोरिया कला | | पंचायत भवन हलिवंता कला | 24.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 31 | बभनी | | | | |
| 32 | महदेईया | | | | |
| 33 | सरहसताल कला | | | | |
| 34 | कोल्हुआ | | पंचायत भवन अधौरा | 25.02.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 35 | अधौरा | | | | |
| 36 | गंगटी | | पंचायत भवन बिलासपुर | 25.02.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 37 | बिलासपुर | | | | |

अतः NH-75 (SEC-V) खजुरी 219.600 कि०मी० से विढ़मगंज 260.483 कि०मी० तक फोरलेन में (लम्बाई 40.883 कि०मी०) योजना संबंधित रैयतों से अनुरोध है कि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली आदि में किसी भी प्रकार की आपत्ति के निराकरण हेतु उक्त स्थल पर ससमय निम्न आवश्यक कागजात के साथ पहुँचे।

**आवश्यक कागजात** :– खतियान, केवाला, अद्यतन रसीद, पासबुक की छाया प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शपथ पत्र/क्षतिपूर्ति बॉण्ड (कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत), सह–हिस्सेदारों का सहमति पत्र, दो कलर फोटो एवं तीन रेवेन्यु टिकट के साथ–साथ यदि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र/वंशावली (अंचल से निर्गत) हो तो।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 290715 District(22-23).D



## कार्यालय – जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा

### पशुपालकों के लिए आम – सूचना

विभागीय राज्यादेश संख्या 07 रा० (विभाग) दिनांक 15.06.2022 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजन के लिए पशुपालन प्रभाग सिमडेगान्तर्गत पंचायतवार तिथि निर्धारण की विवरणी –

| क्र० सं० | प्रखंड का नाम | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम | पदनाम | दूरभाष सं० | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बांसजोर | बांसजोर | बांसजोर | 22.02.23 23.02.23 | डॉ० जीनतन भेंगरा | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, बांसजोर | 9905177660 | |
| 2 | बांसजोर | तरगा | तरगा | 24.02.23 25.02.23 | | | | |
| 3 | बांसजोर | उरते | उरते | 26.02.23 27.02.23 | | | | |
| 4 | बांसजोर | कोम्बाकेरा | कोम्बाकेरा | 28.02.23 01.03.23 | | | | |
| 5 | जलडेगा | लोम्बोई | लोम्बोई | 02.03.23 03.03.23 | डॉ० जीनतन भेंगरा | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, जलडेगा | 9905177660 | |
| 6 | जलडेगा | टिनगिना | डोढ़ीबहार | 04.03.23 05.03.23 | | | | |
| 7 | जलडेगा | कोनमेरला | कोनमेरला | 06.03.23 07.03.23 | | | | |
| 8 | जलडेगा | लमडेगा | मीतबुना | 08.03.23 09.03.23 | | | | |
| 9 | जलडेगा | परबा | परबा | 10.03.23 11.03.23 | | | | |
| 10 | जलडेगा | टाटी | बाड़ीडुंगा | 12.03.23 13.03.23 | | | | |
| 11 | जलडेगा | कुटुंगिया | कुटुंगिया | 14.03.23 15.03.23 | | | | |
| 12 | जलडेगा | ओड़गा | ओड़गा | 16.03.23 17.03.23 | | | | |
| 13 | जलडेगा | जलडेगा | सावनाजारा | 18.03.23 19.03.23 | | | | |
| 14 | जलडेगा | पतिअम्बा | पतिअम्बा | 20.03.23 21.03.23 | | | | |
| 15 | पाकरटांड़ | कैरबेड़ा | कैरबेड़ा | 22.02.23 23.02.23 | डॉ० सिपिरियन मुड़िया | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, पाकरटांड़ | 8825101285 | |
| 16 | पाकरटांड़ | केशलपुर | केशलपुर | 24.02.23 25.02.23 | | | | |
| 17 | पाकरटांड़ | पाकरटांड़ | पाकरटांड़ बाजार | 26.02.23 27.02.23 | | | | |
| 18 | पाकरटांड़ | आसनबेड़ा | टकबा | 28.02.23 01.03.23 | | | | |
| 19 | पाकरटांड़ | कुशकेला | कुशकेला | 02.03.23 03.03.23 | | | | |
| 20 | पाकरटांड़ | सिकरियाटांड़ | सिकरियाटांड़ | 04.03.23 05.03.23 | | | | |
| 21 | सिमडेगा | तामड़ा | तामड़ा | 11.03.23 12.03.23 | डॉ० रितु टोप्पो | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, केरसई | 7541870696 | |
| 22 | सिमडेगा | बंगरू | भेड़ीकुदर | 13.03.23 14.03.23 | | | | |
| 23 | सिमडेगा | अरानी | अरानी | 15.03.23 16.03.23 | | | | |
| 24 | सिमडेगा | बीरू | बीरू | 17.03.23 18.03.23 | | | | |
| 25 | सिमडेगा | जोकबहार | मुंडिया | 06.03.23 07.03.23 | डॉ० सिपिरियन मुड़िया | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा | 8825101285 | |
| 26 | सिमडेगा | कोचेडेगा | बीरकेरा | 09.03.23 10.03.23 | | | | |
| 27 | सिमडेगा | बढ़ाबरपानी | धोसरा | 11.03.23 12.03.23 | | | | |
| 28 | सिमडेगा | गरजा | काटुकोना | 13.03.23 14.03.23 | | | | |
| 29 | सिमडेगा | सेवई | सनसेवई | 15.03.23 16.03.23 | | | | |
| 30 | सिमडेगा | पिथरा | पिथरा | 17.03.23 18.03.23 | | | | |
| 31 | सिमडेगा | टैसेरा | डुमरडीह | 19.03.23 20.03.23 | | | | |
| 32 | सिमडेगा | कुल्लुकेरा | किन्दरडेगा | 21.03.23 22.03.23 | | | | |
| 33 | कुरडेग | कुरडेग | सर्पगुण्डा | 22.02.23 23.02.23 | डॉ राखी टोप्पो | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कुरडेग | 9905749444 | |
| 34 | कुरडेग | खिण्डा | धवईपानी | 24.02.23 25.02.23 | | | | |
| 35 | कुरडेग | हेठमा | भण्डारटोली | 26.02.23 27.02.23 | | | | |
| 36 | कुरडेग | गड़ियाजोर | ससार | 28.02.23 01.03.23 | | | | |
| 37 | कुरडेग | बड़कीबिउरा | करमडीह | 02.03.23 03.03.23 | | | | |
| 38 | कुरडेग | डुमरडीह | दरीडीह | 04.03.23 05.03.23 | | | | |
| 39 | कुरडेग | कुटमाकचार | महुवाडीह | 06.03.23 07.03.23 | | | | |
| 40 | कुरडेग | चडरीगुण्डा | बनगाँव | 08.03.23 09.03.23 | | | | |
| 41 | केरसई | बालेन | बथन टोली | 22.02.23 23.02.23 | डॉ० रितु टोप्पो | प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, केरसई | 7541870696 | |
| 42 | केरसई | किनकेल | कराईगुड़ा डीपा टोली | 24.02.23 25.02.23 | | | | |
| 43 | केरसई | बाघडेगा | बाघडेगा नवाटोली | 27.02.23 28.02.23 | | | | |
| 44 | केरसई | कोनजोबा | कोरकोटजोर | 01.03.23 02.03.23 | | | | |
| 45 | केरसई | केरसई | रूसू | 03.03.23 04.03.23 | | | | |
| 46 | केरसई | पूर्वी टैसेर | गढ़ीकचार | 05.03.23 06.03.23 | | | | |
| 47 | केरसई | पश्चिमी टैसेर | नवाटोली | 09.03.23 10.03.23 | | | | |

शिविर के आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवर्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है, जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सके और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

**शिविर का समय – सुबह 08.00 बजे से 03.00 बजे तक**विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएं निम्नवत होगी :–

1पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2कुक्कुट, भेड़, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य करना है।
3भेड़, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
4उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्सचर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
5विभिन्न बिमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
6पशु रोगों की जाँच।
7बांझपन चिकित्सा एवं गर्भ जाँच।
8केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
9विभिन्न प्रकार के सैम्पल यथा – खुन, गोबर, मुत्र आदि जमा कर पशु स्वास्थ्य उत्पादन संस्थान कॉंके, राँची से विशेष जाँच करवाना।

पशुपालकों से अनुरोध है कि आयोजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित इलाज करावें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी सिमडेगा

PR290763 (Animal Husbandry)22-23*D


## दावेदारों को 6.43 एकड़ वन पट्टा निर्गत करने की अनुशंसा की

# गोड्डा के लोगों को मिला वनपट्टा

**बोआरीजोर प्रखंड के डुमरिया पंचायत के तुलसीपुर निवासी बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर व्यक्तिगत वनाधिकार दावों पर स्वीकृति देने के लिए किया था आग्रह**



बोआरीजोर प्रखंड के तुलसीपुर ग्राम निवासी बाबूलाल मरांडी द्वारा सौंपे गये ज्ञापन के आलोक में 16 अनुसूचित जनजाति के दावेदारों को 6.43 एकड़ वन पट्टा निर्गत करने की अनुशंसा कर दी गई है।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर गोड्डा के तुलसीपुर ग्राम निवासी बाबूलाल मरांडी को वन अधिकार पट्टा सौंपा गया है। दरअसल, वनाधिकार कानून 2006 के तहत वन पट्टा दिलाने की मांग के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गोड्डा प्रवास के दौरान 15 दिसंबर 2022 को बोआरीजोर प्रखंड के तुलसीपुर ग्राम निवासी बाबूलाल मरांडी द्वारा सौंपे गये ज्ञापन के आलोक में 16 अनुसूचित जनजाति के दावेदारों को 6.43 एकड़ वन पट्टा निर्गत करने की अनुशंसा कर दी गई है।

गोड्डा में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को वनाधिकार समिति के माध्यम से आवेदकों द्वारा बताया गया कि वे लोग प्रसंगाधीन वनभूमि पर साफ सफाई कर वर्षों से जोत आबाद करते आ रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया था।

उक्त ज्ञापन के आलोक में मुख्यमंत्री ने गोड्डा डीसी को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवेदकों को वनपट्टा निर्गत किये जाने का निर्देश दिया था। मामले में त्वरित कार्रवाई कर वनाधिकार कानून-2006 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत जिला अनुमंडल एवं ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति से संबद्ध पदाधिकारियों को अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### सभी दावेदारों को मिली स्वीकृति

अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा आहूत बैठक में उक्त दावों की जांच करते हुए सभी दावेदारों को वनपट्टा निर्गत करने के संबंध में अनुशंसा सहित सभी 16 अभिलेख जिला स्तरीय वनाधिकार समिति को विचारार्थ उपलब्ध कराया गया। इसके आलोक में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक उपायुक्त गोड्डा की अध्यक्षता में की गई। जिला स्तरीय वनाधिकार समितिए गोड्डा द्वारा तुलसीपुर ग्राम के खाता संख्या 36 के विभिन्न दाग संख्याओं में अनुसूचित जनजाति समुदाय के सदस्यों द्वारा कृषि कार्य के लिये उपयोग किये जा रहे वनभूमि पर उनके कब्जे को रेखांकित करने वाले ट्रेस नक्शे के आधार पर वनाधिकार कानून 2006 के तहत आवेदक संझला मुर्मू, ताला मुर्मू, मंझली टुडू, बड़ा रामजीत मरांडी, मरांगमय टुडू, भुजु टुडू, सोमाय किस्कु, एतवारी मुर्मू, पनमे मरांडी, तलवा मरांडी, तलका किस्कु, बागान हॉसदा, सुर्यनारायण मरांडी, संझला मरांडी, सुलेमान टुडू और लखीराम मरांडी के व्यक्तिगत वनाधिकार दावों पर स्वीकृति प्रदान की गई।

## सत्तारूढ़ गठबंधन को रामगढ़ उपचुनाव में जीत के लिए इमोशनल कार्ड पर है भरोसा

**सत्येन्द्र**



**रांची।** रामगढ़ उपचुनाव के राजनीति विसात पर पक्ष विपक्ष की ओर से मोहरे सज गये हैं। अपने-अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए दोनों तरफ से जनता के बीच पाशा फेंका जा रहा है। चुनावी जीत किस तरफ करवट लेगा यह तो मतगणना के बाद ही पता चल पाएगा। बावजूद चुनावी मैदान में उतरे सभी दलों के प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

इधर गठबंधन सरकार समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत के लिए सरकार में शामिल सभी दलों के स्टार प्रचारकों द्वारा जी तोड़ मेहनत किया जा रहा है। चुनावी जीत हासिल करने के लिए ममता देवी के बच्चे को लेकर चुनावी सभा में इमोशनल कार्ड भी खेला जा रहा है। गोला गोलीकांड में सजा मिलने के बाद विधानसभा की सदस्यता गंवाने वाली ममता देवी के प्रत्याशी पति बजरंग महतो के पक्ष में सत्ता पक्ष एड़ी चोटी का जोर लगा रहा है।

वहीं रविवार को गोला में हुई चुनावी सभा को संबोधित करने के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी ममता देवी के बेटे के गोद में लेकर इमोशनल कार्ड खेला और बजरंग महतो को जीताने की अपील की।

**न्याय और अन्याय के बीच है रामगढ़ उपचुनाव की लड़ाई : अविनाश पांडेय**

इस बीच सोमवार को चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने रांची एयरपोर्ट पर कहा कि आपराधिक घटनाओं में शामिल भाजपा नेताओं को सजा मिलती है तो उसकी अवधि कहीं 9 माह तो कहीं 12 माह की होती है। लिहाजा, हम जिस न्याय प्रणाली पर विश्वास रखते हैं, उस न्याय प्रणाली के प्रति भी थोड़ा दुख होता है कि सही मापदंड फॉलो नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि ममता देवी को सजा देने से कई दिन पहले ही जेल में डाल दिया गया था। उनके दुधमुंहे बच्चे का भी ख्याल नहीं रखा गया। इन बातों से जनता में आक्रोश है। रामगढ़ में न्याय और अन्याय के बीच फैसला होना है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि रामगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को जनता का पूरा प्यार मिलेगा।

अविनाश पांडेय ने कहा कि 24 फरवरी से रायपुर में महाधिवेशन होने जा रहा है। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझती है। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा में सभी का सहयोग मिला। अविनाश पांडेय ने कहा कि कांग्रेस मजबूती के साथ लोकतंत्र पर विश्वास रखते हुए काम कर रही है।

## खबर एक नजर में

### प्रेम प्रकाश पर आरोप गठन अब तीन मार्च को

**रांची।** 1000 करोड़ रुपये की मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी प्रेम प्रकाश पर आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई अब तीन मार्च को होगी। ईडी कोर्ट में सोमवार को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी लेकिन, बचाव पक्ष की ओर से समय की मांग की गई। अदालत ने तीन मार्च की अगली तारीख निर्धारित की है। मामले के अन्य दो आरोपी पंकज मिश्रा एवं बच्चू यादव के खिलाफ आरोप तय हो चुका है। प्रेम प्रकाश के खिलाफ आरोप तय होने के बाद ही मामले में ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जायेगा।

### मनी लॉउड्रिंग के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 4.33 करोड़ रुपये के मनी लाउंड्रिंग के आरोपी राकेश कुमार सिंघानिया को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। आरोपी की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। आरोपी ने 14 दिसंबर को याचिका दाखिल की थी। इससे आरोपी की मुश्किलें बढ़ गई है। आरोपी के खिलाफ समन जारी है। राकेश सिंघानिया मेसर्स तिरूपति बालाजी इंटरप्राइजेज व एपिकल एक्सिम प्राइवेट के निदेशक है। आरोपी पर आयरन ओर की तस्करी करने का आरोप है। इसके लिए उसने फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कराया था। इस मामले को ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का केस किया है।

### विधायक पर आरोप लगाने वाली पीड़िता को नोटिस

**रांची।** महिला के साथ यौन शोषण मामले में आरोपी पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिव्यू की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने सूचक (पीड़िता) को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। प्रदीप यादव ने मामले में स्पेशल जज, दुमका द्वारा 2 अप्रैल 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। पीड़िता ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/2019 दर्ज कराई थी। मामले में 28 सितंबर 2019 को प्रदीप यादव को झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिली है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता ललित यादव ने पैरवी की।

### झारखंड में मनरेगा से संवरता लोगों का जीवन



**रांची।** जिले के बेड़ो प्रखंड अंतर्गत नेहालु कपड़िया पंचायत जहां कृष्णा उरांव एवं रमेश उरांव को ने 4 साल पहले बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत 4 एकड़ में आम बागवानी लिया था। अब यह आम के पौधे बड़े हो गए हैं। इस साल लाभुकों ने आम बेचकर 55,000 रुपए कमाई की। उन्हें सिंचाई कूप और डोभा भी दिया गया। सिंचाई कूप मिलने से पूरे 4 एकड़ में आम के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की साग–सब्जियों की खेती कर अपना आर्थिक उन्नयन कर रहे हैं। साथ ही डोभा में मछली पालन कर आय का जरिया बढ़ा रहे हैं। लाभुक कृष्णा उरांव ने बताया कि इस साल उन्होंने 75,000 रूपये का टमाटर बेचा। वहीं मटर से 40,000 रुपए एवं अदरक से भी लगभग 40,000 रुपए का लाभ हुआ। इस तरह बंजर जमीन से किसान कृष्णा उराव एवं रमेश उरांव ने ना सिर्फ अपनी जमीन को खेती योग्य बनाया बल्कि आम के साथ कई सब्जियों की खेती कर अपनी आजीविका भी बढ़ायी।


## मुख्य अभियंता-सह-कार्यकारी निदेशक का कार्यालय प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड

### VERY SHORT EXPRESSION OF INTEREST

राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, (पानी टंकी परिसर, प्रथम तल) डोरंडा, राँची – 834002 द्वारा JJM कार्य के लिए, JJM अंतर्गत क्षेत्र निरीक्षण एवं VIP Movement (क्षेत्र निरीक्षण) हेतु मासिक एवं दैनिक दर पर दो अदद Innova Crysta वाहन डीजल/पेट्रौल सहित एवं रहित आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छा की अभिव्यक्ति की शर्तें एवं अन्य जानकारी www.jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

(उप निदेशक I)
झारखण्ड राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन

PR 290765 Drinking Water and Sanitation(22-23).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/SVS/CLUSTER/MED-20/2022-23 (2nd Call), जो PR No. 289479 (22-23)*D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 20.02.2023 / 05.00 P.M. | 22.02.2023 / 05.00 P.M. |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 21.02.2023 / 05.00 P.M. | 23.02.2023 / 05.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 22.02.2023 / 04.00 P.M. | 24.02.2023 / 04.00 P.M. |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 290739 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)



## जिला गोपनीय शाखा, गुमला।

### (गुमशुदा की तलाश)



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री **मुन्ना लोहरा पिता स्वर्गीय श्री धनु लोहरा, ग्राम मुंदार, पंचायत हेलता, थाना बिशुनपुर दिनांक** 20–08–2022 से लापता है। अंचल अधिकारी बिशुनपुर द्वारा दी गई सूचना के अनुसार श्री मुन्ना लोहरा दिनांक 20-8-2022 को मुंदार नदी में बह गए थे, तब से उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है और न ही उनका शव कहीं बरामद किया जा सका है।

अतः यदि किसी को भी श्री मुन्ना लोहरा, उम्र 28 वर्ष (जिनकी फोटो संलग्न है) की जानकारी मिले तो वे अंचलाधिकारी बिशुनपुर के मोबाइल नंबर 9717786143 या थाना प्रभारी बिशनपुर के मोबाइल नंबर 9905016061 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति उपायुक्त गुमला के कार्यालय को भी लिखित में सूचित कर सकते हैं।

कार्यपालक दण्डाधिकारी,
गुमला।

PR 290704 (Gumla) 22-23 (D)


## जलछाजन की 29 योजनाएं पूरी

**रांची।** राज्य में 1091 गांव की 1.50 लाख हेक्टेयर भूमि का उपचार कर जलछाजन का कार्य कर दिया गया है। गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, गढ़वा, पलामू, सरायकेला-खरसावां एवं पूर्वी सिंहभूम में कुल 29 परियोजनाएं ली गयीं थीं। राज्य संपोषित और नाबार्ड के लोन से बन रही ये प्रोजेक्ट दिसंबर 2022 में ही पूरी हो गयी है। वहीं, राज्य संपोषित झारखंड जलछाजन योजना से इस बार 28 प्रोजेक्ट की मंजूरी दी गयी है। कुल 1.50 लाख हेक्टेयर भूमि का उपचार का जलछाजन किया जायेगा।

## रामगढ़ उपचुनाव के रण में आजसू का उम्मीदवार, पर लिटमस टेस्ट भाजपा का

**उदय चौहान**

**रांची।** अब रामगढ़ के रण में भाजपा का लिटमस टेस्ट होने वाला है। यह अलग बात है कि भाजपा का अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान पर नहीं है। राजग के बैनर तले आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता चौधरी उपचुनाव में भाग्य आजमा रही है। दरअसल, रामगढ़ उपचुनाव के बाद ही वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होना है। यह उपचुनाव लोकसभा के पहले सभी राजनीतिक दलों के लिए लिटमस टेस्ट समझा जा रहा है। कहा जा रहा है कि सत्ताधारी महागठबंधन के लिए भी रामगढ़ उपचुनाव खास मायने रखता है। कारण स्पष्ट है कि कांग्रेस की निवर्त्तमान ममता देवी के प्रत्याशी पति बजरंग गुप्ता के लिए सीएम हेमंत सोरेन समेत तमाम दिग्गज पसीना बहा रहे हैं। अब तक चार उपचुनाव में महागठबंधन ने बाजी मारी है। राजग अब उपचुनाव में जीत के सुखाड़ समाप्त करने के इरादे से किस्मत आजमा रहा है।

सूत्रों की मानें तो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और तमाम नेता आजसू पार्टी की प्रत्याशी सुनीता चौधरी को जीताने का दावा कर रहे हैं। यह अलग बात है कि पिछले चुनाव में आजसू -भाजपा अलग- अलग चुनाव लड़े और दोनों को मुंह की खानी पड़ी थी। अब, भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता अपनी खोयी जमीन तलाशने के लिए आजसू को धराशायी करने का मंसूबा पाल रखे हैं। हालांकि, प्रदेश भाजपा के नेता स्थानीय कार्यकर्ताओं की इस सोच को संरक्षण नहीं देते दिख रहे हैं। लोगों का कहना है कि मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक पहुंच रही है, वैसे-वैसे विभिन्न दलों के उम्मीदवार की धड़कनें तेज हो रही है।

यहां पर मुकाबला राजग व महागठबंधन के बीच होने का दावा किया जा रहा है। स्पष्ट है कि इस उपचुनाव में वोटरों को रिझाने में जो सफल होगा, वहीं जीत का सेहरा पहनेगा।

राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि भाजपा के लिए यह उपचुनाव लिटमस टेस्ट जैसा है। ऐसा इसलिए कि यदि रामगढ़ के रण में आजसू पार्टी की जीत होती है तो भाजपा को भविष्य में भी यहां के जनाधार से हाथ धोना पड़ सकता है। यदि राजग के साथ दोनों दलों के नेता जुड़े रहेंगे तो फिर भविष्य में भी आजसू का ही मोनोपोली होगी। महागठबंधन के नेताओं का दावा यह भी है कि भाजपा ने एक संसदीय सीट के बदले रामगढ़ सीट पर आजसू को मौका दे रही है। भाजपा उपचुनाव से बाद ही लोकसभा चुनाव में सीटों का बंटवारा कर लेना चाहती है।

### पुरानी यारी है आजसू-भाजपा का

झारखंड की राजनीति में बीजेपी और आजसू की पुरानी यारी रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और आजसू एक दूसरे के खिलाफ जरूर खड़ी थी। बावजूद इसके राज्य गठन के बाद से अब तक दोनों दलों ने मिलकर ही चुनाव लड़ा है। 2019 के ही विधानसभा में ये दोस्ती टूट गई थी। अब फिर से एक बार भाजपा और आजसू एक दूसरे की कमी महसूस कर रहे हैं। भाजपा सांसद आदित्य साहू के अनुसार, जब–जब राजग के दोनों धड़ साथ रही है। तब–तब राज्य को बेहतर नेतृत्व और जनता को विकासशील सरकार मिली है।

स्पीड न्यूज

## परसूडीह में युवक को गोली मारी



मो. शहजाद।

जमशेदपुर। परसुडीह थाना अंतर्गत कीताडीह गाड़ीवान पट्टी में सोमवार की शाम अपराधियों ने मोहम्मद शहजाद नामक युवक को गोली मार दी। गोली युवक के कनपटी में लगी है और उसे गंभीर अवस्था में टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि रविवार की शाम सलीम बादशाह राजू सहित छह भाइयों के साथ शहजाद का विवाद हुआ था जिसमें उसके भाई छोटे को उनलोगों ने बुरी तरह पीट दिया था। शहजादा पर गोली चला दी गई है जिसमें बुरी तरह से घायल है। परसूडीह पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चल रही थी।

## रांची से टाटा आ रहे एनटीपीसी के मैनेजर सड़क दुर्घटना में घायल



चांडिल। सोमवार की सुबह एनएच 33 झाबरी के पास सड़क दुर्घटना में रांची से जमशेदपुर जाने के क्रम में एनटीपीसी के मैनेजर 34 वर्षीय शास्वत मिश्रा घायल हो गए। शास्वत मिश्रा ने बताया वे रांची से जमशेदपुर के एक्सएलआरआई ट्रेनिंग के लिए जा रहे थे। कार के चालक जमशेदपुर के मानगो निवासी 49 वर्षीय अवधेश सिंह भी घायल हो गए। दोनों घायल को चौका पुलिस पीसीआर वैन से चांडिल अनुमंडल अस्पताल लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल शास्वत मिश्रा को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया।

## आदित्यपुर-कांड्रा सर्विसे लेन में काम करते मजदूर घायल



गम्हरिया। गम्हरिया थाना अंतर्गत ऊषा मोड़ में सोमवार दोपहर आदित्यपुर–कांड्रा मुख्यमार्ग के सर्विस रोड पर चल रहे पाइपलाइन काम के दौरान राजा लोधी नामक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ऊषा मोड़ में सर्विस रोड पर पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। काम के दौरान अचानक पाइप का क्लीप टूटकर मजदूर की आंख में जाकर लग गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## गायिका वाणी जयराम के निधन पर शोकसभा

जमशेदपुर। कदमा में प्रसिद्ध शास्त्रीय एवं पार्श्व गायिका वाणी जयराम के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन साधना संगीत कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर श्रीमती जयराम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर साधना चक्रवर्ती, साधना संगीत कार्यालय के महेश रजक, शिल्पा नामता, कुमारी मुमकी भूमिज, गणेशी भूमिज, सुशील भूमिज, ज्योति दास,गंगा गोराई आदि उपस्थित थीं।

## कांड्रा पावड़ी आश्रम पत्नी संग पहुंचे सांसद ने की पूजा अर्चना



गम्हरिया। महाशिवरात्रि के मौके पर रविवार को जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो पत्नी संग कांड्रा स्थित पावड़ी आश्रम पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के लिए सुख–समृद्धि की कामना किया। इस दौरान पावड़ी आश्रम के पुजारी भैरवनाथ ने सांसद और उनके परिवार को विधि–विधान से पूजा–अर्चना कराया।

# श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ पर भव्य शोभा यात्रा आज

- सूर्य मंदिर समिति की सभी तैयारियां हुई पूरी22 से श्रीराम कथा का होगा शुभारंभ
- 22 से 28 तक दोपहर 3 बजे से सूर्यधाम में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन,
- मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी करेंगी कथा वाचन



शोभा यात्रा की पूर्व संध्या पर विद्युत सज्जा से जगमगाता सूर्यधाम परिसर।

**संगीतमय श्रीराम कथा का विवरण -**

>> 21 फरवरी (मंगलवार) को शोभायात्रा, दोपहर 3 बजे, बिरसानगर जोन नंबर 3, कुंआ मैदान से सिद्धोड़ा सूर्यधाम परिसर।

**संगीतमय श्री रामकथा का शुभारंभ-**

22 फरवरी- श्री राम कथा महिमा
23 फरवरी- शिव विवाह
24 फरवरी- श्री राम जन्मोत्सव
25 फरवरी- बाल लीला
26 फरवरी- श्री सीताराम विवाहोत्सव
27 फरवरी- केवट प्रसंग एवं भरत चरित्र
28 फरवरी- वन लीला एवं श्री राम राज्याभिषेक
28 फरवरी- भण्डारा (महाप्रसाद), संध्या 7:00 बजे से

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। श्रीआयोध्याम में तेजी से बन रहे भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर की तर्ज पर जमशेदपुर के सिद्गोड़ा में बने श्रीराम मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर सूर्य मंदिर समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं संगीतमय श्रीराम कथा के निमित्त सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मंदिर समिति की ओर से 21 से 28 फरवरी तक आठ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से वर्षगांठ समारोह को भव्य बनाने की व्यापक तैयारी की गई है। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 21 फरवरी (मंगलवार) को शोभा यात्रा सह नगर भ्रमण के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। 22 से 28 फरवरी तक सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन होगा। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्री अयोध्याधम से पधार रहे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी कथा वाचन करेंगे। शोभायात्रा बिरसानगर क्षेत्र के जोन नंबर 1, कुंआ मैदान से प्रारंभ होकर, बारीडीह बाजार, बारीडीह मुख्य गोलचक्कर के रास्ते 28 नंबर रोड होते हुए सूर्य मंदिर परिसर पहुंचेगी। शोभा यात्रा में फूलों से सुसज्जित रथ पर श्री रामायण, मनोरम झांकी, श्रीराम दरबार, तिलक लगाए सनातन संस्ति के परंपरागत परिधान में शामिल पुरोहितों के समूह, रामगढ़ की बैंड-बाजा टीम, डीजे संगीत, पुष्पवर्षा एवं शानदार आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शोभायात्रा में हजारों माताओं-बहनों, युवा साथीगण शामिल होंगे तो वहीं। उन्होंने बताया कि सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह के विशेष मार्गदर्शन में समिति के सदस्यगण महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में जुटे हैं। शोभायात्रा एवं सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा को लेकर राम मंदिर की पुष्पसज्जा के साथ मंदिर परिसर, पार्क एवं आसपास के क्षेत्र समेत सड़कों पर रंग-बिरंगी लाइटों की आकर्षक विधुत सज्जा की गई है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को संध्या 7:30 बजे से महाप्रसाद के साथ श्रीराम कथा को विधिवत विराम दिया जाएगा। श्रीराम कथा के लिए बना पक्का पंडालः तृतीय वर्षगांठ आयोजन समिति के संयोजक गुंजन यादव ने बताया कि श्रीराम कथा के लिए मंदिर परिसर में पक्के पंडाल का निर्माण किया गया है। 28 फरवरी को श्रीराम कथा के विराम के पश्चात बिरसा मुंडा टाउन हल मैदान में महाप्रसाद का आयोजन होगा।

**पूर्व सीएम रघुवर दास ने कथा स्थल का किया निरीक्षणः** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सूर्य मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने सूर्य मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्यों के संग बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं, उन्होंने मंदिर परिसर में बन रहे कथा स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के सदस्यों से तैयारी के संबंध में जानकारी ली। पूर्व सीएम रघुवर दास ने जमशेदपुरवासियों से शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और धर्म लाभ अर्जित कर पुण्य के भागी बनने की अपील की है।

# चांडिल डैम से हर दिन मिलेगा मोहरदा को पानी : सरयू राय

>> जलापूर्ति की गुणवत्ता सुधार समेत अन्य मुद्दों पर विधायक ने की महत्वपूर्ण बैठक
>> जलापूर्ति योजना के लिए सेटलिंग पांड का निर्माण जल्द कराने पर बनी सहमति



बैठक करते विधायक सरयू राय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने सोमवार को जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय में अपने क्षेत्र के विभिन्न बस्तियों में जुस्को से जलापूर्ति उपलब्ध कराने को लेकर जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी एवं जुस्को के पदाधिकारियों की साथ बैठक की। बैठक में विधायक सरयू राय ने जोजोबेड़ा, बाबुडीह, इंदर सिंह बस्ती, मंडल बस्ती, नीलकंठ अपार्टमेंट आदि क्षेत्र में जुस्को से शीघ्र जलापूर्ति उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने इस दिशा में किए जा रहे कार्य और इसकी प्रगति के बारे में जानकारी ली। विधायक राय ने बैठक में कहा कि भुवनेश्वरी मंदिर क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में जलापूर्ति नहीं मिल रहा है इसके लिए शीघ्र आवश्यक उपाय करने की बात कही। मोहरदा जलापूर्ति योजना के पेयजल की गुणवत्ता में सुधार करने को लेकर श्री राय ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। राय ने कहा कि उन्होंने रविवार को सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार को पत्र लिखकर मॉनसून आने तक निरंतर चांडिल डैम से पानी छोड़ने की बात कही है, ताकि मोहरदा जलापूर्ति से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सके। राय ने मोहरदा जलापूर्ति के लिए सेटलिंग पौंड का निर्माण शीघ्र करवाने की बात कही। इसके साथ ही बैठक में जेएनएसी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रूप से रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के तहत मानगो बस स्टैंड से भुईयांडीह, शवदाह गृह तक विभिन्न घाटों का विकास और सौंदर्यीकरण कार्य, ड्रेन वेस्ड डेवलपमेंट पलिसी के तहत विभिन्न कार्य, सिद्गोड़ा टाऊन हल के बगल में एक इंडोर स्टेडियम का निर्माण, टाऊन हल, यात्री निवास तथा सोन मंडप का संचालन सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई।

बैठक में जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी, संजय कुमार, जुस्को वाटर मैनेजमेंट के संजीव झा, मोहरदा जलापूर्ति परियोजना के प्रमुख एस राजवर्धन, विवेक दुबे, विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि हरेराम सिंह के साथ ही जमशेदपुर अक्षेस के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## संस्थापक दिवस पर जमशेदपुर में आकर्षक विद्युत सज्जा होने लगी



टाटा समूह अपने संस्थापक जेएन टाटा की जयंती पर 3 मार्च को जमशेदपुर में भव्य आयोजन करेगा। इस अवसर पर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं सड़कों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। प्रस्तुत दृश्य आज देर शाम सर्किट हाउस सोनारी एयरपोर्ट मेन रोड का है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टंगराईन में योग जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। पतंजलि युवा भारत के तत्वावधान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराइन पोटका में एक दिवसीय योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की शुरूआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार तिवारी के स्वागत भाषण से हुआ। शिविर में कक्षा 6, 7 और 8 के 75 बच्चों ने हिस्सा लिया। शिविर में बच्चों को योग की बारीकियों को समझाया गया और प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर का संचालन पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने किया।



उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक तौर पर मनाने की तैयारी की जा रही है, इसके लिए पहले से ही आयुष विभाग और पतंजलि योग परिवार द्वारा जिले में 1275 योग एंबेस्डर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है।

## जीवन की आस छोड़ चुके टुना सबर के चेहरे पर फैली मुस्कान

>> उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम की देखरेख में चिकित्सकों की टीम ने टुना सबर को लौटाया उसका पुराना स्वरूप



सदर अस्पताल में स्वस्थ होते टुना सबर के चेहरे पर छाई मुस्कान।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मंत्री चंपाई सोरेन का प्रयास रंग लाया। आदिम जनजाति समुदाय के टुना सबर को आखिरकार नया जीवन मिल गया। चर्म रोग से अब उसे लगभग मुक्ति मिल चुकी है। उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम की देखरेख में चिकित्सकों की टीम ने टुना सबर को उसका पुराना स्वरूप लौटा दिया। जीवन की आस छोड़ चुके टुना के चेहरे पर अब उम्मीद की मुस्कान है।

**कौन है टुना सबर :** पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड के केन्दुआ प्रखंड स्थित दंपाबेडा गांव में निवास करने वाले एक बेहद गरीब व्यक्ति टुना सबर गंभीर चर्म रोग से पीड़ित था। टुना की बीमारी की जानकारी सीएम को प्राप्त हुई। सीएम ने उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव को टुना के बेहतर इलाज का निर्देश दिया था। सीएम के निर्देश और मामले की जानकारी मिलते ही उपायुक्त ने एम्बुलेंस भेज टुना सबर को जमशेदपुर स्थित सदर अस्पताल में सात फरवरी को भर्ती कराया। इसके बाद टुना का इलाज शुरू हुआ। आज करीब 15 दिनों के इलाज के उपरांत टुना सबर गंभीर चर्म रोग से मुक्ति पाने में चंद कदम दूर है।

**शिविर का हुआ आयोजन**

डुमरिया प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत के दंपाबेड़ा में निवास करने वाले सबर परिवारों को उपायुक्त के निर्देश पर गांव में विशेष शिविर लगाकर सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया।

सभी को डाकिया योजना के तहत हर माह खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

## टाटा मोटर्स से 25000 यूनिट ईवी कारें खरीदेगी ओला

खबर मन्त्र ब्यूरो

मुंबई। टाटा मोटर्स, भारत की अग्रणी अटोमोबाइल निर्माता और भारत के ईवी विकास में अग्रणी, ने आज अपनी प्रीमियम श्रेणी की सेवा में 25,000 एक्सप्रेस टी इवी लाने के लिए, भारत के अग्रणी राइडशेयरिंग ऐप,उबर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। स्वच्छ और हरित वातावरण के अपने लक्ष्य के अनुरूप, टाटा मोटर्स दिल्ली एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद में अपनी सेवाओं का विद्युतीकरण करने में उबर की सहायता करेगी। कंपनी इस महीने से चरणबद्ध तरीके से उबर फ्लीट पार्टनर्स को कारों की डिलीवरी शुरू करेगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए शैलेश चंद्रा, एमडी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने कहा, देश में टिकाऊगतिशीलता को विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, हम भारत के अग्रणी राइडशेयरिंग प्लेटफर्म उबर के साथ साझेदारी करके खुश हैं। उबर की प्रीमियम श्रेणी सेवा के माध्यम से ग्राहकों को हमारे पर्यावरण के अनुकूल ईवी राइड अनुभव प्रदान करने से हरित और स्वच्छ व्यक्तिगत राइड शेयरिंग को अपनाने में तेजी आएगी।



एमओयू के दौरान टाटा मोटर्स के शैलेश चंद्रा और ओला के प्रभजीत सिंह।

## रामकृष्ण फोर्जिंग में रक्तदान



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते एसपी सेनापति।

गम्हरिया। औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित कंपनी रामष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, प्लांट एक की ओर से सीएसआर कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कंपनी के सीपीओ एसपी सेनापति ने विधिवत फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा है रक्तदान एक पूण्य काम है। एक व्यक्ति के द्वारा दान किया गया दूसरे व्यक्ति को जीवन प्रदान करता है। वर्तमान में ब्लड बैंकों में उत्पन्न रक्त की कमी को हम ऐसे शिविरों के माध्यम से ही पूरा कर सकते हैं। अतः सभी प्रतिष्ठानों और संस्थाओं को इस प्रकार का शिविर आयोजित करना चाहिए। उन्होंने सभी वर्ग के लोगों से ऐसे शिविरों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील किया।

## जेसीएपीसीपीएल ने मानव विकास हाई स्कूल के भवन का किया कायाकल्प

- टेल्को श्रीराम मंदिर से निकली शिवजी की भव्य बारात
- श्री शिवशक्ति परिवार,जमशेदपुर का महाशिवरात्रि महोत्सव हरसोल्लास से संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सोमवार को श्रीराममंदिर टेल्को परिसर में श्री शिव शक्ति परिवार की ओर से तिसरे व अंतिम दिन विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20000 लोगों ने बाबा के महाप्रसाद को ग्रहण किया। दोपहर 2:00 बजे से अदभुत शिव बारात निकाला गया जिसमे पूरे टेल्को क्षेत्र में भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान इस बारात में बाहर से आए भक्त व कैलाशी हर्षित व प्रफुल्लित थे। बारात के दौरान14 फिट का शिव लिंग, 41फिट का कांवड़ जिसे महिला व पुरष लेकर पूरे रास्ते चल रहे थे, बाबा की पालकी लेकर महिला भक्त चल रही थी। शिव-पार्वती, राधा -कृष्ण व बाबा औघड़ की अदभुत झांकी, बैटरी चलीत विद्युत से सज्जित त्रिशूल लेकर चल रहे शिव भक्त, रथ पर सवार शिव पार्वती की झांकी, घोड़ा, झंडा, बैंड बाजा, ताशा बाजा आकर्षण का केंद्र था। इस बारात के साथ हजारों श्रद्धालु व भक्त साथ चल रहे थे। बारात श्रीराममंदि से होते हुए घड़ी पार्क, बरुआ कैंटीन के पास कैलाशियो का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। उसके बाद बारात न्यूमार्केट,आजाद मार्केट होते हुए मेन रोड लेवर ब्यूरो गोलचक्कर, रिंगरोड, खडंगाझार, प्लाजा मोड़ होते हुए वापस राममंदिर आकर सम्पन हुई। राममंदिर में विधिपूर्वक पूजन व विवाह सम्पन्न हुआ।





शिवजी की बारात का भव्य दृश्य।

## शिव बारात में शामिल हो काले ने आशीर्वाद

टेल्को में श्री शिव शक्ति परिवार, जमशेदपुर की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन शिव बारात में हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक सह झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। समिति की ओर से बहुत ही गरिमामय व आस्था से सराबोर भक्तिमय शिव बारात का आयोजन किया जिसमें देश भर से लगभग 180 कैलाशीगण के अलावा हजारों शिव भक्त भी शामिल थे। इस मौके पर श्री काले ने बताया कि भगवान शिव को हम तंत्र और वेद, दोनों में ही पाते हैं। शिव ही इस ब्रह्माण्ड का सार व अंतिम सत्य है। शिव ही इस संसार की ऊर्जा है। महादेव की पा से सुख–संपत्ति और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। इस महाशिवरात्रि महोत्सव में आयोजित धार्मिक और सांसतिक कार्यक्रम हेतु श्री शिव शक्ति परिवार को बधाई व साधुवाद।



शिव बारात में शामिल समाजसेवी काले।

## खबर एक नजर में

### जोगमाया काली मंदिर का 51 वा स्थापना दिवस



जमशेदपुर। कदमा भाटिया बस्ती कालीबाड़ी पथ स्थित जोगमाया काली मंदिर कि 51 वा स्थापना दिवस सोमवार सम्पन्न हुआ। स्थापना दिवस इस वर्ष शनिवार शिव पूजा के साथ शुरू हुआ व रविवार अमावस्या में माँ काली व सोमवार को महाप्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। मंदिर के प्रधान पुरोहित कामाख्या व तारापिठ तंत्रसाधना सिद्ध ज्योतिष आचार्य प्रजेश भट्टाचार्जी (बुड़ो दा) ने बताया की 1972 में फेलु भट्टाचार्जी (फेलु ठाकुर) कदमा सती घाट से तंत्र साधना शुरुआत की वहीं से देवी काली की स्पन आदेश पर मोनी अमावस्या में देवी मंदिर स्थापना किया गया। उन्होंने बताया कि फाल्गुन माह के ष्ण पक्ष की अमावस्या को फाल्गुन अमावस्या कहा जाता है.पूजा की शुरुआत प्रात काल में नदी से कलश में पानी भर कर कलश स्थापना किया गया। जरूरतमंद लोगो के बीच कपड़ो का वितरण किया गया। तत्पश्यात रात्रि में कामाख्या, तारापीठ रजरप्पा सिद्ध तंत्र साधक निठा बाबा ने चंडी पाठ, मां काली को 108 दीप, फूल, 108 बेल पत्ते से यज्ञ किये। इस अवसर पर घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन, ड ए वी भट्टामिश्रा, ड सुभेंदु महतो, दिनेश रंजन, मैनाक भट्टाचार्जी, कोयल भट्टाचार्जी आदि ने सहयोग किये।

### इंटक के अधिवेशन में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए बेरमो विधायक अनूप सिंह



जमशेदपुर। इंटक का राष्ट्रीय अधिवेशन 22 व 23 फरवरी को राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली है, अधिवेशन में शामिल होने के लिए झारखंड एवं शहर के वरिष्ठ इंटक नेता दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। सोमवार सुबह रांची से हवाई मार्ग से बेरमो विधायक सह राष्ट्रीय कोयलरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, प्रदेश इंटक सचिव शैलेश पांडेय , रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, इंटक नेता अवधेश सिंह, केबुल यूनियन के महामंत्री उदयकांत शर्मा, टीजीएस यूनियन के कमिटी मेंबर कौशल कुमार, वीना मेटल यूनियन के उपाध्यक्ष दुर्गा राम बैठा, कोषाध्यक्ष त्रिवेन सोय एकसाथ दिल्ली रवाना हुए । इंटक के राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ड जी संजीवा रेड्डी सहित अन्य नेता अधिवेशन को संबोधित करेंगे। अधिवेशन के अंतिम दिन 23 फरवरी को इंटक का चुनाव भी कराया जायेगा।

### ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों को एलआइसी ने पुरस्कृत किया



जमशेदपुर। एलआईसी पूरे भारत वर्ष में सभी जिलों में उत्कृष्ट विधार्थियो को सम्मानित करने का कार्य करती है उसके लिए जिले के स्कूल में चयन करती हैं उसी कार्यक्रम के तहत आज संकोसाई क्षेत्र में ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में स्टुडेंट ऑफ द ईयर के लिए चयानित छात्र ६ छात्रा को वरिष्ठ बीमा सलाहकार धर्मेंद्र कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया । उन्होंने अपने उद्बोधन में स्कूल के विधार्थियो को सफल होने एवम विद्यालय में अव्वल होने के भी टिप्स दिए ,और उनको एलआईसी के बारे मे भी बताया की किस तरह से एलआईसी आपके परिवार को सुरक्षा प्रदान करती हैं और सामाजिक क्षेत्र को भी सुरक्षित करती हैं जिससे समाज , राज्य और देश की भलाई होती है। आगे पढ़े और अपने स्कूल , पूरे मानगो क्षेत्र और जिला का नाम भी रोशन करे इसी सुभकमनायो के साथ अपना उद्बोधन समाप्त किया । अंत में स्कूल के संचालिका नेहा कुमारी ने सभी एलआईसी से आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया और धन्यवाद ज्ञापन किया आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधन से डी के रंजन , नेहा कुमारी, मुकुंद राय, सोमा देवी , कुसुम टीचर, वरिष्ठ बीमा सलाहकार धर्मेंद्र कुमार, एलआईसी अभिकर्ता सीमा देवी , रितु शर्मा एवम स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्छिकाए उपस्थित थे।

### ब्रम्हर्षि मंच ने मनायी स्वामी सहजानंद की जयंती



जमशेदपुर। गत 19 फरवरी को ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर के केन्द्रीय अध्यक्ष माननीय राम प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव योगेन्द्र मौआर ने किया। कार्यक्रम में स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती समारोह मनाई गई। कार्यक्रम में माननीय अध्यक्ष राम प्रकाश पाण्डेय, जिला कमिटी के संरक्षक सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व महासचिव सुधीर कुमार सिंह, राजेन्द्र कुंवर( केन्द्रीय उपाध्यक्ष), कमलकांत जी (केन्द्रीय सचिव) ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। संगठन के कार्यक्रम को आगे बढाने का निर्णय सर्व सम्मति से हुआ। आने वाले सभी कार्यक्रम केन्द्रीय कमिटी की देखरेख में होगा। इस अवसर पर श्रीनिवास ठाकुर (केन्द्रीय सचिव), कामेश्रर तिवारी (एग्रीको अध्यक्ष) गोपाल सिंह,रबिन्द्र कुमार, बीरेन्द्र कुमार सिंह,अध्यक्ष बागबेडा, विनोद कुमार सोनारी, चन्दन कुमार सिंह केन्द्रीय सह कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार ठाकुर, शैलेन्द्र ठाकुर, रबिन्द्र पाण्डेय, ष्णकांत पाण्डेय जी, धमेनद्र जी, दिनेश कुमार चौधरी, पंकज चौधरी,सुनील कुमार पाण्डेय, शंभू शर्मा जी, हरि शंकर पाण्डेय जी उपस्थित हुए ।

## स्पीड न्यूज

### नि:शुल्क सामूहिक विवाह 24 को



मेदिनीनगर/विश्रामपुर। परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम निशुल्क सामूहिक विवाह 24 फरवरी को शुक्रवार को वनांचल डेंटल कॉलेज तथा अस्पताल, फरठिया, गढ़वा, झारखण्ड परिसर में आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी सामूहिक विवाह समिति गढ़वा के उपाध्यक्ष रंजीत सिंह ने दी।

### श्री श्री 1008 शिव परिवार यज्ञ का समापन



हुसैनाबाद पलामू। शहर के सिद्धनाथ नगर स्थित नव निर्मित शिव मंदिर मे शिव प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार यज्ञ का समापन हुआ। मौके पर यज्ञ कमिटी के संरक्षक सह भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने यज्ञ में आए हुए श्रद्धालुओं को स्वागत किया एवं समापन सत्र सह भंडारा में पहुंची सैकड़ों कुंवारी कन्याओं का पूजन किया एवं यज्ञ में आये हुए साधु संतों आचार्यों को खुद भोजन कराया। वहीं पांच दिवसीय यज्ञ समापन के दिन भंडारा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। कमिटी के सदस्यों ने आये हुए हजारों हजार श्रद्धालुओं का स्वागत कर भोजन कराया। मौके श्री सिंह ने इस यज्ञ को सफल बनाने में अपने यज्ञ समिति सहित सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया। मौके पर समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह,सचिव विश्वनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, भूमि दाता दुधेश्वर सिंह,संतन सिंह,जितेंद्र सिंह,रामप्रवेश सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, रंजीव सिंह उर्फ छोटू,सोनू सिंह, पंकज सिंह, प्रभात कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, मुन्ना सिंह,लालनी सिंह प्रमोद मेहता,भोला यादव,मंटू सिंह, पंकज सिंह,उपेंद्र मेहता समेत कई लोग शामिल थे।

### समाजसेवी रामरूप की मौत, शोक



मोहम्मदगंज पलामू। क्षेत्र के वीरधवर निवासी समाजसेवी रामरूप मेहता 70 वर्ष की मौत पिछले दिन हृदय गति रुकने से हो गई। स्व मेहता धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लिया करते थे। गांव के अन्य सामाजिक कार्यों ने शोक व्यक्त किया। इनके मौत पर गांव में शोक की लहर है। इनकी अंत्येष्टि में डा आरसी मेहता समेत दीपक, रविंद्र, अरविंद, शंभू, सीताराम, राधा, बनारसी मेहता समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र जितेंद्र मेहता ने दी।

### कार एवं बाइक की टक्कर में 3 घायल

पाटन। कार एवं बाइक की आमने सामने टक्कर में फुलेनदर कुमार सिंह पिता शम्भु सिंह सुरज कुमार सिंह पिता संदीप सिंह एवं अनुप कुमार ठाकुर तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए तीनो बयकति पाटन हाईस्कूल से परीक्षा देकर अपने गांव नवाडीह उताकी जा रहे थे उसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही जे एच 01डीए 4524 गाड़ी नम्बर कार धक्का मार दिया जिससे तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए असथानिय लोगों के द्वारा सभी लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति फुलेनदर कुमार को गम्भीर इसथिति को देखते हुए सदर अस्पताल डाल्टनगंज भेज दिया है।

### आपसी सौहार्द व शांति बनाये रखे पांकीवासी



पांकी पलामू। आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने महाशिवरात्रि के अवसर पर पांकी के ग्राम जीरो, ग्राम खपर मंडा,शिलदिलिया सहित कई मेले शामिल हुए। मौके पर जायसवाल ने कहा कि कुछ लोग सामाजिक समरसता बिगाड़ने में लगे हैं। ऐसे लोगों से पांकी की जनता को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पांकी वासी सौहार्द व शांति बनाये रखें। इस अवसर पर अरुण वर्मा के डी सिंह, मुखिया सूरत उराओं, बीरेंद्र यादव, ईश्वर यादव, अर्जुन तुरी, जितेंद्र भुइया, अखिलेश यादव,आरिफ अंसारी समेत कई लोग शामिल थे।

### विकास दूबे सड़क दुर्घटना में घायल

राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पलामू जिलाध्यक्ष विकास दूबे सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। दूबे डालटनगंज से अपने पैतृक गांव पूर्वडीहा मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। लौटने के क्रम में एक जानवर को बचाने के क्रम में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दूबे हेलमेट पहन कर मोटरसाइकिल चला रहे थे इसलिए इस दुर्घटना में बाल बाल बच गए। एमएमसीएच में प्राथमिक चिकित्सा के बाद दूबे को घर भेज दिया गया। एमएमसीएच पहुंचने वालों में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज,प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष चंदन तिवारी, प्रदीप दूबे, राधाकृष्ण दूबे,सुधाकर दूबे,विकास तिवारी मनु दूबे व अंगद दूबे सहित युवा वाहिनी के कई सदस्य शामिल थे।

### स्वास्थ्य शिविर में कई लोगों का हुआ जांच



पाटन पलामू। पाटन प्रखण्ड के सगुना पंचायत सचिवालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन सगुना मुखिया मंजू देवी और समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह ने किया। स्वास्थ्य शिविर में काफी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। मौके पर मुखिया ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में किसी भी बीमारी से ग्रसित लोग आकर जांच कराकर दवा ले सकते हैं। मुखिया और समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह ने बाहर से आए हुए चिकित्सको को बुके देकर स्वागत किया। समाजसेवी सिंह ने कहा कि अगर पंचायत के ग्रामीण स्वस्थ्य रहेंगे तो देश मजबूत होगा। शिविर में मंटू प्रसाद साव,चंचल कुमार भुइयां, समाजसेवी रंजीत कुमार सिंह, डॉ मंसूर आलम ,राकेश कुमार पाण्डेय( छोटू भाई),मजलूम अंसारी,यमुना सिंह , सामाजिक कार्यकर्ता राजा बाबू सहित दर्जनों कार्यकर्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### यज्ञ समापन के संध्या पर भक्ति जागरण का आयोजन

**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर के सिद्धनाथ नगर जपला में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समापन सन्ध्या के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन यज्ञ कमीटि के संरक्षक व भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने किया उदघाटन के बाद दीप प्रज्वलित और कलाकारो को माला और अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया मौके पर सिंह ने लोगों से कहा की भक्ति भाव से लोगों के शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम की प्रस्तुति मुंबई से आये सुमन सिंह और निशा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में शहर की भारी सांख्य में महिलाओं व पुरुषों ने भक्ति जागरण का आनंद लिया। इस मौके अध्यक्ष सलेंद्र सिंह, उदय सिंह, प्रकाश कश्यप, विश्वनाथ सिंह, सोनू सिंह, छोटू सिंह, मिंटू सिंह, हरि सिंह, और अमित कश्यप आदि लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने विद्यालय में किया बच्चों संग भोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत पथरा के मुखिया नरेश पासवान ने अपने पंचायत अंतर्गत ग्राम पथरा टोला कंचन बांधपर मे उत्कृमित प्रथमिक विद्यालय मे मिड डे मिल व्यवस्था को अचौक निरीक्षण किया उन्होंने विद्यालय में बच्चों को मिलने वाली मेनू तालिका को भी चेक किया एवं बच्चों से पठन पाठन व सरकारी सुविधाओं पर भी चर्चा किया। उतना ही नही मुखिया ने छात्र छात्राओ के साथ बैठ कर भोजन किया साथ ही प्रधानाध्यापक ,बली राम को सही से विद्यालय संचालित करने के लिए धन्यवाद दिया और गुणवत्ता लेन में मदद की भरोसा दिया ताकि गरीब मजदूर के बच्चों को सही से शिक्षा दीक्षा मिल सके मौके पर शिक्षक अनिल कुमार पासवान,प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र मेहता,चिंता देवी व अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की निखरती है प्रतिभा : डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर ग्राम पिंडरा और चमरूआ पहाड़ पर लगने वाले मेले के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन फीता काटकर किया।

मौके पर विधायक ने दोनों जगह सहयोग राशि भी दिया। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, संजय वर्मा समेत भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आपसी मेल जोल और भाईचारा बढ़ता है। साथ ही कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। पूर्व से आ रहे संस्कृति को बचाने की जरूरत है। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से समाज के संस्कृति व एकता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से लोगों की भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के पूजा अर्चना से मनोकामना पूर्ण होता है। कार्यक्रम में भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूणार्डीह में कलश यात्रा के साथ नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**लेस्लीगंज।** नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के पूणार्डीह गांव में श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के 39 अधिवेशन का आयोजन किया गया है। जिसके तहत सोमवार को शिव मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का उद्घाटन पांकी विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कलश लेकर की। इसके पूर्व मंदिर में पूजा अर्चन किया गया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल ने कलश लिया। सभी कलश धारी गांव के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुवे शमलय नदी पहुंचे। इस दौरान जय श्री राम, के उद्घोष से क्षेत्र गुंजयमान रहा। तथा आस पास लोगों में श्रद्धा भक्ति देखी गई। जहां पंडित प्रवीण मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मलय नदी से कलश में जलभरी की गई। इसके उपरांत यज्ञ मंडप में कलश स्थापना की गई। मौके पर नीलांबर पितांबरपुर पश्चिमी जिप सदस्य आशा देवी, पूर्व जिप सदस्य निर्मला कुमारी पंचायत के मुखिया गुड्डी देवी यज्ञ कमिटी अध्यक्ष अमित सिंह, उपाध्यक्ष मिथिलेश राम सचिव व्यास अंकुर मिथिलेश सिंह दिलीप सिंह बलराम सिंह हरिओम सिंह रोहित राम राकेश राम बबलू पासवान नवल किशोर राय सुनील सिंह सुधीर सिंह सुखदेव सिंह सुधीर लाल मनदीप तिवारी सहित कई गणमान्य शामिल हुए।

## जल यात्रा के साथ खराड़ गांव में रामचरित मानस यज्ञ हुआ शुरू

- जल यात्रा में विधायक समेत कई गणमान्य लोग हुए शामिल
- यज्ञ से होता है मानव का कल्याण: विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद के खराड़ गांव में रामचरित मानस यज्ञ की शुरूआत सोमवार को जल यात्रा से हुई। यज्ञ स्थल से श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ कलश लेकर कररबार नदी पहुंचे। जल यात्रा में विधायक कमलेश कुमार सिंह, एनसीपी के प्रदेश महा सचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह,



कलश यात्रा में विधायक व अन्य।

युवा नेता व प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष विनय पासवान, मनदीप राम, उमेश राम के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कररबार से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल उठाया गया। उसे पुनः यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ से विश्व शांति के साथ साथ सम्पूर्ण मानव जाति का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि इससे इलाके में धार्मिक वातावरण भी बनता है। युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि यज्ञ से इलाके में सुख समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के मौके पर गांव जवार के लोग एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। साथ ही धार्मिक अनुष्ठान भी हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होना चाहिए। इससे लोगो में धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। मौके पर एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह, विनय यादव, नीतू सिंह, विजय राजवंशी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, गोरख पासवान, पंचायत समिति प्रदीप पासवान, सुभाष पासवान आदि शामिल थे।

## जूठे बेर खिलाने के पीछे माता शबरी की भगवान श्रीराम के प्रति छिपी थी प्रेम भावना : रामचंद्र चंद्रवंशी

गुरी गांव में शबरी जयंती के अवसर पर माता शबरी मंदिर में होगी प्रतिमा स्थापित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव में शबरी जयंती के अवसर पर 5 मार्च को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जहां गांव में निर्मित शबरी मंदिर में माता शबरी की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। साथ हीं पलामू प्रमंडल के हजारों की संख्या में भुइंया समाज के लोगों का जुटान होगा। इसे लेकर गुरी शबरी समाज की 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से साहेब भुइंया को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कमेटी के प्रधान संरक्षण पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को



विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को सम्मानित करते शबरी समाज के लोग।

बनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। साथ शबरी समाज के लोगों ने पगड़ी बांधते हुए फूल माला पहनाकर व बैर खिलाकर स्वागत किया। मौके ने चंद्रवंशी ने कहा कि माता शबरी ने आश्रम में भगवान श्रीराम को स्वागत सत्कार में जूठे बेर खिलाई। भगवान श्रीराम भी बड़े हीं चाव से जूठे बेर खाए थे। जूठे बेर खिलाने के पीछे माता शबरी की प्रेम भावना छिपी थी। पूर्व से निर्मित शबरी माता कि मंदिर में माता शबरी की आदमकद प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। इसे ले भव्य पूजन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। बृंदावन, काशी व अयोध्या से कलाकारों को झांकियां निकालने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बताया कि कार्यक्रम में पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज भुईया सहित कई लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

## मेगा स्वास्थ्य शिविर में चिन्हित 40 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण हुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** मेगा स्वास्थ्य शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद के 40 मरीजों की आंख का ऑपरेशन कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल की टीम की डॉ निधि कश्यप व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रशुन्न कुमार ने सैकड़ों नेत्र मरीजों की जांच की। चिन्हित 40 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन आधुनिक तकनीक से किया गया। डॉ निधि ने अपनी पूरी टीम के



ऑपरेशन करते चिकित्सक उपस्थित विधायक व अन्य।

साथ अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप व अत्याधुनिक फेको मशीन की सहायता से मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपित किया। शिविर में उन्होंने इसके अलावा नेत्र की सुरक्षा व सफाई की जानकारी भी दी। सोमवार की सुबह मरीजों की पट्टी खोल कर उन्हे चश्मा दिया गया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि आंखों की रोशनी देने से बड़ा पुण्य का कोई काम नहीं। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा में उन्हे संतुष्टि मिलती है।

## झारखंड स्टेट स्कूल एसोसिएशन का मना पहला स्थापना दिवस

स्थापना दिवस के अवसर पर एसोसिएशन का हुआ विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय शिवाय ब्लू होटल में झारखण्ड स्टेट स्कूल एसोसिएशन के पहले वर्षगांठ पर पलामू में संचालित स्कूल संचालकों की एक बैठक हुआ जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश देव ने की । इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने केक काट कर संगठन के एक वर्ष पूरा होने की खुशियां मनायी। अविनाश देव ने कहा कि संगठन में बहुत ताकत है इसे हम सभी को समझना होगा। रामाकान्त मेहता को सरंक्षक, नन्दकिशोर भारती एवं आफताब आलम को उपाध्यक्ष, राजीव गोयल को सह सचिव, पंडित प्रदीप नारायण को जिला संयोजक सह जिला मीडिया प्रभारी, धर्मेन्द्र प्राजापति को कार्यालय सह सदस्यता प्रभारी , शैलेंद्र कुमार सिंह को अनुमंडल अध्यक्ष छत्तरपुर एवं राज नन्दन यादव अनुमंडल सचिव छत्तरपुर बनाए गए।

### हुसैनाबाद में सीओ ने राज ईंट भट्ठा को ध्वस्त किया



हुसैनाबाद,पलामू। थाना क्षेत्र के ग्राम बेलबीगहा में अवैध रूप से संचालित हो रहे चलन चिमनी ईंट भट्ठा को हुसैनाबाद अंचलाधिकारी नंदकुमार राम व दंगवार ओपी प्रभारी चन्दन शर्मा के संयुक्त अभियान में बीते दिनों ध्वस्त किया गया और उक्त भट्ठा संचालक के विरुद्ध अवैध खनन और नियम विरुद्ध संचालित करने के आलोक में विधिवत कार्रवाई करते हुए हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज कराया गया हैं। आवेदन में अंचलाधिकारी ने लिखा है क्षेत्र में अवैध रूप से कई चिमनी ईंट भट्ठा संचालित होने की सूचना प्राप्त थी जिसके बाद स्थल निरीक्षण किया गया था जिसमे राज ईंट संचालक विजेन्द्र सिंह पिता चन्द्र देव सिंह ग्राम ड्मरहथा थाना हुसैनाबाद निवासी का था घटना स्थल पर प्रशासनिक दबिश को पढ़ते ही संचालक व मजदूर सभी लोग भाग गए।

### छतरपुर में महाशिवरात्रि पर कार्यक्रमों का आयोजन



छतरपुर पलामू। महाशिवरात्रि के मौके पर कई जगहों पर मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कहीं शिव की निकली बारात तो कहीं शिवचर्चा का हुआ आयोजन। बात करें मसिहानी की तो महाकाल युवा समिति ने मन्देया पहाड़ी पर भव्य महाशिवरात्रि मेले और भंडारे का आयोजन किया। वहां पहली बार दुर्गम पहाड़ पर युवाओं ने अपने हौसले से पूजा का आयोजन का इतिहास रच दिया। मौके पर महाकाल कमेटी के चंद्रधन उरांव, संतोष चंद्रवंशी, निर्मल, रविन्द्र उरांव, अशोक सिंह, बैजनाथ सिंह, धीरज कुमार, संतोष उरांव, लवकुश भुइयां, रवि साव, संतोष सिंह, बिंदु विश्वकर्मा, हरेंद्र विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने अपना सराहनीय योगदान दिया। वहीं बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर के समिति के द्वारा शिव जी की बारात मुख्य सड़कों पर निकाली गई। जिसे सफल बनाने में नंदन, राजन, राहुल, टिल्लू, ट्विंकल, लड्डू, धनन्जय, अनुराग, संध्या देवी और निर्मला सोनी ने उल्लेखनीय योगदान दिया शिव बारात यात्रा में अरविंद गुप्ता भी हुए शामिल। साथ ही इलाके के ठाकुरबाड़ी, खाटिन, सड़मा, लोहराही, बैरियाडीह, मदनपुर, रामगढ़, बारा, भैसाखांड, भैरवाडीह, मन्देया, मसिहानी सहित विभिन्न इलाकों में शिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया।

### खेल को खेल भावना से खेले, हार से हतास नही हिम्मत रखे : भरदुल सिंह



मेदिनीनगर। जागृति नवयुवक समिति पोलपोल के तत्वावधान में स्वर्गीय बादल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। समाजिक कार्यकर्ता व पोलपोल मुखिया पति भरदुल सिंह ने इसका समापन बिजेता व उप विजेता टीम को टॉफी शील्ड व नगद राशि प्रदान कर किया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट युवाओं का जुनून बन गया है। उन्होंने कहा कि की खेल को खेल भावना से खेले। हार से हतास नही हो बल्कि हार हिम्मत बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि जरूरत है सही मार्ग दर्शन की।खेल में कभी हार तो कभी जीत लगा रहता है।हमे हार से कभी निराश नही होना चाहिए क्योंकि हार ही जीत का राह दिखाती है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इससे सौहार्द बढ़ता है। फाइनल मैच चामा व के बीच खेला गया।12 ,12 ओवर का मैच खेला गया। इसमे जिले के विभिन्न क्षेत्र के टीम हिस्सा लिए थे।

### एकीकृत सहायक अध्यापक संघ ने बीईईओ उंटारी रोड को मुख्यमंत्री के नाम से सौंपा ज्ञापन : बीपीओ



उंटारी। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा उंटारी रोड प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम बीईइओ को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सहायक अध्यापक ने राज्य के सभी 61 हजार सहायक अध्यापकों को वेतनमान करने,राज्य के अप्रशिक्षित रह गए सहायक अध्यापकों को प्रशिक्षण पूरा करने का एक अवसर प्रदान करना, आंदोलनरत सहायक अध्यापकों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने सहित कई मांगे शामिल है। ज्ञापन सौंपने वाले सहायक अध्यापकों में सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### शिक्षको का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू



उंटारी रोड। बीआरसी अंतर्गत मध्य विद्यालय चेचरिया मे शिक्षको का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू किया गया। प्रशिक्षण का शुरूआत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति, बीपीओ रोहित गुप्ता, मध्य विद्यालय चेचरिया के प्रधानाध्यक विजय कुमार यादव, सीआरपी अश्विनी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मास्टर ट्रेनर राजेश मिश्रा, वरुण कुमार, योगेंद्र चौधरी, नंदलाल चौबे ने शिक्षको को प्रशिक्षण दिया।

### समाहरणालय में शोक सभा का हुआ आयोजन

मेदिनीनगर(पलामू)। सोमवार को समाहरणालय परिसर में उपायुक्त पलामू आंजनेयुलु दोड्डे समेत अन्य पदाधिकारियों एवम समाहरणालय के कर्मियों के द्वारा अपराह्न 5:00 बजे सदर प्रखंड में कार्यरत अनुसेवक सकेन्द्र ठाकुर के मृत आत्मा की शांति हेतु शोक सभा का आयोजन किया गया। विदित हो कि 19 फरवरी 2023 को सदर प्रखंड में कार्यरत सकेन्द्र ठाकुर का देहांत हो गया था। उनके निधन के उपरांत समाहरणालय में शोक सभा का आयोजन करते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया।

### संत मरियम विद्यालय शाखा नवाटोली में सम्मान समारोह का आयोजन



मेदिनीनगर। संत मरियम विद्यालय शाखा नवाटोली डालटनगंज के प्रांगण में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया! जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने वाले संत मरियम विद्यालय के तीनों शाखा के कराटेकारो को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपनी सुरक्षा के लिए बेटियों को आत्मरक्षा कला का प्रशिक्षण जरूरी है। सम्मानित होने वाले कराटेकारो का नाम इस प्रकार है :- संत मरियम विद्यालय शाखा नावा हाता के 6 वर्षीय कराटेकार रौनक कुमार के द्वारा भूटान में आयोजित साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया गया था। रवि नयन कुमार एवं ओम प्रकाश मेहता के द्वारा कोलकाता में आयोजित कराटे वर्ल्ड कप चैम्पियनशिप में दो गोल्ड मेडल एवं काता में दो सिल्वर मेडल जीते।

## सन्नी गुप्ता रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज।** स्थानीय थाना के समीप स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर के प्रांगण में राम नवमी पूजा समिति का पुनर्गठन हेतु बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष भोला प्रसाद गुप्ता ने किया। इसमें रामनवमी पूजा महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा समिति का अध्यक्ष सन्नी गुप्ता, सचिव चंदन जायसवाल, कोषाध्यक्ष साकेत कुमार को बनाया गया। वही उपाध्यक्ष पद के लिए करण राजवीर, अमीत कुमार, उपसचिव पद के लिए पवन कुमार, गौरव शौंडिक, संजीव कुमार तथा उप कोषाध्यक्ष के लिए रिशु कुमार का चयन किया गया।

जबकि अखाड़ा मंत्री रामजी सिंह, ओम प्रकाश यादव तथा झंडा प्रभारी अविनाश शौंडिक, माखन कुमार,अमीत कुमार, सतेन्द्र कुमार को बनाया गया।



साथ ही लाइसेंसधारी अशोक सिंह, भोला प्रसाद गुप्ता ,रामप्यारे विश्वकर्मा, ओमप्रकाश अकेला, विमलेश पाठक, बल्लू बलराम, अरुण स्वर्णकार, रंजन गुप्ता, बीनू जायसवाल, ज्ञान प्रकाश, उत्कर्ष जायसवाल, कुलदीप, अनुराग समिति के संरक्षक होंगे। इसके अलावा बाइक जुलूस के लिए बल्लू बलराम, रिंकू शौंडिक, दिलीप स्वर्णकार, निरंजन प्रसाद, दिलीप कुमार, रविकांत तथा बाल भोजन के लिए पुरुषोत्तम जायसवाल, सतीश गुप्ता, को जिम्मेवारी दी गई।

## बीस साल पहले मृतक दादा के बाकी बिजली बिल वसूलने के लिए बिजली विभाग ने पोते पर किया केस

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** बिजली विभाग आजकल बिल वसूलने का मुहिम चला रहा हैं। यदि आपका भी बिजली बिल बाकी हैं तो सतर्क हो जाएं वरना आप भी इनके चपेट में आ सकते हैं। आपके घर में मीटर है की नही कनेक्शन लिया है या नहीं बिल जमा किए या नहीं उससे कोई मतलब नहीं आपके गांव में बिजली विभाग गया तो समझ लीजिए पांच दस लोगो पर केस दर्ज कर देना है यह इनका दिनचर्या हो गया है। ऐसा ही एक अजीबो गरीब मामला महुअरी पंचायत अंतर्गत ग्राम दुलहर ( घासीखाड़ ) में देखने को मिला हैं। जहां लगभग 20 वर्ष पूर्व मृतक स्व रामजीत मेहता के बाकी बिजली बिल के एवज में उनके पोता अनिल मेहता पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। पीड़ित अनिल मेहता ने बताया कि मेरे दादाजी के नाम से बकाया बिजली बिल की जानकारी मेरे किसी परिवार को नहीं थी तथा बिजली विभाग ने भी कभी कोई नोटिस इस संबंध में नही दिया है।क्योंकि मैं अपने विधवा मां महेश्वरी देवी के साथ जिस घर में रहता हूं वहां पर नियमित बिल उपभोक्ता संख्या 168 के तहत जमा कर रहा हूं। लेकिन



18 जनवरी को बिजली विभाग के अधिकारियों ने मेरे मृत दादा स्व. रामजीत मेहता के नाम से बिल दिखाकर मेरे घर का कनेक्शन काट दिया। मैंने उन्हे मां के नाम से जमा किए गए बिल दिखाया पर उन्होंने एक नहीं सुना और मेरे ऊपर मुकदमा दर्ज कर छ हजार रूपए का जुमार्ना लगा दिया। तब से मैं बिजली विभाग कार्यालय और थाना का चक्कर लगा रहा हूं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भाजपा नेता सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने भी विद्युत अभियन्ता से इसी तरह के और अनेकों उपभोक्ताओं के ऊपर हुए प्राथमिकी को वापस लेने का अनुरोध किया जिसे उन्होंने नकार दिया। कर्नल संजय ने कहा कि अगर बिजली विभाग की दादागिरी नहीं रुकी तो इसके लिए विभाग के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और तालेबंदी करेंगे।

स्पीड न्यूज

## राजगंजः कुआं से महिला का शव बरामद

**राजगंज।** राजगंज थाना क्षेत्र के दलदली में दलदली निवासी 50 वर्षीय महिला का शव बिना पानी के सूखे कुए से बरामद की गई ।ग्रामीणों के अनुसार महिला रात में ही किसी तरह कुएं में गिर गयी है जिसका पता सोमवार की सुबह उन्हें हुई ।ग्रामीण कुएं के पास कपड़ा पड़ा देखा जिसके बाद लोगो ने कुएं में झांक कर देखा तो उन्होंने देखा कि सड़क पार की विरोधी देवी मृत पड़ी थी ।जिसकी सूचना लोगो ने पूर्व मुखिया मनसा राम मुर्मु को दी जिन्होंने ने बस्ती पहुच कर थाना को सूचित किया ।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह सदलबल घटनास्थल पर पहुँचे ।बड़ी मसक्कत के बाद लाश बाहर निकाला गया ।पंचनामा के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया।

## कार-बाइक की भिड़ंत में दो युवक घायल

**बेरमो।** जारंगडीह रेलवे स्टेशन के समीप रविवार शाम को कार एवं बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी की कार और बाइक का परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में घायल जारंगडीह 16 नंबर निवासी विश्वनाथ सोनार एवं जैकी गोप बताया जाता है। स्थानीय लोगों घायल युवक को सीसीएल केंद्रीय अस्पताल ढोरी लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए बोकारो रेफर कर दिया।

## 407 वाहन पर लदा अवैध लोहा पुलिस ने पकड़ा, चालक फरार

**जोरापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा पेट्रोल पंप के पास खडी 407 भेन संख्या जे एच 10 सी ऐल 2399 में चोरी का अवैध लोहा को थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने जप्त किया है। वहीं वाहन चालक एवम खलासी भागने में सफल रहे है। लोहा लदा बाहन भौरा की ओर से आई हैं, झारिया की ओर जाने वाली थीं, तभी पुलिस ने पकड़ लिया है। चर्चा है कि बीसीसीएल कम्पनी की समान की रखवाली करने की जिम्मेदारी सीआईएसएफ जवान के कंधों पर है। भौरा में एक चेक पोस्ट भी बनाया गया है, जहां पर जवान 24 घंटे तैनात रहते है तो लोहा से लदा वाहन कैसे सड़क मार्ग से निकल गया है।

## युवक ने अस्पताल बंद कराने की दी धमकी

**बोकारो।** स्थानीय लक्ष्मी मार्केट स्थित शिवम अस्पताल में एक नवयुवक ने हंगामा करते हुए अस्पताल कर्मियों के साथ बदसलूकी की तथा अस्पताल को बंद कराने की धमकी दी। इसे लेकर अस्पताल प्रबंधक शिव कुमार चौधरी ने सेक्टर चार थाने में आरोपी मनोज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।थ ाने में दिए आवेदन अनुसार अस्पताल में इलाज कराने हेतु एक महिला को स्टिच कराने हेतु आये युवक को चिकित्सक की सलाह लेने की बात पर खुद को जेएमएम का नेता बताते हुए तथाकथित नेता ने अपशब्द एवं अभद्र व्यवहार करते हुए अस्पताल को 24 घंटे के अंदर बंद कराने की धमकी दे डाली। जेएमएम के जिलाध्यक्ष हीरा लाल मांझी से संपर्क करने पर उन्होंने ऐसे किसी भी नेता व कार्यकर्ता के बारे में अनभिज्ञता प्रकट की।

## सिंदरी के स्कूल में 80 हजार रुपए के सामान की चोरी

**सिन्दरी।** सिन्दरी में बंद घरों व विद्यालयों में हो रही चोरी की घटनाओं ने सिन्दरीवासियों की नींद उड़ा दी है और प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। बलियापुर थाना क्षेत्र के सिन्दरी स्थित उत्क्रमित मध्य व उच्च विद्यालय राँगामाटी में रविवार की रात चोरों ने सीसीटीवी कैमरे सहित स्मार्ट क्लास के सभी सामानों के लगभग 80 हजार रुपए की चोरी की है। इसकी लिखित शिकायत बलियापुर थाना में दर्ज कराई गई है। उत्क्रमित मध्य व उच्च विद्यालय राँगामाटी की प्राचार्य सोनी कुमारी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने विद्यालय के सामानों की चोरी की है ।बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि चोरी की लिखित शिकायत प्राचार्य सोनी कुमारी ने दर्ज कराई है।

# टोटो में सवार 9 स्कूली बच्चों को ट्रक ने मारी टक्कर सभी घायल

**कतरास के लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है नेशनल हाईवे- 32**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** नेशनल हाईवे 32 कतरास के लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है जहां एक और इस सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है वहीं दूसरी ओर आए दिन इस सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं।

जहां एक ओर नेशनल हाईवे 32 शाखाटांड के पास 18 फरवरी को रात्रि में कतरास निचीतपुर के युवक गुल्लू बाउरी की मौत एक अज्ञात ट्रक के द्वारा रौंद देने से हो गई थी । अभी उसकी चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई थी कि दूसरी और इसके 2 दिन के बाद सोमवार को आकाश किनारी कांटा के पास एक बड़ी दुर्घटना होते होते बची एक ट्रक जिसका नंबर बी आर 11जी बी 8116 ने एक टोटो को ट्रक बैक करने के क्रम में टक्कर मार दिया। जिसमें नौ बच्चे और एक टोटो चालक कुल 10 लोग सवार थे। एक ओर सरकार सड़क बनाकर विकास करने की बात करती है वहीं दूसरी ओर सड़क बनाने वाली कंपनी के द्वारा सुरक्षा उपकरणों को नहीं देना लोगो जान के साथ खिलवाड़ करने के समान है। क्योंकि नेशनल हाईवे 32 में आकाश किनारी से लेकर राहुल चौक तक ना तो कहीं कोई डिवाइडर बनाई गई है ना ब्रेकर बनाई गई है ना ही लाइट लगाई गई है ना सांकेतिक बोर्ड लगाया गया है। जबकि इस मार्ग में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ियां दौड़ती है और दर्जनों सरकारी एवं निजी विद्यालय इसी मार्ग मे स्थित है।



**दो युवकों ने बच्चों को पहुंचाया अस्पताल**

सभी छोटे छोटे बच्चे पाठशाला विद्यालय के छात्र बताए जा रहे हैं जो निचितपुर में स्थित है सभी बच्चे छुट्टी के बाद टोटो में सवार होकर अपने घर जा रहे थे कि दुर्घटना घट गई। दुर्घटना घटते ही बच्चों की चीख-पुकार से आसपास के लोग इकट्ठा तो हो गए ,लेकिन किसी ने भी बच्चों को टोटो से निकालने की जहमत नहीं उठाई। उसी वक्त 2 सहासी युवक संदीप सिंह एवं विपुल कुमार पहुंचे और उन्होंने एक ओटो को रुकवा कर बच्चों को उसमें उठा कर रखा और तिलाटांड हॉस्पिटल ले गए। तिलाटांड हॉस्पिटल में एक कंपाउंडर एवं दो नर्स इतने बच्चों को संभाल नहीं सकते थे प्राथमिक उपचार के बाद सभी बच्चों को बेहतर इलाज के लिए निचीतपुर भेज दिया गया । जहां बच्चों के सर में टांका लगाने का काम किया गया।

## चोरी मामले में पांच गिरफ्तार, सामान बरामद

**कसमार अंचल के आवास में हुई चोरी का खुलासा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित अंचल नाजीर कुमार गौतम के आवास में बीते दिसंबर माह में चोरी कांड में प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता ने बताया कि अंचल नाजीर के प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित आवास में लगभग साढ़े 4 लाख रुपये के सामान की चोरी हुई थी। एसपी के आदेश पर एसडीओ के निदेर्शानुसार जरीडीह अंचल निरीक्षक शंकर कामती के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने शिक्षक अशोक रजवार का चोरी हुए एक गिटार सहित नाजीर के सैमसंग एलईडी टीवीए मोबाइलए 3 टुल्लू पंपए मोटर पंप बर्तन, सोना, गला हुआ ग्राइंडर मशीन बरामद किया है। साथ ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में रतन कुमार दास, आशिक कुमार, माधव स्वर्णकार, धनेश्वर कुमार महतो एवं तिलेश्वर महतो शामिल है। छापेमारी दल में कसमार थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता, एएसआई रमेश कुमार, अनिल कुमार, धीरज कुमार, कार्तिक पाहन एवं सहायक पुलिस निरीक्षक संजय कुमार तथा पुलिस बल के जवान शामिल थे।



## डीपीएस की अंजली ने बनायी हाई टेक बैसाखी

**बोकारो।** शारीरिक रूप से लाचार लोगों का सहारा बैसाखी को डीपीएस बोकारो की मेधावी छात्रा अंजलि शर्मा ने हाइटेक सुविधाओं से युक्त करके बहुउपयोगी बना दिया है जो आवश्यकतानुसार कुर्सी में भी तब्दील हो जाती है ।आपात स्थिति में इससे परिजनों को सीधे कॉल भी चला जाएगा। एमसीयू में कंप्यूटर कोडिंग के जरिए संबंधित फोन नंबर फीडिंगए एलईडी टॉर्चए जालीदार पॉकेटए मोबाइल व आवश्यक कागजात आदि रखने हेतु वाटरप्रूफ पॉकेट एवं झटके से बचाने के लिए शॉक एब्जॉर्बर सुविधा से युक्त आल इन वन हैंड क्रचेज नामक विशेष बैसाखी के लिए अंजलि को चयनित किया गया है।

## मास्टर वालंटियर्स को नशा मुक्त अभियान के तहत मिला प्रशिक्षण

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मास्टर वालंटियर्स को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों व उसके घातक परिणामों के बारे में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अभिनीत कुमार सूरज की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। श्री सूरज ने कहा कि युवा पीढ़ी में सामाजिक जागरूकता अत्यंत अनिवार्य है। इस मौके पर बतौर प्रशिक्षक हबीब रेहान ने कहा कि नशे के लिए समाज में शराबए गांजाए भांगए अफीमए चरसए कोकिनए तम्बाकूए ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक द्रव्यों के सेवन से व्यक्ति को सामाजिकए मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचती है। उन्होंने नशे के प्रकारए नशे के बारे में गलत धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले लक्षणों आदि की जानकारी दी।

## बाघमारा कॉलेज में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** लायंस क्लब सेंटेनियल बाघमारा की ओर से बाघमारा महाविद्यालय बाघमारा के प्रांगण में छात्र-छात्राओं के बीच स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में रक्त वर्गीकरण, रक्त शर्करा, हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, पल्स इत्यादि की जांच की गई साथ ही साथ उचित परामर्श प्रदान की गई। जांच शिविर का विधिवत उद्घाटन बाघमारा स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ मनीष कुमार ने किया। लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल के सचिव गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जब भी महाविद्यालय परिवार को किसी भी सहयोग की आवश्यकता होगी सेंटेनियल परिवार सदैव खड़ा रहेगा ,लायंस क्लब सेवा भावना का दूसरा पर्याय है।

जल्द ही बाघमारा कॉलेज में ब्लड डोनेशन कैंप का बृहद आयोजन होगा। इस मेगा जांच शिविर की सफलता में लॉयन लक्ष्मण रवानी की लाइफ लाइन जांच घर एवं देव क्लिनिक मातृ सदन (महिला अनुकूल अस्पताल) का सहयोग रहा।




**कार्यक्रम में थे मौजूद**

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लॉयन सुनील कुमार सिंह, डॉक्टर विक्की रवानी, डॉक्टर ए के मिश्रा , डॉ मनोज कुमार सिंह ,डॉ कविता सिंह,शशीकांत सरन जी ,राजीव रंजन जी के अलावे महाविद्यालय परिवार से प्रोफेसर अशोक कुमार विश्वकर्मा, डॉक्टर पी एन पांडे , राजीव पांडे ,एके श्रीवास्तव ,राम सुचित प्रसाद सिंह, नीरज सिंह ,शशि भूषण प्रसाद, प्रोफेसर इंचार्ज बिपिन बिहारी सिंह ,सुमन यादव के साथ सुखसागर महतो ,अनिल पांडे , बाल देव ठाकुर ,विकास ,राजेश रजवार , सितोली कुमारी, पूजा सिंह ,निशा कुमारी मौजूद रहे।

## दुर्घटना में पुत्री की मौत के बाद पिता की भी मौत, मांगा मुआवजा

**कुमारधुबी।** बीते शनिवार को निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत निरसा कांटा मुख्य मार्ग पर एक बाइक एमपीएल के अंतर्गत चलने वाली भारी वाहन बलकर की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी जिसमें मौके पर ही एक 12 वर्षीय लड़की मिता पाल की मौत हो गई तथा उसके पिता भुवन पाल की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई । इस घटना के बाद रविवार की सुबह पांडरा के पास मृतक के परिजनों तथा ग्रामीणों ने एमपीएल में चलने वाले हाईवा का परिचालन पूरी तरह से ठप कर धरने पर बैठ गए और मृतकों के मुआवजे की मांग की बात कहते हुए अनिश्चितकालीन बंदी का ऐलान किया । सोमवार की सुबह जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों एवमं ग्रामीणों से वार्ता की तथा यह आश्वासन दिया कि जो भी मुआवजा सरकारी सहायता और सुविधाएं है। वह मृतक के आश्रितों को हरसंभव दिलवाया जाएगा। जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने कहा कि एमपीएल के अंतर्गत चलने वाले भारी वाहनों से ग्रामीणों की मौत हो रही है।

## एफसीआई के छंटनीग्रस्त कर्मियों को हर्ल में देनी होगी नौकरीः सुजीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआई के छंटनीग्रस्त ठेकाकर्मियों को हर्ल कारखाने में नियोजन सहित पाँच सूत्री मांगों को लेकर सीटू से संबद्ध ठेका मजदूर यूनियन ने सैंकड़ों की संख्या में सोमवार को नेहरू मैदान सिन्दरी से विशाल जुलूस निकालकर शहरपुरा बाजार का भ्रमण कर हर्ल खाद कारखाने के मुख्य द्वार पर सभा में तब्दील हुआ और हर्ल प्रबंधन को पाँच सूत्री माँगपत्र सौंपा गया। सभा में वक्ताओं ने बढ़ती महँगाई और बेरोजगारी पर केन्द्र सरकार को जमकर कोसा। कोल इंडिया जेबीसीसीआई के सदस्य सुजीत भट्टाचार्य ने कहा कि एफसीआई के छँटनीग्रस्त ठेका मजदूरों को हर्ल के उत्पादन कार्य में प्राथमिकता के आधार पर कार्य में रखना होगा। बीसीकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष सुंदरलाल महतो ने कहा कि स्थानीय बेरोजगारों व कारखाना निर्माण में जमीन देनेवाले किसानों को कार्य में नही रखने पर हर्ल कारखाना के मुख्यद्वार को घेरा जाएगा। कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता, संतोष घोष, भारत भूषण शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर जरीडीह में दीक्षांत समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा दशम के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया समारोह में समिति के सचिव समाजसेवी अनिल अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य कवलजित सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर तथा पुष्पाचन किया उसके पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सुरेश श्रीवास्तव जी ने अनिल अग्रवाल जी को अंग वस्त्र भेंट किया अपने संबोधन में सुरेश जी ने कहा कि यह विदाई समारोह नहीं बल्कि सम्मान समारोह है जो विद्यालय से संस्कार मिला है उसे अब समाज में बिखेरना है वही अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह विदाई नहीं बल्कि स्थान परिवर्तन है जिस प्रकार पूर्व छात्र यहां से निकलकर कामयाब हुए हैं आप भी आगे अपने परिवार और विद्यालय तथा छेत्र का नाम रोशन करें विश्वास और कठिन परिश्रम भविष्य में आगे की ओर ले जाएंगे और उज्जवल भविष्य प्रदान करेंगे प्रधानाचार्य अपने आशीर्वचन के रूप में कहा कि मानव प्रकृति ऐसी है कि वह नकारात्मक पक्ष को पहले देखता है हम कुछ गलती करते हैं तो उस गलती पर ध्यान पहले जाता है और सारी अच्छाई धरी की धरी रह जाती है इन वाक्य से बच्चे को गलतियां सुधारने की प्रेरणा प्रधानाचार्य द्वारा दी गई है कक्षा 9 द्वारा उद्बोषक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य कमलजीत जी समस्त अचार बंधु भगिनी सुरेश जी सुभाष जी धीरज जी महेंद्र जी शामिल हैं।



### Office of The Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division Latehar

**E-procurement Very Short Tender Notice(SBD)**

**Tender Referance No- DWSD/LTR/SVS/CLTR-16/21-22 (7th Call)**

**Dt- 20.02.2023**

| Sl No | Particular | Detail of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Work | Detailed Survey Desigening and Drawing Construction of 2421 nos FHTC in Different Block of Latehar Comprising of Suitable R.C.C Frame, Structure ESR, Distribution Lines, Source (as Required) & 05 Year Oeration & Maintenance all Complete Job "on Turn Key Basis" under D. W & S Division Latehar For The Year 2021 -22 under (JJM) | | | | | |
| | Group No | No of Panchayat | No Of FHTC | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost Of BOQ (In Rs) | Time of Comletion |
| 1 | CHN/SVS/CLTR/03(A)(i) | 3 | 2421 | 935.47 | 9.36 | 10000.00 | 09 month |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 21.02.23 at 04.00 P.M | | | | | |
| 3 | Date of Starting Submission of Bid | 21.02.23 at 04.00 P.M | | | | | |
| 4 | Last Date of Submission of Bid | 27.02.23 upto 05.00 P.M | | | | | |
| 5 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 28.02.23 upto 05.00 P.M 1. Superitending Engineer D W & S Circle Medininagar. 2. Regional Chief Engineer D W & S Dept Jharkhand Ranchi. 3. Executive Engineer D W & S Div Latehar. | | | | | |
| 6 | Date of Opening Tender | 01.03.23 at 04.00 P.M | | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Opening Officer | Executive Engineer , D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 9 | Contact No of Procurment Office | 9430725642, 6201242103 | | | | | |
| 10 | Contact No of Procurement cell | 0651-2480342 | | | | | |

•Estimated Cost & EMD Cost May Be Changed.
•Further Details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar.

PR 290727 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

T. Reference No. :- Different Tolas SVS -23/2022-23 Date 20.02.2023

| Group .No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000/3000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility under J.J.M Gumla District Under D.W.&S. Div. Gumla 2022-23 | | | | |
| 01 | Vantoli Part - ii SVS Group of Scheme, Block: Bharno | 44,48,869.00 | 89,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 02 | Kharka SVS Group of Scheme, Block: Bharno | 6,10,940.00 | 12,500.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 03 | Belgaon SVS Group of Scheme, Block: Gumla | 11,68,358.00 | 23,500.00 | 2,500.00 | 03 Months |
| 04 | Garhsaru SVS Group of Scheme, Block Gumla | 54,57,430.00 | 1,10,000.00 | 10,000.00 | 06 Months |
| 05 | Nawagarh SVS Group of Scheme, Block Raidih | 20,04,697.00 | 40,500.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 06 | Tengariya SVS Group of Scheme, Palkot | 16,49,160.00 | 33,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 07 | Tongritoli SVS Group of Scheme, Block: Kamdara | 6,10,940.00 | 12,500.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 08 | Betarkera SVS Group of Scheme, Block Kamdara | 6,10,940.00 | 12,500.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 09 | Tendar SVS Group of Scheme, Block: Ghaghra | 6,10,940.00 | 12,500.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 10 | Barakatra SVS Group of Scheme, Block Dumri | 6,10,940.00 | 12,500.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 2. | Date of Tender Uploading on Website | 28.02.2023/04.00 PM. | | | |
| 3. | Document Download / Sale Start Date | 28.02.2023/04.00 PM.. | | | |
| 4. | Bid Submission Start Date | 28.02.2023/04.00 PM. | | | |
| 5. | Document Download / Sale End Date | 09.03.2023/03.00 PM. | | | |
| 6. | Bid Submission End Date | 09.03.2023/03.00 PM. | | | |
| 7. | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) & Place | 10.03.2023/03.00 PM. O/o Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Gumla. O/o Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Gumla. | | | |
| 8. | Date of Opening of Tender | 10.03.2023/04.30 PM. | | | |
| 9. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Gumla. | | | |
| 10. | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Gumla. | | | |
| 11. | Contact No. Of Procurement Office | 06524-223058 | | | |
| 12. | Helpline No. Of e-procurement cell | 7488491963 | | | |

नोटः- 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट -http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. Estimated Cost की राशि घट या बढ़ सकता है तद्नुसार Bid Security की राशि देय होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला

PR 290725 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

### कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार
### कार्यालय- उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण) उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग

**सामयिक सूचना अंक - 01/वर्ष 2023 - 24**

**आम के पौधों में लगने वाले कीट एवं रोग और उनकी रोकथाम**

प्रिय किसान,

आम के पौधों में मंजर लगना शुरू हो गया है। मंजर लगते ही पौधे में कई तरह के रोग एवं कीट देखने को मिलते है। जिससे इसकी पैदावार कम हो जाती है। अतः इसकी ससमय देख - रेख करने की आवश्यकता है।

**आम के बाग में लगने वाले रोग एवं उनके रोकथाम**

i)- सफेद चूर्णी रोग ( पाउडरी मिल्डयू ) :- इस रोग के प्रकोप से मंजर, फूलों, फलो एवं पत्तियों पर सफेद चूर्ण जैसे फफूंद उत्पन्न हो जाते है। बाद में मंजर सूखकर गिर जाते है। इस रोग के लगने से आम का उत्पादन 20 - 70 प्रतिशत तक कम हो जाते है।

रोकथाम :-
- रोग ग्रसित पत्तियों को तोड़कर अलग कर दे।
- रोग रहित प्रजातियों की बुआई करना चाहिए।
- डिनोकैप 48% ई0सी0 1 मिली प्रति लीटर पानी या वेटेबल सल्फर 0.25 प्रतिशत फूल आने के पहले छिड़काव करें और फल बनने के बाद 15 - 15 दिन के अंतराल पर छिड़काव करें।

ii)- कालव्रण रोग ( एन्थ्रेक्नोस ) :- इसका मुख्य लक्षण पत्तियों पर काले धब्बे बनना, और बाद में काले धब्बे बड़े आकार के हो जाते है। इस रोग के प्रकोप से पत्तियों, फल तथा शाखायें भी सूख जाती है। फलों पर भूरे से काले रंग के धब्बे बन जाते है और समय से पहले पेड़ो से गिर सकते है।

रोकथाम :-
- हर साल टहनियों की छटाई करें।
- निश्चित अंतराल पर कार्बेन्डाजिम 50 डब्ल्यू पी0 1ग्राम/लीटर पानी या कॉपर आक्सीक्लोराइड 1ग्राम/लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

iii)- कोएलिया रोग ( ब्लेकटिप ) :- यह रोग ईट के भट्टों के आसपास के क्षेत्रों में उससे निकलने वाली गैस सल्फर डाई ऑक्साइड के कारण होता है। इस बीमारी में सबसे पहले फल का ऊपरी हिस्सा पीला पड़ता है। इसके बाद गहरा भूरा अंत में काला हो जाता है।

रोकथाम :-
- आम की बागवानी ईट भट्टों से लगभग 2 किलो मीटर की दूरी पर लगानी चाहिए।
- इस रोग से फसल बचाने का सर्वोत्तम उपाय, 0.6 प्रतिशत बोरेक्स का दो छिड़काव फूल आने से पहले तथा तीसरा फूल आने के बाद, जब फल मटर के दाने के बराबर हो जाएं तो 15 दिन के अंतराल पर तीन छिड़काव करें।

iv)- गुच्छा रोग ( माल्फार्मेशन ) :- इस बीमारी का मुख्य लक्षण, इससे पूरा मंजर नपुंसक फूलों का एक ठोस गुच्छा बन जाता है। टहनियों पर एक ही स्थान पर अनगिनत छोटी - छोटी पत्तियां निकल आती है, फूल गिर जाते है, फल निर्माण अवरुद्ध हो जाती है।

रोकथाम :-
- बीमारी का नियंत्रण प्रभावित मंजर और शाखाओं को तोड़कर किया जा सकता है।
- नेप्थालिन एसिहिक एसिड का छिड़काव 200 प्रति दस लक्षांश ( पी.पी.एस ) की दर से करें या 2 मिली प्रति 100 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

v)- डाई बैक :- इस रोग में आम की टहनी ऊपर से नीचे की ओर सूखने लगती है और धीरे - धीरे पूरा पेड़ सूख जाता है।

रोकथाम :-
- रोग ग्रसत टहनियों को काट कर जला दें।
- कटे हुए स्थान पर बोर्डो पेस्ट लगाए या कॉपर आक्सीक्लोराइड का 0.3 प्रतिशत घोल का छिड़काव करें।

**आम के पौधों में लगने वाले कीट एवं उनके रोकथाम**

01. फुदका या मुनगा कीट :- यह कीट आम की फसल को सबसे अधिक क्षति पहुँचाते है। इस कीट के शिशु ( निम्फ ) एवं व्यस्क कीट दोनों ही कोमल पत्तियों एवं पुष्पगुछ का रस चूसकर हानि पहुचाते है।

रोकथाम :-
- इस कीट से बचने के लिए ब्यूवेरिया बेसिआना फफूंद के 0.5 प्रतिशत घोल का छिड़काव करें।
- नीम तेल 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें।
- क्विनोलफास या मोनोक्रोटोफॉस या फॉस्फैमिडॉन 1 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

02. गाल मीज :- कीट के शिशु ( निम्फ ) एवं व्यस्क फसलों के कोमल डंठलो पर आक्रमण करते है जिससे इन पर हरे - हरे गुच्छे के रूप में कौनिकल कली - नुमा आकृति बन जातें है जिसे शुट गाल कहते है। कीट ग्रसित टहनियों में पुष्पन एवं फलन नहीं होता है।

रोकथाम :-
- इमिडाक्लोप्रिड 1 मिली प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर 15 दिनों के अंतराल पर तीन बार छिड़काव करें।

03. फल मक्खी ( फ्रूट फ्लाई ) :- फलमक्खी आम के फल को बड़ी मात्रा में नुकसान पहुचाते है। इस कीट की सूंडिया आम के अन्दर घुसकर गूदे को खाती है, जिससे फल सड़ जाते है।

रोकथाम :-
- मिथाइल यूजीनॉल ( 4मिली ) एवं मेलाथियान ( 2 मिली ) मिलाकर, ट्रैप में डालकर पेड़ो पर लटका दें। इससे नर मक्खियां आकर्षित होकर नष्ट हो जाती है।

04. जाला कीट :- यह कीट पत्तियों की ऊपरी सतह को तेजी से खाता है। इसके बाद पत्तियों का जाल बनाकर उसके अन्दर छिप जाता है।

रोकथाम :-
- एजाडीरेक्टिन 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- क्विनोलफॉस या मोनोक्रोटोफास 1 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

सावधानियाँ :-
- मंजर आने पर लेकिन फूल आने से पहले कीटनाशी एवं फफूंदनाशी का छिड़काव करें। फूल आने पर कीटनाशी का छिड़काव वर्जित है यह परागण को प्रभावित कर सकता है।
- आम का फल मटर के दाने के बराबर होने पर कीटनाशी का छिड़काव कर सकते है।

सहायक कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)
उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र,
हजारीबाग।

PR 290698 Agriculture(22-23)D

# विश्व कीर्तिमान

एयर इंडिया ने नए विमानों का आर्डर बोइंग और एयरबसकंपनियों को दिया है। एयर इंडिया ने वाइड और नैरो बॉडी दोनों ही तरह के विमानों का आर्डर दिया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में विमानों का आर्डर देने का यह एक विश्व रिकॉर्ड है जो पहले अमेरिकी एयरलाइंस के नाम था जिसने 2011 में 460 विमानों का आर्डर एक साथ दिया था।

एयर इंडिया ने बहुत सोच-विचार करने के बाद ही इतने विमान लेने का फैसला किया है। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में कुल 230 विमान हैं। वह इतने कम विमानों से बहुत लंबी दूरी तक नहीं जा सकती। एयर इंडिया को फिलहाल इंडिगो के अलावा स्पाइसजेट, गो फर्स्ट और अकासा से भी चुनौती मिल रही है तो इंटरनेशनल रूट में सिंगापुर एयर लाइन्स एमिरेट्स और कतर एयरलाइंस से भी चुनौती मिल रही है। दरअसल कतर एयरवेज, सिंगापुर एयरलाइंस, एमिरेट्स, जापान एयरलाइंस, एयर फ्रांस आदि के सामने हमारी कोई भी एयरलाइंस खड़ी भी नहीं होती। अगले साल तक ग्रेटर नोएडा में स्थित जेवर एयरपोर्ट भी बन जाएगा। जेवर एयरपोर्ट में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से 5845 हेक्टेयर जमीन पर बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। अब मात्र अमेरिका का अटलांटा एयरपोर्ट ही भारत के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से आगे है। सरकार नवी मुंबई, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर), मोपा (गोवा), पुरंदर (पुणे), भोगापुरम (विशाखापट्टनम), धोलेरा (अहमदबाद) और हीरासर (राजकोट) में भी नए हवाई अड्डों को मंजूरी दे चुकी है। सरकार आगामी पांच वर्षों के दौरान दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद हवाई अड्डों की क्षमता को बढ़ाने के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। निश्चित तौर पर यह उभरते भारत की तस्वीर है जिससे रोजगार और आर्थिक व्यवस्था को गति मिलेगी।

# कश्मीर में सुरक्षा

दरअसल, अब आम लोग महसूस करने लगे हैं कि कश्मीर का विकास देश की मुख्यधारा से जुड़कर ही संभव है। वे रोजगार व कारोबारों को नये सिरे से स्थापित कर रहे हैं। यही बात आतंकवादियों और सीमा पार बैठे उनके आकाओं को रास नहीं आ रही है। दूसरी ओर सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाइयों में बड़ी संख्या में आतंकवादियों के मारे जाने से उनके आका बौखलाए हुए हैं। सेना व सुरक्षाबलों से मुकाबला न कर पाने की स्थिति में निहत्थे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उनकी आर्थिक मदद करने वालों पर भी सख्त शिकंजा कसा गया है। पाकिस्तान से संचालित आतंकी संगठन इसी हताशा में आम लोगों को निशाना बनाकर भय का माहौल बनाना चाह रहे हैं। लेकिन वे भूल जायें कि नब्बे के दौर जैसा आतंक का माहौल, वे फिर से बना पायेंगे। बहरहाल, जिस तरह से घाटी में आम लोगों पर हमले हो रहे हैं, उसे आतंकवाद की नई दस्तक माना जा सकता है, जो हमें और अधिक सतर्क होने का संदेश देती है। जहां एक बार फिर घुसपैठ पर पैनी निगाह रखने की जरूरत है, वहीं तलाशी व निगरानी अभियान को नये सिरे से चलाये जाने की भी जरूरत है। बहुत संभव है कि हताशा के चलते पाक पोषित आतंकी संगठनों ने आतंक फैलाने के लिये स्थानीय स्लीपर सेलों की मदद लेनी शुरू कर दी हो, जिन पर भी निगरानी रखने की जरूरत है। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि जम्मू कश्मीर से विशेष प्रावधान हटाये जाने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की सभी कोशिशें विफल होने और अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद पाक घाटी में फिर से हिंसा का नया दौर लाने की बड़ी साजिशें रच सकता है। इस नयी चुनौती का मुकाबला करने के लिये एलओसी और केंद्रशासित प्रदेश के भीतर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

# नये राष्ट्रीय जल नीति में नयी सोच नया नजरिया

जलशक्ति मंत्रालय ने 5 नवंबर, 2019 को नई राष्ट्रीय जल नीति (एनडब्ल्यूपी) का मसौदा तैयार करने के लिए समिति गठित की थी। इसके पहले वर्ष 1987, 2002 और 2012 की जल नीति पूरी तरह से सरकारी व्यवस्था के भीतर ही बनाई गई थीं। यह पहला अवसर है कि सरकार ने जल नीति बनाने के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक समिति गठित की। मुझे 2019 में गठित समिति की अध्यक्षता करने का बड़ा सम्मान दिया गया। इस समिति के सदस्यों में विभिन्न पृष्ठभूमि से आने वाले अग्रणी जल विशेषज्ञ, पहले सरकार के भीतर अहम पदों पर रह चुके लोगों के अलावा अकादमिक पेशेवर एवं नागरिक समाज के लोग भी शामिल हैं।

इस समिति की एक साल से ज्यादा समय में 16 बैठक हुईं। इस दौरान संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों, अकादमिक विद्वानों, कार्यकताओं एवं अन्य हितधारकों ने 124 सुझाव पेश किए। इनमें 21 राज्यों एवं पांच केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के अलावा केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की प्रस्तुतियां भी शामिल हैं। हमें केंद्र एवं राज्य सरकारों से लेकर गैर-सरकारी हितधारकों के नजरिये एवं सुझावों में व्यापक सहमति दिखी। ऐसी स्पष्ट स्वीकृति दिखाई देती है कि हमारे समक्ष उत्पन्न जल संकट सही मायने में अभूतपूर्व है और हमें जल प्रबंधन एवं शासन के संदर्भ में जमीनी हकीकत एवं 21वीं सदी में पानी को लेकर बदलती समझ के बारे में एकदम नए प्रतिमान गढ? की जरूरत है।





- मिहिर शाह

नई राष्ट्रीय जल नीति प्रधानमंत्री द्वारा सुझाए गए पांच प्रमुख जल सुधारों से भी दिशानिर्देश लेती रही है। पहला, भंडारण के लिए इस्तेमाल होने वाले विशाल जलाशयों को तोड? की जरूरत है। दूसरा, जल की योजना बनाते समय भारत के गहरी विविधता का सम्मान करना होगा। तीसरा, जल के प्रबंधन एवं वितरण पर ज्यादा ध्यान देना होगा।

एक प्रारूप समिति के तौर पर हम सरकार के शीर्ष स्तर से जल संकट एवं उसके प्रबंधन को लेकर बार-बार दिए जा रहे संदेशों से खासे प्रभावित थे। भारत के राष्ट्रपति ने भी कोविड-19 महामारी के संदर्भ में कहा था, 'प्रकृति को सम्मान देने का संदेश शायद हमारे लिए निहित है। एक असामान्य संकट की स्थिति में अधिकतर लोग स्वार्थी होना चाहते हैं लेकिन यह ऐसा संकट है जो हमें दूसरों के बारे में भी समान रूप से सोचना सिखाता है।

प्रकृति हमें विनम्रता के साथ अपनी उत्कृष्ट समानता एवं परस्पर-निर्भरता को स्वीकार करने की याद दिलाती है।' इसी तरह से उप-राष्ट्रपति ने भी कहा, 'प्रकृति के संरक्षण को महत्ता देने, विकास के मॉडलों एवं उपभोक्तावाद से संचालित जीवनशैली को नए सिरे से निर्धारित करना होगा। हम एक अंतर-संबद्ध विश्व में रह रहे हैं और विकास एवं आधुनिकता की चाहत में पुरानी सोच के साथ आगे नहीं बढ़ सकते हैं क्योंकि हमारा हर कदम पर्यावरण को प्रभावित करता है।'

जल नीति के लिहाज से इन वक्तव्यों के तात्कालिक एवं दूरगामी निहितार्थ हैं। आजादी के बाद से ही हमारी जल नीति प्रकृति के बारे में 'कमान एवं कंट्रोल' वाले दृष्टिकोण से निर्धारित होती रही है। यह उस व्यापक विकास प्रतिमान में अंतर्निहित है जो इस तथ्य को अपनाने में नाकाम रहा है कि अर्थव्यवस्था वृहत पारिस्थितिकी का ही एक छोटा हिस्सा है। हमें इस दुनिया की अंतर्संबद्धता और अंतर्निर्भरता वाले चरित्र को स्वीकार करने की जरूरत है। इसके अलावा प्राकृतिक व्यवस्थाओं को वाजिब सम्मान देते हुए विनम्र बने रहने की भी जरूरत है। यह भाव 'प्रकृति रक्षति रक्षिता' (यानी प्रकृति उन्हीं का संरक्षण करती है जो उसकी सुरक्षा करते हैं) को आत्मसात करता है।

नई राष्ट्रीय जल नीति प्रधानमंत्री द्वारा सुझाए गए पांच प्रमुख जल सुधारों से भी दिशानिर्देश लेती रही है। पहला, भंडारण के लिए इस्तेमाल होने वाले विशाल जलाशयों को तोड़ने की जरूरत है। दूसरा, जल की योजना बनाते समय भारत के गहरी विविधता का सम्मान करना होगा। तीसरा, जल के प्रबंधन एवं वितरण पर ज्यादा ध्यान देना होगा। चौथा, पानी के पुनर्चक्रण एवं दोबारा इस्तेमाल को प्राथमिकता दी जाए। पांचवां, जल प्रबंधन के बारे में जन जागरूकता और जन भागीदारी बढ़ाना।

समिति ने जल शक्ति मंत्री के उस सुझाव से सहमति जताई कि अतीत की जल नीतियों के उलट नई राष्ट्रीय जल नीति सिर्फ पवित्र मंशाओं को दशार्ने वाला महज बयान और कागजी पुलिंदा भर न रह जाए बल्कि इसे जमीन पर भी उतारना होगा। इस तरह नई जल नीति विशिष्ट रणनीतियों का उल्लेख करने के साथ एक तय समयसीमा का भी उल्लेख करती है जिसमें इसके प्रमुख प्रावधानों को लागू किया जाएगा। राष्ट्रीय जल नीति को सार्वजनिक पटल पर रखकर लोगों से राय लेने की परंपरागत रवायत के साथ ही जल शक्ति मंत्री ने इस नीति के विभिन्न पहलुओं के बारे में हितधारकों के साथ खुलकर चर्चा करने के लिए मुक्त कार्यशालाओं के आयोजन की भी बात कही है। यह कदम स्वतंत्र विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार राष्ट्रीय जल नीति पर भारत सरकार के कोई अंतिम फैसला लेने के पहले उठाया जाएगा। स्थापित प्रक्रिया के तहत जल नीति को अंतिम स्वीकृति देने का अधिकार राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद के पास होता है। प्रधानमंत्री इस परिषद के अध्यक्ष होते हैं और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री इसके सदस्य होते हैं।

यह प्रक्रिया जारी रहने के बीच मैं आने वाले समय में कई लेखों के जरिये पाठकों के समक्ष नई राष्ट्रीय जल नीति के अहम बिंदुओं और नीति में उन्हें शामिल करने के पीछे की सोच से अवगत कराने की कोशिश करुंगा। मैं अतीत से काफी अलग नजर आने वाली नीति के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को रेखांकित करने की भी कोशिश करुंगा ताकि यह पता चल सके कि नई सोच की जरूरत क्यों थी और इन्हें जमीन पर किस तरह लागू किया जाना है?

मुझे उम्मीद है कि जल प्रबंधन से जुड़े तमाम हितधारक इस नीति पर होने वाली चचाओं में खुलकर शिरकत करेंगे ताकि नई राष्ट्रीय जल नीति में प्रस्तावित सिद्धांतों, दृष्टिकोण, प्रभाव बिंदुओं एवं दिशा को लेकर गहरी समझ पैदा हो सके।

(लेखक शिव नाडर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। वह नई राष्ट्रीय जल नीति का खाका तैयार करने वाली समिति के प्रमुख हैं)

## खास बात

### क्यों टूट रहें है परिवार

**डॉ सत्यभान सौरव**

**आज** सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त जरूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूंढकर उनको दुरुस्त करने की भी जरूरत है। इसके लिए समाज के कर्णधार कवि/लेखकों/गायकों/नायक/नायिकाओं/शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए. खुले मंचो से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवयित्री प्रियंका सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि-टूट रहे परिवार हैं, बदल रहे मनभाव ! प्रेम जताते गैर से, अपनों से अलगाव !!

परिवार, भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। संयुक्त परिवार प्रणाली या एक विस्तारित परिवार भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण विशेषता रही है, जब तक कि शहरीकरण और पश्चिमी प्रभाव के मिश्रण ने उस संस्था को झटका देना शुरू नहीं किया। परिवार एक बुनियादी और महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था है जिसकी व्यक्तिगत और साथ ही सामूहिक नैतिकता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। परिवार सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों का पोषण और संरक्षण करता है।

यह कानून का पालन करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन देकर समाज को स्थिरता प्रदान करता है। यह व्यक्ति में सामूहिक चेतना के निर्माण में मदद करता है। परिवार प्रणाली एक एकल, शक्तिशाली किस्में है जो सदियों से है, और विविधता के साथ समृद्ध, सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है समाजीकरण में यह भावनात्मक संबंध का प्रमुख स्रोत है, समाजीकरण और नैतिकता को आकार देने के तरीके से सही और गलत की भावना उत्पन्न करता है। बच्चों को उनके माता-पिता, उनके साथियों और उनके समाज के सामाजिक सम्मेलनों के अनुसार नैतिक निर्णय लेने के रूप में देखा जाता है।

# परशुराम का क्रोध

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहस**

**परशुराम** अहंकार से भरे हुए थे। इसलिये वे बोले कि मैं गुरु ऋण अवश्य चुकाउंगा ही आप गुरु दक्षिणा मांगिये। शिव जी सोचे कि इसके मन में अहंकार आ गया है और ज्ञान लुप्त हो गया है। अतः इनका कल्याण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैं मुण्डमाल पहनता हूं। इस माला के सारे मुण्डों के बची एक सुमेर चाहिए। अतः आप सुमेर के लिये हजार फन बाले शेष नाग का मुण्ड लेते आइये। शेषनाग के पास जाकर परशुरामजी ज्योंही फरसा लकर सिर की ओर गये वे शेषनाग के फुफकार को बर्दाश्त नहीं कर सके और उड़कर मंदराचल पर्वत पर आ गये। तब से वे मंदराचल पर्वत पर ही थे और पुनः भक्ति का अवसर ढूंढ रहे थे। ज्योहि शिव धनुष तोड़ें जाने का समाचार उन्हें ज्ञात हुआ वे भक्ति का अवसर जानकर राजा जनक की सभा में पहुंचे। आते ही उन्होंने कहा कि जिसने यह धनुष तोड़ा है वह इस सभा से विलग हो जाये। क्षत्रियों की सभा उसे विलग कर दे। वह सहस्त्रबाहु की समान मेरा शत्रु है। मैंने उसके वंश को समूल नाश कर दिया है। जब उन्होंने इस तरह आवेश में कहा तो लक्ष्मण जी ने जबाव दिया कि ऐसे कितने धनुष हमने बचपन में तोड़ें हैं। अब वे बार-बार क्रोध में आकर प्रश्न करते और लक्ष्मण जी उन्हें चिढ़ाते रहे और क्रोधित करते रहे। चूंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे। वे जानते थे कि परशुराम जी किस प्रकार हमारा सिर काटने आये थे और नहीं काट सके। उन्होंने कहा कि उस समय तो आप मेरा सर नहीं काटे सके। **(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम)**

## कॉर्टून वर्ल्ड

पर्यावरण की सांसें...



**हेमंत सोरेन एक बेहतर मुख्य मंत्री है लेकिन झारखंड राज्य के अधिकारी उनका सहयो ग नहीं करते हैं जिससे कई महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो पाता है।**
**- रमेश बैस राज्यपाल महाराष्ट्र**

## आपके ट्वीट

अन्नेन जातानि जीवन्ति। अन्नं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय। पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति तं होवाच। अन्नं ब्रह्म है!
**- स्वामी अवधेशानंदगिरी**





प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व, तुरंत निर्णय लेने की क्षमता और शक्ति, स्पष्ट दृष्टि, अनुशासित जीवन तथा धैर्यशीलता से आजादी के 70 साल से विरासत में आ रही समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान हुआ है। **- जेपी नड्डा**

# शर्मनाक है अब भी सर पर मैला ढोने की प्रथा

**प्रियंका सौरभ**

**देश** में 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं।

और इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी समेत तमाम महापुरुषों ने समय-समय पर प्रयास किए इसके बावजूद यह व्यवस्था न सिर्फ निजी बल्कि सरकारी प्रतिष्ठानों में भी अपनी जड़ें जमाए रही। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। तब महात्मा गांधी ने 1917 में पूरा जोर देकर कहा था कि साबरमती आश्रम में रहने वाले लोग अपने शौचालय को खुद ही साफ करेंगे। इसके बाद महाराष्ट्र हरिजन सेवक संघ ने 1948 में मैला ढोने की प्रथा का विरोध किया था और उसने इसको खत्म करने की मांग की थी। तब जाकर ब्रेव-कमेटी ने 1949 में सफाई कर्मचारियों के काम करने की स्थितियों

## समस्या

में सुधार के लिए सुझाव दिए थे। आजादी के बाद मैला ढोने की हालातों की जांच के लिए बनी एक अन्य समिति ने 1957 में सिर पर मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने का सुझाव दिया था। इतने सालों बाद भी हम देश भर में आए रोज सफाई के लिए सेप्टिक टैंक और नालियों में मानव प्रवेश के कारण हुई मौत की खबरें सुनते है। जिस से देश में सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई में मानव हस्तक्षेप की जगह नवीनतम तकनीकों को बढ़ावा दिया जा सके। सेप्टिक टैंकों और नालियों की सफाई करने वालों के अलावा मैला प्रथा (मैनुअल स्कैवेंजिंग) भी इस काम में लगे लोगों के लिए अभिशाप बन गई है. मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। 2015 में जारी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 18 मिलियन मैनुअल मैला ढोने वाले घर थे। अधिकांश सेप्टिक टैंक मैन्युअल रूप से भारतीय शहरों में खाली किए जाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 80प्रतिशत सीवेज क्लीनर विभिन्न संक्रामक रोगों के कारण 60 की उम्र से पहले मर जाते हैं। ये दुर्घटनाएं शहरी इलाकों में अधिक हैं और क्योंकि देश के 8000 शहरी क्षेत्र हैं और 6 लाख गांव के बड़े हिस्से में सीवेज प्लांट नहीं हैं। मैनुअल स्केवेंजिंग मुख्य रूप से जाति व्यवस्था से दृढ़ता से जुड़ा हुआ है। इस सबसे बड़े अमानवीय पेशे को खत्म करने के लिए समाज द्वारा समर्थन का अभाव भी इसके बने रहने के पीछे एक कारण है। वैसे भी शिक्षा और मानवता का अभाव आज भारत के कई हिस्सों में गायब है। इनके बारे में एक सटीक सर्वे भी नहीं हो पा रहा है क्योंकि डेटा स्व-रोजगार लेने के लिए मैनुअल मैला ढोने वालों की जानकारी सामाजिक अभिशाप होने की वजह से सामने नहीं आ पाती। इसके लिए एक सरकारी पहल की सख्त जरूरत है।

# संतों और नेताओं की मिली भगत?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**भाजपा** अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के बयान पर हमारे अखबारों और टीवी चैनलों ने कोई ध्यान नहीं दिया। नड्डा सत्तारूढ़ पार्टी के अध्यक्ष हैं और जिस मुद्दे पर उन्होंने भाजपा को संबोधित किया है, वह मुद्दा उन सब मुद्दों से ज्यादा महत्वपूर्ण है, जो अन्य नेतागण उठा रहे हैं।

वह मुद्दा है- हिंदू राष्ट्र, हिंदू-मुस्लिम, हिंदू धर्मगुरुओं जैसे मुद्दों पर बयान आदि का। कई अन्य मुद्दे जैसे अडाणी, बीबीसी, शिवसेना, त्रिपुरा चुनाव आदि पर भी जमकर तू-तू-मैं-मैं का दौर चल रहा है। यह सब तात्कालिक मुद्दे हैं लेकिन जिन मुद्दों की तरफ भाजपा अध्यक्ष ने इशारा किया है, उनका भारत के वर्तमान से ही नहीं, भविष्य से भी गहरा संबंध है। यदि भारत में सांप्रदायिक विद्वेष फैल गया तो 1947 में इसके सिर्फ दो टुकड़े हुए थे, अब इसके सौ टुकड़े हो जाएंगे। इसके शहर-शहर, गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले टूटे हुए दिखाई पड़ेंगे।

हमारे कुछ युवा, जो पर्याप्त पढ़े-लिखे नहीं हैं और जिन्हें इतिहास का ज्ञान भी नहीं है, वे लाखों लोगों को अपना ज्ञान बांटने पर उतारू हैं। लोगों ने उन्हें ह्यबाबाह्ल बना दिया है। उन्हें खुद पता नहीं है कि वे

## सामयिक

अपने भक्तों से जो कुछ कह रहे हैं, उसका अर्थ क्या है? यह हो सकता है कि वे किसी का भी बुरा न चाहते हों लेकिन उनके कथन से जो ध्वनि निकलती है, वह देश में संकीर्ण सांप्रदायिकता की आग फैला सकती है।

जो भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का दावा करते हैं, उन बाबाओं से आप पूछें कि आपको हिंदू शब्द की उत्पत्ति और अर्थ का भी कुछ ज्ञान है। ऐसे बाबाओं को तो आप शून्य का अंक दे देंगे। हमारे नेताओं का भी यही हाल है। आजकल हमारे साधु और नेता इतने अधिक नौटंकीप्रिय हो गए हैं कि वे एक-दूसरे की शरण में सहज भाव से समर्पित हो जाते हैं। इसे ही संस्कृत में ह्यअहो रूपम्, अहो ध्वनि का भाव कहते हैं। यानी गधा ऊंट से कहता है कि वाह! क्या सुंदर रूप है, तेरा? और ऊंट गधे से कहता है कि ह्यक्या मधुर है, तेरी वाणी?

इसी घालमेल के विरुद्ध नड्डा ने अपने सांसदों को चेताया है। अपने आप को परम पूज्य और महर्षि कहलवाने वालों को मैंने कई भ्रष्ट नेताओं के चरण-चुंबन करते हुए देखा है। ऐसे कई संत बलात्कार, व्यभिचार, ठगी, हत्या आदि कुकर्मों के कारण आजकल जेलों में सड़ रहे हैं। इन संतों के आगे दुम हिलाते हुए नेताओं को किसने नहीं देखा है? संत और नेता दोनों ही अपनी दुकानें चलाने के लिए अघोषित गठजोड़ में बंधे रहते हैं। यही गठजोड़ जरूरत पड़ने पर सांप्रदायिकता, भविष्यवाणियों और चमत्कारों का जाल बिछाता है और साधारण लोग इस जाल में फंस जाते हैं।

भाजपा के अध्यक्ष ने अपने सांसदों को जो सबक दिया है, वह सभी पार्टियों के नेताओं पर भी लागू होता है। भाजपा अध्यक्ष ने अपने सांसदों को जो चेतावनी इस दौर में दी है, उसके लिए वे सराहना के पात्र हैं।

## लेटर टू एडिटर

### डॉकघर में हो रजिस्ट्री

**पलामू** जिला अधिवक्ता संघ ने डाक अधीक्षक पलामू से पलिखकर कचहरी डाकघर से रजिस्ट्री कार्य बंद रहने के कारण हो रहे परेशानियों से अवगत कराया है। पोस्ट ऑफिस से डाक रजिस्ट्री बंद रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। न्यायालय से संबंधित भी रजिस्ट्री कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। इस पर सरकार ध्यान दें।

**-संतोष पाण्डेय, मेदिनीनगर**

### चीतो की खेप

**दक्षिण** अफ्रीका से 12 चीतों के मध्य प्रदेश आने से भारत की वन्यजीव विविधता को बढ़ावा मिला है। उल्लेखनीय है कि ये 12 चीते शनिवार को मध्य प्रदेश पहुंचे और उन्हें श्योपुर जिले के कुनो नेशनल पार्क (केएनपी) में अलग-अलग बाड़ों में छोड़ दिया गया। पांच महीने पहले एक अन्य अफ्रीकी देश नामीबिया से आठ चीते लाए गए थे।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### झरपो से गाडीसाड़म सड़क मरम्मति कार्य का किया गया शिलान्यास

**टाटीझरिया।** ग्रामीण विकास विभाग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत टाटीझरिया के झरपो से गाडीसाड़म तक 7.950 किलोमीटर सड़क मरम्मति का शिलान्यास बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने सोमवार पूर्जा अर्चना कर किया. झरपो में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि बहुत दिन से सड़क की स्थिति जर्जर थी, लोगों को परेशानी हो रही थी, इसलिए सड़क मरम्मति के लिए लिखा गया था। अब इसकी स्वीकृति मिली है। वही संवेदक को गुणवत?तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया है। मौके पर प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, उपमुखिया राजेन्द्र कुमार, खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी,जिला शिक्षा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, महेश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय, दशरथ नारायण सिंह,खैरा पसंस विनय दास, राजेश कुमार, संतोष कुमार,बसंत नारायण सिंह, निर्मल प्रसाद,किशोरी ठाकुर,मिथलेश प्रसाद, संदीप पांडेय ,शम्भु प्रसाद,रवि कुमार समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### लोक अदालत का आयोजन

**बिष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में बैंक ऑफ इंडिया शाखा के द्वारा आज लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमें विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया नवादा, चलजामो व विष्णुगढ़ शाखा शामिल है। जिसको लेकर ऋण धारकों को पूर्व में नोटिफिकेशन दी गई है। ब्रांच द्वारा पिछले बार भी लोक अदालत के जरिए लगभग 165 खाताधारकों से लगभग 75 लाख की ऋण वसूली की गई थी। वहीं मंगलवार को लगने वाला लोक अदालत के लिए प्रखंड क्षेत्र के लगभग 200 से अधिक खाताधारकों को लोक अदालत में अपने ऋण सम्बंधित मामले कों लेकर हाजिर होने को नोटिस थमाया गया है, शिविर के जरिये बकाए ऋण के मामले का निष्पदान किया जायगा। शाखा प्रबंधक अमर कुमार ने कहा कि खाताधारकों के सहूलियत के लिए लोक अदालत का आयोजन कीया जाता है ताकि ग्राहकों को समय और परेशानियों से बचाया जा सके।

### यादव विकास समिति बड़कागांव प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न

**बड़कागांव।** यादव विकास समिति बड़कागाँव प्रखंड इकाई की बैठक राज्य सम्पोषित+2उच्च विद्यालय हरली के प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड स्तरीय यादव होली मिलन समारोह ग्राम नापो कलां में काली मंदिर के समीप दिनांक 5/3/2023 दिन रविवार को मनाया जायेगा।साथ ही सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि गोदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव को झूठा केश में फंसा कर बेवजह परेशान किया जा रहा है ।इसकी प्रखंड स्तरीय यादव विकास समिति घोर निंदा करती हैं।बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष चुरामन गोप, सचिव कमल यादव, कोषाध्यक्ष नवलेश यादव,बिनोद यादव, विजय यादव, अजय यादव, चतुरी गोप, नरेश यादव, फागु गोप सहित सैकड़ों यदुवंशी भाई उपस्थित थे।

### बेड़म में मवेशियों को लगाया गया रोग प्रतिरोधी टीका

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के डूमर पंचायत के बेड़म गांव में सैकड़ों मवेशी पिछले एक माह से लगातार बीमारी से ग्रस्त थे। इनकी बीमारी को ध्यान में रखते हुए उप मुखिया मुकेश कुमार मंडल ने प्रखंड स्तर के पशु चिकित्सकों से संपर्क किया और इसके निराकरण का आग्रह किया। सोमवार को पशु चिकित्सकों की टीम बेड़म पहुंचा और वहां 500 मवेशियों को रोग प्रतिरोधी टीका लगाया गया। टीम में भरत यादव,संतोष प्रसाद,कुंदन कुमार दिलेश्वर प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

### सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के भैया- बहन प्रांत द्वारा आयोजित प्रतिभा चयन, प्रतिभा खोज, निबंध एवं सुलेख आदि प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से उन्हें पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया' गौरतलब है कि उपर्युक्त पुरस्कार प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन गिरिडीह में प्राप्त हुआ है। संध्या कुमारी को सुलेख में, प्रकृति कुमारी सुलेख में, दिव्य अग्रवाल एवं वैभव कांत सिंह को प्रतिभा खोज में 1000 का चेक, विवेक कुमार को प्रतिभा चयन मैं 1000 का चेक एवं निबंध में श्वेता कुमारी ,प्रज्ञास्वी और जीवनदीप प्रिंस को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि मनोज कुमार गिरी, समिति के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह ,सचिव संजय उपाध्याय एवं पूर्व आचार्य सहदेव कुमार राणा के द्वारा प्रदान किया गया' मौके पर भैया- बहनों के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया' कार्यक्रम में प्रतिभा चयन प्रतिभा खोज में प्रथम पुरस्कार एवं सर्वाधिक नामांकन का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र विद्यालय के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह, सचिव संजय उपाध्याय एवं प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र को कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

### कांग्रेस की पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तरीय बैठक आयोजित

# कार्यकर्ताओं की बदौलत बजरंग महतो की होगी जीत: अविनाश



रामगढ़ उपचुनाव में प्रचार करने पहुंचे अविनाश पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** कांग्रेस पार्टी की रामगढ़ नगर, रामगढ़ प्रखंड, पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तरीय बैठक सोमवार को जिमखाना क्लब में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, शहजादा अनवर उपस्थित थे। मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती आई है और आगे भी इसी नीति पर आगे बढ़ेगी। वहीं, रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि इस चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत होगी। क्योंकि पूर्व विधायक ममता देवी को एक षड़यंत्र के तहत जिस प्रकार फंसाकर जेल भेजा गया उससे रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। यहां की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को विजय बनाने का निर्णय ले लिया है। श्री पांडे ने कहा कि यहां से 15 वर्ष तक विधायक व मंत्री रहने के बाद भी चंद्रप्रकाश चौधरी क्षेत्र की लोगों की अपेक्षाएं पूरी नही कर सके। जिस कारण वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में लोगों ने इस सीट पर कांग्रेस को विजय बनाया। कहा कि पूर्व विधायक ममता देवी लगातार क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रही थीं। पर षड़यंत्र के तहत फंसाकर उन्हें जेल भेज दिया गया। इसलिए लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को वोट देकर विजय बनाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, शहजादा अनवर आदि ने भी अपने विचार रखे। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन झारखंड को उलझा कर रखना चाहते हैं, विकास नहीं : सुदेश

### एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में सुदेश व लंबोदर महतो ने पांच पंचायतों में की चुनावी सभा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोला।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार व विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने सोमवार को गोला प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायतों में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में चुनावी सभा कर समर्थन मांगा। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो व गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने प्रखंड क्षेत्र के कोरांबे, साड़म, बरियातू, गोला व सोसोकला पंचायत में चुनावी सभा की। इस दौरान आजसू सुप्रीमो ने झरखंड सरकार पर बरसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व शिबू सोरेन दोनों मिलकर झारखंड के लोगों को उलझाकर रखना चाहते हैं। साथ ही गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की धर्मपत्नी सुनीता चौधरी के पक्ष में समर्थन मांगते हुए कहा कि आजसू पार्टी ही आपके क्षेत्र में विकास का काम कर सकती है। सांसद सीपी चौधरी अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में पूरे रामगढ़ जिले के कोने कोने तक सड़क, बिजली, पानी पहुंचाने का काम किया।

आजसू पार्टी हमेशा लोगों के हर सुख दुःख शादी, श्राद्धकर्म सहित अन्य कार्यों में भी साथ रहती है। वहीं गोमिया विधायक ने अपने संबोधन में लोगों से अपील करते हुए कहा कि अबकी बार गलती नहीं किजिएगा। नहीं तो क्षेत्र के गांवों में विकास की गति रुक जायेगा। उन्होंने आगामी 27 फरवरी को क्रम संख्या दो पर केला छाप पर मुहर लगाकर सुनीता चौधरी को विजयी बनाने की बात कही। मौके पर निरु शांति भगत, प्रमुख गीता देवी, पूर्व प्रमुख सह वर्तमान जिप सदस्य जलेश्वर महतो, आजसू केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार महतो, मुखिया किरण देवी, फुलचंद महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में बूथ कमिटी सशक्तिकरण के लिए प्रभारी मनोनित


भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक झरपो चौरंगी मोड़ में अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई। संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि एमके पाठक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावी समर में हम सब कूद पड़े हैं। इसकी सफलता तभी सुनिश्चित होगी जब हमारा बूथ सशक्त होगा। हमें बूथ कमिटी का पुनर्गठन करना है,सभी वर्गों का समावेश बूथ कमिटी में करना है,युवाओं,महिलाओं,किसानों समेत अन्य समाज के प्रभावी लोगों तक अपनी पहुंच मजबूत करना है।मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि हमें देश का प्रधानमंत्री फिर से नरेंद्र मोदी जी को बनाना है ,इसके लिए बूथ कमिटी को जितना होगा,तभी हमारा सपना पूरा होगा। मंडल उपाध्यक्ष उपेंद्र पांडेय ने कहा कि देश को परम वैभव तक पहुंचाना है और यह काम देश व दुनिया के शक्तिशाली नेता प्रधानमंत्री ही कर सकते हैं। बैठक में प्रमुख संतोष मंडल, उप प्रमुख रवि वर्णवाल, रजनीकांत चौधरी,कौलेश्वर मिश्र, योधी प्रसाद यादव,दशरथ नारायण सिंह, सहदेव यादव, मिथिलेश प्रसाद,बासुदेव प्रसाद,निर्मल प्रसाद,उमेश प्रसाद समेत अन्य ने अपने संबोधन में संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर लक्ष्मण यादव,अजय सिंह, विनोद महतो, सोबरन महतो, सुरेश प्रसाद, संतोष प्रसाद,राजू यादव, बोधी महतो, मुरली गंझू, रवि कुमार,निर्मल प्रसाद, किशोरी ठाकुर,बद्री भुइंया, सोबरन महतो,सौरभ कुमार सिंह, संतोष कुमार,राजेन्द्र कुमार, रवि कुमार, सन्तोष कुमार समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## 65वें खनन सुरक्षा सप्ताह का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन

### एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को सर्वश्रेष्ठ कोयला खनन परियोजना के पुरस्कार से नवाजा गया



समारोह में शामिल अधिकारी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** भारतीय खान महानिदेशालय के तत्वावधान में आयोजित 65वें खनन सुरक्षा सप्ताह का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह भव्य रूप में आयोजित किया गया। इस मौके पर खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में खान सुरक्षा संबंधित अनेकों बातें कही। महानिदेशक डीजीएमएस ने कहा की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और हमें खुशी है कि कोयला खनन परियोजनाएं दिशा निर्देशों का पालन करते हुए खनन कार्य कर रही है। हमारे सभी माइंस में कर्मचारियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। उन्होंने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि 100 टन का डंपर चलाने का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार देने के लिए एनटीपीसी पकरी बरवाडीह बधाई का पात्र है और हमें आशा है कि इसकी संख्या ओर बढ़ेगी। डीजी ने अन्य कंपनियों को भी महिला एवं ट्रांसजेंडर्स को नौकरी देकर सम्मान की जिंदगी देने के लिए धन्यवाद कहा। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह को और भव्य और शानदार, रंगारंग कार्यक्रम के आयोजन ने बना दिया। झारखंड की परंपरागत पहचान खोरठा नृत्य गीत संगीत ने माहौल और देश भर से आए अतिथियों का मन मोह लिया। खनन परियोजनाओं में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को सर्वश्रेष्ठ कोयला खनन परियोजना के पुरस्कार से नवाजा गया। मौके पर महिला एवं ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि डीजी प्रभात कुमार के अलावा रमेश बाबू वी. जयकुमार श्रीनिवासन, पीएम प्रसाद, नव प्रकाश देवरी, आफताब अहमद आदि एवं एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार और पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव मौजूद थे।

### बलकुदरा खुली खदान लाइटिंग के लिए पुरस्त

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 65वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को हजारीबाग में सीसीएल, एनटीपीसी, टाटा और हिंडौलको आदि माइंस को पुरस्त किया गया। जिसमें बलकुदरा खुली खदान को लाइटिंग के लिए पुरस्त किया गया है। यह पुरस्कार मुख्य अतिथि सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद द्वारा दिया गया है। इधर पुरस्कार मिलने से बलकुदरा खुली खदान के अधिकारियों व कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। सोमवार को बलकुदरा खुली खदान में पुरस्कारों का प्रदर्शनी कर हर्ष व्यक्त करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी। हर्ष व्यक्त करने वालो में माइन अ मैनेजर आरके वर्णवाल, भुरकुंडा सेफ्टी मैनेजर पंकज कुमार सिंह, बलकुदरा खान मैनेजर बबलू कुमार, भुरकुंडा साइडिंग मैनेजर अविनाश चंद्रा, भुरकुंडा प्रोजेक्ट अफिसर अंकुर विश्वास, भुरकुंडा प्रोजेक्ट इंजीनियर रमेश कुमार, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशि भूषण सिंह, कोलफील्ड मजदूर यूनियन के सचिव पप्पू सिंह,आदि शामिल हैं।

## पुल के निर्माण से कई गांवों का विकास संभव : उमाशंकर

### विधायक उमाशंकर अकेला ने किया करगईयो बराकर नदी के चितहवा घाट पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास


पुल का शिलान्यास करते विधायक उमाशंकर अकेला व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत के करगईयो बराकर नदी के चितहवा घाट पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास बरही विधायक उमाशंकर अकेला के हाथों किया गया। शिलापट्ट का अनावरण करते हुए विधायक ने पुल का शिलान्यास किया। मंच संचालन रामचन्द्र पंडित ने किया। श्री अकेला ने कहा कि उक्त पुल के निर्माण होने से पंचायत के कई गांवों के ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी।साथ ही स्थानीय लोगों के लिए विकास की अपार संभावनाए सुनिश्चित होती है। लोगों को आवागमन में कई सविधाएँ उपलब्ध होगी।उन्हें खेती की पैदावार का आवगमन के माध्यम से अच्छे बाजार उपलब्ध होंगे। साथ ही कोल्हुआकला पंचायत के सभी ग्रामवासियों एवं तिलैया डैम तथा तिलैया सैनिक स्कूल के कर्मियों को झुमरी तिलैया बाजार रेलवे स्टेशन तथा जिला मुख्यालय कोडरमा जाने में सहुलियत होगी तथा वर्त्तमान दूरी में लगभग 12 किमी की कमी हो जायेगी। साथ ही साथ क्षेत्र के किसानों को भी अपने उत्पादों को बाजार सुलभ होगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जीप सदस्य रविशंकर अकेला, विस विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रखण्ड अध्यक्ष कांग्रेस अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया मंगलदेव यादव, अमित जायसवाल, पंसस प्रभु यादव, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, 20 सूत्री सदस्य मीणा देवी, रघुवीर यादव, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, बासुदेव यादव, अज्जू सिंह, यदुनन्दन यादव, राजकुमार यादव, वार्ड सदस्य मंजू देवी, शिवनन्दन यादव सहित अन्य सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### भाजपा चितरपुर मंडल के गठित बूथ स्तरीय पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को ध्यान में रखते हुए सोमवार को चितरपुर स्थित होटल रॉयल पैलेस में भाजपा चितरपुर मंडल के गठित बूथ स्तरीय पन्ना प्रमुख सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद ने किया । सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा के मुख्य सचेतक डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ,विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, विधायक मनीष जायसवाल, वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद, पूर्व विधायक डॉ. जीतू चरण राम, डॉ . संजय प्रसाद सिंह, नारायण चन्द्र भौमिक, संजीव कुमार बावला, मनोज सिंह उपस्थित हुए। स्वागत भाषण गणेश प्रसाद ने देते हुए मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न के रूप में माता छिन्नमस्तिका मंदिर का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया ।

## सहायक अध्यापकों ने शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** एकीकृत सहायक अध्यापकों ने संघर्ष मोर्चा की राज्य कार्यकारिणी के निदेर्शानुसार पूरे झारखंड में मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से मांग पत्र सौंपा।जिसके तहत एकीकृत सहायक अध्यापकों ने प्रखंड के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामसेवक दांगी को मांगपत्र सौपा। अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश कमिटि सदस्य संजय कुमार दुबे ने कहा कि झारखंड के सहायक अध्यापक 15-20 सालों से विद्यालय में निरंतर अपनी सेवा दे रहे हैं।परंतु आज तक किसी भी सरकार ने वेतनमान देने की बात नहीं की। यह सरकार नियमावली तो दी पर वेतनमान से दूर है।हेमंत सरकार के चुनाव से पूर्व शिक्षकों को उनपर पूर्ण विश्वास था।परंतु यह सरकार भी ठगने जैसा काम किया है। इसलिए मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि टेट पास पारा शिक्षकों को अविलंब वेतनमान दे क्योंकि वह सभी आहर्ता को पूरा करते हैं तथा प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को आकलन परीक्षा लेकर पास किए हुए सहायक अध्यापक को भी वेतनमान देने का काम करें। प्रखंड सचिव मनोज कुमार घोष ने कहा कि सरकार वेतनमान पर अविलम्ब विचार करें नहीं तो आने वाला बजट सत्र में एकीकृत संघर्ष मोर्चा के द्वारा पुरजोर विरोध किया जा सकता है। आज के इस कार्यक्रम में एकीकृत संघर्ष मोर्चा के प्रदेश कमिटि संजय कुमार दुबे, प्रखंड अध्यक्ष दीनानाथ प्रसाद, प्रखंड सचिव मनोज कुमार घोष, सरफराज अहमद, दीपक यादव, मो सनौवर, रामचंद्र यादव लक्ष्मी कुमारी शामिल हुए।

### बहेरा लोकल सेल में दो गुटों में गहराता जा रहा है विवाद

# शरारती तत्वो ने टेंट में लगा दी आग

### खूनी संघर्ष की आशंका


टेंट में लगायी गयी आग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ कोलियरी में खुले बहेरा लोकल का मामला गहराता जा रहा है।कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है।इस विवाद को लेकर सीसीएल प्रबंधन सेल को पुनः अनिश्चितकाल के लिए बंद करा दी है।साथ ही प्रबंधन ने लिखित आदेश दे दी है।ज्ञात हो की विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के मजदूरों ने करीब 200 दिनों से टेंट लगाकर 6 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। लेकिन बीते रात कुछ शरारती तत्व के लोगों ने आंदोलनरत टेंट में आग लगा दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही केंद्रीय विस्थापित प्रभावित मोर्चा के अध्यक्ष शिवलाल महतो घटनास्थल पर पहुंचकर इसका जायजा लिया। उनके पूछे जाने पर बताया कि यह घटना शर्मनाक है। इसकी जानकारी चरही पुलिस को दे दी गई है।श्री।महतो ने कहा कि इस लोकल सेल सैकड़ों मजदूर ट्रकों की लोडिंग कर अपने जीविकोपार्जन करते थे। लेकिन सेल में विवाद होने के कारण एक गुट के कारण बंद होने के कगार पर है। आगे बताया कि सेल को खुलवाने के लिए मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो के अथक प्रयास के कारण इस सेल को सीसीएल प्रबंधन ने सेल को खोलने पर मजबूर हो गई थी। इस सेल हजारों मजदूर ट्रकों की लोडिंग कर कार्य करने लगे थे। लेकिन विधायक को यह पता नहीं चला की कभी भी इस सेल में ग्रहण लग सकता है। सेल को ग्रहण लगते ही बंद हो गया।पुनः काफी प्रयास और आंदोनल के बाद सेल को खोला गया।सेल को खुलते ही मजदूर में काफी खुश की लहर थी।कुछ दिनों तक ठीक ठाक से चलता रहा।उसके बाद से आपसी विवानों फस गया।मजदूरों को यह पता नहीं था कि सेल जल्द ही बंद हो जाएगा।इस मामले में शिवलाल महतो और रामकिशोर मुर्मू के लोग आमने सामने हैं।एक गुट ने कोलियरी को तो दूसरे गुट चरही-घाटो मोड़ को जाम कर दिया है।पुलिस और जिला प्रशासन

# भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली और खुशहाली आती है : डॉ. सिंह



फीता काटकर जागरण का शुभारंभ कराते मुख्य अतिथि डॉ.एचके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार की रात्रि भुरकुंडा हस्पिटल कलोनी में स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भक्ति जागरण का उद्घाटन मुख्य अतिथि बरका-सयाल चिकित्सा पदाधिकारी ड. एचके सिंह व विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा ओपी के एसआई कुन्दन राव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ.एचके सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन तो होता ही है श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का भी अवसर मिलता है। श्री सिंह ने कहा कि समय-समय पर भक्ति आयोजन होते रहना चाहिए। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद मां भगवती जागरण मंडल पतरातू के भजन गायक पुनित पाठक, सिद्धार्थ कुमार मासुम, रामाजी व गायिका नित्या सिंह आदि कलाकारों ने हर हर शंभु, जय भोलेनाथ, ये गणेश के पापा, अरे द्वार पालों कन्हैया से कह दो, चलो बुलावा आया है, मौके पर भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, संजय मिश्रा, पूर्व शंभू दुबे, टुनटुन पांडेय, नित्यानंद पाठक, विजय कुमार, संजय मिश्रा, अमृतलाल सागर, सुधीर दुबे, पंसस रमिता मिश्रा, रमेश यादव, विक्रम कुमार, अभिषेक सोनी, बागेश करमाली, भोलू पाठक, विजय पासवान, नेपाली सिंह, बसंत करमाली आदि मौजूद थें।

## मृतक परिवार के परिजनों से मिले मंत्री सह विधायक सांत्वना जताया

प्रखंड के काशपुर लराई टंगरा टोली में जंगली हाथी के द्वारा चार आम ग्रामीण को कुचल दिया गया जिसमे चारो ग्रामीणों की मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना पाकर मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा घटना स्थल का जायजा लिया गया और भंडरा प्रखंड के ग्राम हाटी लराई टंगरा टोली पहुंच मृतक के परिजनों एवं घायल व्यक्ति के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया, साथ ही डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की यह काफी दुखद समय है और इस दुख की घड़ी में हम सब हमेशा शोकित परिवार के साथ हैं साथ ही मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान 25-25 हजार रुपए तुरंत


परिजनों से मिलते मंत्री

उपलब्ध कराए गए एवं तत्काल राशन की व्यवस्था मृतक के परिजनों के लिए मुहैया कराया गया और आपदा राहत कोष से 4 लाख रुपए सरकारी सहायता प्रदान करने को कहा,और विश्वास दिलाया कि जल्द ही सभी मृतक के परिजन एवं घायल ग्रामीण परिजनों को हरसंभव सरकारी सहायता हमारे द्वारा प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रशासन के द्वारा इस हाथियों के झुंड को भगाने का काम किया जा रहा है वन विभाग एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारियों से बात कर जल्द ही इस हाथियों के झुंड को खदेड़ने का काम करें और स्थिति को नियंत्रण किया जाए और आम ग्रामीण जनता को राहत पहुंचाए।

# बिछड़े हाथी ने चार लोगों को कुचलकर उतारा मौत के घाट

### भंडरा में अहले सुबह तीन और दोपहर में एक की मौत के बाद गांव में भय की स्थिति, वन विभाग के द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** सोमवार की अहले सुबह मौत बनकर हाथी लड़ाई टंगरा गांव में आया। 3 लोगों को मौत के घाट उतारकर लोगों को भयभीत कर दिया।समूह से बिछड़ कर आए जंगली हाथी के द्वारा 3 लोगों की कुचलकर हत्या कर दी गई। मृतकों मे लराई टंगरा निवासी लालमन महतो उम्र 60 वर्ष,झालो उरांव उम्र 27 वर्ष पति जीतराम उरांव,सकून उर्फ नेहा उम्र 18 वर्ष पति राजेश लोहरा शामिल है । इधर दोपहर में कशपुर बिछिया टोली निवासी एतवा उरांव के 37 वर्षीय पुत्र गणेश उरांव को भी हाथी ने बुरा तरह रौंदा डाला ,जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जंगली हाथी के आतंक से ग्रामीण दहशत के साए में है। वन विभाग की टीम कुछ भी कर पाने में खुद को असक्षम पा रही है। हाथी आने के बाद हुई घटना से प्रभावित गांव एवं आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद हाथी गांव के बगल में स्थित झाड़ी नुमा पतरा में रुका हुआ है। घटना के बाद आसपास के गांव के लोग भारी संख्या में जमा हो गए हैं। भंडारा बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी गौतम कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हुए हैं। वन विभाग के कर्मी किशोर नंद कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं ।घटनास्थल पर वन विभाग के किशोर नंद कुमार ने कहा कि फिलहाल में हाथी बहुत गुस्सा में है। इसे फिलहाल कहीं ले जाने या भगाने का कोशिश नहीं किया जा सकता है। कहीं भगा कर ले जाने के प्रयास के क्रम में और भी घटना होने की संभावना बनती है ।ऐसी परिस्थिति में शाम तक इसे यथावत रहने दिया जाएगा। शाम के बाद रात में हाथी को जंगल की ओर ले जाने का प्रयास किया जाएगा । वन विभाग के कर्मी ग्रामीणों को हाथी से दूरी बनाकर सुरक्षित रहने की हिदायत दे रहे हैं।घटना के बाद सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने दुख व्यक्त करते हुए ग्रामीणों को धैर्य बनाकर रखने एवं हाथी से दूरी बनाकर रहने का निर्देश दिया है।प्रभावित लोगो को हर संभव मदद करने की बात प्रशासनिक पदाधिकारियों ने कहा है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि हाथी अहले सुबह पांच बजे के आसपास गांव में पहुंचा। आज सुबह में कुहासा होने के कारण विजिबिलिटी कम थी। जिसके कारण हाथी लोगों को नजर नही आ रहा था। हाथी द्वारा लोगो को कुचले जाने के क्रम में हाथी दौरा चिघड़ने की आवाज को समझ पाते तब तक हाथी तीन लोगों को मौत के घाट उतार चुका था। सुबह में गांव के लोग नित्य क्रिया के लिए घरों से बाहर निकले थे। इसी क्रम में हाथी के सामने जो भी मिला उसे हाथी कुचल कर मार दिया।कुछ लोग जान बचा कर भागने मे सफल रहे । हाथी के सामने जो भी आया उसे हाथी निर्ममता पूर्वक कुचल कर मार दिया। सुबह के समय में लोग निश्चित होकर नित्य क्रिया के लिए घरों से निकले थे। इस तरह की घटना की लोगों को किसी तरह की आशंका नहीं थी। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वन विभाग के कर्मी किशोर नंद कुमार ने बताया कि हाथी के द्वारा कुचलकर मारे गए लोगों के परिजनों को तत्काल ?25हजार वन विभाग के द्वारा दिया जाएगा । कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद 4 लाख का मुआवजा वन विभाग के द्वारा दिया जाएगा। घटना की सूचना के बाद वन विभाग के कर्मी अनीता लाकड़ा अनिरुद्ध माली राजेश कुमार दिलीप उरांव नईम अलकड़ा सहित अन्य वनकर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर हाथी के स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जिससे कि इसी तरह की अन्य घटना नहीं हो।


इनसेट में जंगली हाथी व लोगो को हिदायत देते कर्मी


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GIRIDIH/26/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गिरिडीह जिलान्तर्गत बिरनी प्रखण्ड मे केन्दुआ–रोहनिया बेड़ा के मध्य मुखली नदी पर पुल का निर्माण। (पुल की लंबाई– 96.80 मीटर) | 54169500.00 | 1084000.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 09.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, रॉची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 10.03.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, रॉची।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –11.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह

PR 290775 (Rural Development) 22-23 (D)



**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग**

विज्ञापन संख्या– 01 / 2023

आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों **(School of Excellence)** एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु आवश्यक सूचना

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या–697 दिनांक–15.03.2022 के अनुरूप उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला स्तारीय चयन समिति के आदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालयों (Schools of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों जिन्हें राज्य सरकार की महत्त्वकांक्षी आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत गुणवत्त शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है में अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन निम्न अंकित शर्तों के अधीन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl. No. | Subject | PGT Total No. of vacant posts | PGT UR | PGT BC/BC-II | PGT MBC/BC-I | PGT ST | PGT SC | TGT Subject | TGT Total No. of vacant posts | TGT UR | TGT BC/BC-II | TGT MBC/BC-I | TGT ST | TGT SC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Hindi | 10 | 05 | 02 | 02 | 00 | 01 | Hindi | 11 | 06 | 02 | 02 | 00 | 01 |
| 2. | English | 08 | 04 | 01 | 02 | 00 | 01 | English | 11 | 06 | 02 | 02 | 00 | 01 |
| 3. | Sanskrit | 13 | 07 | 02 | 03 | 00 | 01 | Urdu | 03 | 02 | 00 | 01 | 00 | 00 |
| 4. | History | 09 | 05 | 01 | 02 | 00 | 01 | Farsi | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 5. | Geography | 05 | 03 | 00 | 01 | 00 | 01 | Mathematics/ Physics | 08 | 04 | 01 | 02 | 00 | 01 |
| 6. | Economics | 11 | 06 | 02 | 02 | 00 | 01 | Biology/ Chemistry | 07 | 04 | 01 | 01 | 00 | 01 |
| 7. | Mathematics | 09 | 05 | 01 | 02 | 00 | 01 | Geography | 06 | 03 | 01 | 01 | 00 | 01 |
| 8. | Physics | 15 | 08 | 02 | 03 | 00 | 02 | History/ Civics | 06 | 03 | 01 | 01 | 00 | 01 |
| 9. | Biology | 15 | 08 | 02 | 03 | 00 | 02 | Sanskrit | 17 | 09 | 02 | 04 | 00 | 02 |
| 10. | Chemistry | 12 | 06 | 02 | 03 | 00 | 01 | Economics | 05 | 03 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| 11. | Commerce | 09 | 05 | 01 | 02 | 00 | 01 | Commerce | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 12. | - | - | - | - | - | - | - | Physical Education | 05 | 03 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| 13. | - | - | - | - | - | - | - | Home Science | 04 | 02 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| 14. | - | - | - | - | - | - | - | Khortha | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| | Total | 116 | 62 | 16 | 25 | 00 | 13 | Total | 84 | 46 | 10 | 17 | 00 | 11 |

नोट :– दिव्यांगों का 4% एवं महिलाओं का 5% क्षैतिज आरक्षण उपरोक्त रिक्ति में सम्मिलित है।

अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (P.G.T.) एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (T.G.T.) के चयन हेतु निर्धारित अहर्ता एवं शर्तों को हजारीबाग के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 290728 School Education and Literacy (22-23)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या 42 / 2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.02.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.02.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 28.02.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य मद :– SCA एवं टाना भगत विकास प्राधिकार मद
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गुमला | Construction of 2 Unit Toilet at Old Thana, Gumla Under **Block - Gumla** District- Gumla. **(SCA)** | 10,35,200.00 | 20,800.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 2 | बसिया | Construction and Repairing work of Police Station (Thana) Basia, **Block-Basia**, Gumla District- Gumla. **(SCA)** | 16,90,000.00 | 33,800.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | बसिया | बसिया प्रखण्ड परिसर में सामुदायिक टाना भगता बैठक भवन निर्माण। | 11,01,400.00 | 22,100.00 | 2500.00 | 06 माह |

**निविदा की शर्तें**:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।

2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।

3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक / बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

PR.NO.290679 Rural Development(22-23):D


## कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों का जायजा

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न गतिविधियों का सोमवार को जायजा लिया। उपायुक्त ने कृषि विज्ञान केंद्र प्रक्षेत्र इकाई सालम में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों जिसमें गेहूं के विभिन्न प्रभेद की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए डीबीडब्लू 187 के परफॉर्मेंस पर प्रसन्नता जाहिर की। इसके साथ साथ न्यूट्रिशनल गार्डन बत्तख सह मछली पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, अजोला उत्पादन इकाई का अवलोकन किया और कहा कि यह किसानों के हित में है।

## डेढ़ किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सिसई।** सिसई प्रखंड के पुसो थाना पुलिस ने डेढ़ किलो गांजे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार युवकों को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि गुमला जिला में नशा के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत एसपी के निर्देश पर लगातार नशा उन्मूलन को लेकर छापामारी किया जा रहा है। दोनों अभियुक्त होंडा शाइन सीबी 8690 में बैठकर बैग में गांजा भर कर जा रहे थे। जिसकी गंध आने लगी पूछने पर दोनों ने अपना नाम सुनील कुमार साहू बख्शी डीपा निवासी व रोशन कुमार 20 वर्षीय सेन्हा बांध टोली निवासी बताया।

## अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

### जमीन मालिक का पुलिस ने लगाया पता


जांच करते पुलिस टीम व अफीम की फसल को कराया गया नष्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** गुमला जिला को नशे की गिरफ्त में झोंकने की साजिश रची जा रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अफीम की खेती कर इस बात को पुख्ता किया जा रहा है। लेकिन गुमला पुलिस की सक्रियता से नशे के कारोबार में उतरने वाले लोगों की मनसुबे सफल नहीं हो पा रही है।

## दो दिवसीय मोतियाबिंद शिविर संपन्न


शिविर में रोगियों के साथ लायंस क्लब के पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आयोजित दो दिवसीय लेंस प्रत्यारोपण सह निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में कुल 35 लोगों ने अपना पंजीयन कराया। जिसमें 14 लोग में जांच के बाद मोतियाबिंद पाया गया। जिसे रांची के नेत्र सर्जन डॉक्टर नवल, सहायक नेत्र चिकित्सक सदानंद महतो, संदीप जी, जय जी मंगल एवं अभय व संजय ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। इस शिविर को संपन्न कराने में अध्यक्ष ला. महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, पी आर ओ मुरली मनोहर प्रसाद, शंकरलाल जाजोदिया, शशिकिरण जायसवाल आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अगला शिविर 19 मार्च 2023 को आयोजित किया जाएगा।

## बीएड के विद्यार्थियों ने मुक वधिर आवासीय विद्यालय सिलम का किया दौरा

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला बीएड संकाय के द्वितीय सत्र के सभी छात्र छात्राएं आज गुमला जिला में स्थापित मुक्ति संस्थान द्वारा संचालित मुक बधिर, नेत्रहीन, स्पैष्टिक आवासीय विद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं से मिलकर उनके बारे में जानकारी हासिल की। वहां पढ़ने वाले सभी छात्र दिव्यांग हैं। प्रशिक्षु शिक्षकों के द्वारा उनकी कार्यशैली, शिक्षण सामग्री, शिक्षण विधि, आवासीय व्यवस्था, उनकी शारीरिक गतिविधि पर विस्तृत अध्ययन किया। प्रशिक्षु शिक्षकों के पाठ्यक्रम का यह एक हिस्सा है, जो समावेशी शिक्षा के अंतर्गत आता है।

## खड़ी ट्रक को बाइक सवार ने पीछे से मारी टक्कर, हुई मौत

**गुमला।** बसिया थाना चौक के समीप देर रात्रि लगभग 8:00 बजे खड़ी ट्रक को बाइक सवार व्यक्ति ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां पुलिस के द्वारा उसे बसिया रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई । घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी छोटू उरांव ने बताया कि मृतक का नाम सलीम बारला है जो हाफू कामडारा का रहने वाला है। व्यक्ति कामडारा थाना क्षेत्र के मुर्गा गांव में अपने ससुराल में रहकर कोइली गांव स्थित क्रेशर में कार्य करता था। जहां देर रात्रि बाइक में सवार होकर कोनवीर की ओर जा रहा था।

# एक और पीएलएफआई उग्रवादी चढ़ा पुलिस के हत्थे

### गिरफ्तार उग्रवादी के पास से बम बनाने के समान सहित कई सामग्री बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के एसपी आर रामकुमार की मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिला पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के उग्रवादी बालक राम उर्फ कबीर जी को कुडू थाना क्षेत्र के कालीपुर के जंगल से गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। पुलिस गिरफ्त में आए उग्रवादी के पास से उग्रवादी संगठन के पोस्टर पंपलेट और बम बनाने के सामान और चाकू बरामद किया गया है। एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी आर रामकुमार ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी बालक राम विकास साहू हत्याकांड में संलिप्त था और पीएलएफआई नक्सली संगठन के लिए पोस्टरबाजी कर लेवी की


गिरफ्तार उग्रवादी के साथ एसपी व अन्य

वसूली करता था। पीएलएफआई नक्सली संगठन के हार्डकोर एरिया कमांडर नक्सली कृष्णा यादव दस्ते का सदस्य था और पीएलएफआई के लिए सक्रिय सदस्य था। लोहरदगा पुलिस लगातार पीएलएफआई नक्सली संगठन के खात्मे के लिए कार्य कर रही है और कृष्णा यादव दस्ते के नक्सलियों को लगातार गिरफ्तार कर जेल भेज रहा है अभी तक 6 पीएलएफआई नक्सलियों को लोहरदगा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जिसपर विकास साहू हत्याकांड और बमबाजी के साथ क्षेत्र में पोस्टरबाजी कर लेवी वसूली करने में संलिप्त थे। लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि विगत दिनों कुडू में हुई व्यवसाई विकास साहू की हत्या और क्रेशर में पोस्टर चस्पा कर लेवी मांगने की घटना में बालक राम शामिल था। वहीं पीएलएफआई उग्रवादी संगठन का मुख्य सरगना कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान पुलिस गिरफ्त से दूर है। हालाकि पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर कृष्णा यादव की गिरफ्तारी में जुटी है।उग्रवादी की गिरफ्तारी में एएसपी दीपक पांडेय, कूडू थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, तकनीकी साखा के अभिनव कुमार आदि शामिल है।

## एक नजर में

### शिकायत निवारण शिविर का आयोजन


शिविर में मामलों का निष्पादन करते डीएसई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शिक्षकों व कर्मचारियों के लंबित दावों को लेकर सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक मो. वसीम अहमद की अध्यक्षता में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कई शिक्षकों व कर्मचारियों के लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमें सेवानिवृत शिक्षक सुधीर कुमार के भविष्य निधि में संचित राशि की अंतिम निकासी की स्वीकृति दी गई।

### झानद ने चलाया जनसंपर्क अभियान

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 28 फरवरी 2023 को रांची के राजभवन में आयोजित महापंचायत कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कामडारा प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही बेसिक स्कूल मैदान के पास बैठक की। जिसमें झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह शामिल हुए और राज्यहित की मांगों को लेकर राजभवन चलने की लोगों से अपील की। मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य प्रकाश उरांव, महिला नेत्री कुसमा मिंज, के अलावा काफी संख्या में महिला मंडल की सदस्य इस मौके पर उपस्थित थे।

### जनता की समस्याओं का होगा निराकरण : मंत्री


कार्यक्रम में शामिल मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** झारखंड सरकार के मंत्री सह लोहरदगा के विधायक डा. रामेश्वर उरांव ने सोमवार को भंडरा प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी। मंत्री के समक्ष विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी। साथ ही अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर लिखित आवेदन भी दिया। जिसमें राजस्व विभाग, जनवितरण, पेयजलापूर्ति, जेएसएलपीएस, सड़क, बिजली, आंगनबाड़ी, आवास योजना, कृषि एवं अन्य विभागों के कई गंभीर मामलों को रखा। इनमें सर्वाधिक अंचल से संबंधित शिकायतें आई।

### चश्मा प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शहर के थाना रोड में बिहार ऑप्टिक्स नामक चश्मा प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि नगर परिषद के उपाध्यक्ष सह झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कलीम अख्तर ने फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया। उन्होंने संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिष्ठान का उद्देश्य ग्राहकों की संतुष्टि होनी चाहिए। उनके विश्वास पर खरा उतरते हुए किफायती चश्मा उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें दुकान आने पर संतुष्टि की अनुभूति हो।

### दुर्घटना में तीन घायल, एक गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** कैरो-नागजुवा मुख्य सड़क में खंडा स्थित जोड़ा पुल के समीप दो पहिया वाहन की आपसी टक्कर तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार एक तरफ से सढ़ाबे निवासी शनि भगत का 27 वर्षीय पुत्र राजू भगत यरफ बबलू भगत अपनी पत्नी सोनी भगत के साथ मोटरसाइकिल केटीएम संख्या जेएच 01 ई 2572 से नागजुवा की तरफ जा रहा था ठीक उसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही ब्राह्मणडिहा निवासी सुकरा उरांव करीब 40 वर्ष अपने स्प्लेंडर जेएच 01 क्यू 8648 के साथ जोरदार टक्कर हो गई। जिस


दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति

दुर्घटना में सुकरा उरांव का पैर में गंभीर चोटें आई है। जबकि राजू और उसकी पत्नी सोनी भगत भी घायल हो गए।

जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों को मदद से कैरो थाना पुलिस के यस आई ऋषिकान्त शर्मा ने दल बल के साथ आकर कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया।

### पेड़ से गिरकर युवक हुआ घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के दिरगांव जंगल में मवेशी के लिए पत्ता तोड़ने पेड़ पर चढ़ा व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे साथ में गए लोगों के द्वारा तत्काल सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल का इलाज जारी है। इस घटना में व्यक्ति का कमर फैक्कर कर गया है । जानकारी देते हुए अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि दिरगांव निवासी 40 वर्षीय परमेश्वर चीक बड़ाइक पास के ही लोगों से जंगल गया हुआ था।

# कलाकारों ने बांधा समां, देर रात तक सजी संगीत की महफिल






खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी महोत्सव

**चतरा (इटखोरी)।** भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव की प्रथम संध्या पर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा और लोगों का खूब मनोरंजन किया। देर रात तक गीत, संगीत की महफिल सजी रही। स्थानीय एवं बाहर से आए बहुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अपने नृत्य एवं संगीत के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया गया। बड़े ही कुशलतापूर्वक मधुर आवाज के साथ मंच का संचालन करते हुए मीनाक्षी शर्मा ने एक एक कर सभी कलाकारों को मंच पर आमंत्रित किया। इनमें मुख्य रूप से डॉ विपिन मिश्रा एवं ग्रुप, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (ईटखोरी), मुकुंद नायक एवं ग्रुप, राधिका चोपड़ा एवं ग्रुप (गजल गायिका), सत्या ठाकुर एवं ग्रुप एवं पूजा चटर्जी (गायिका) द्वारा मंच से लोगों का खूब मनोरंजन किया। गजल गायिका राधिका चोपड़ा एवं बहुप्रसिद्ध गायिका पूजा चटर्जी ने काफी लोकप्रिय गाने गाए। जिसको काफी उत्साह और उमँग से लोगों ने देखा और काफी मनोरंजित हुए। प्रथम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग मंत्री सत्यानन्द भोगता, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने शिरकत की। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, डीएसओ सलमान खिजरी सहित प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, पर्यटक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।




## आज मैथिली ठाकुर, रोहन देव पाठक व अथर्व बक्सी के सुरों से सजेगा महोत्सव

**इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आज यानी मंगलवार को आखिरी दिन है। महोत्सव में आज अंतिम प्रसिद्ध लोक गायिका और राइजिंग स्टार की पहली फाइनलिस्ट मैथिली ठाकुर, सारेगामापा लिटिल चैंप्स 2022 के रनर अथर्व बक्सी और बॉलीवुड सिंगर रोहन दे पाठक के सुरों की बयार बहेगी। कार्यक्रम को लेकर लोगों में बेकरारी बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में मैथिली ठाकुर, रोहन देव पाठक और अथर्व बक्सी के साथ पूरा इटखोरी झूमेगा। आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की शाम को गुलजार करने के लिए मैथिली ठाकुर, रोहन देव पाठक व अथर्व बक्सी के आगमन को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह चरम पर है।

### महोत्सव के अंतिम दिन का कार्यक्रम

आज संध्या 6 से 6.15 बजे तक प्रकाश ग्रुप द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 6.15 से 6.30 बजे तक सिमरन साह ग्रुप द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 6.30 से 7 बजे तक हजारीबाग बीएस.एफ बैंड द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 7 से 7:30 बजे तक अथर्व बक्सी के सुर की बयार बहेगी। 7:30 से 8:30 बजे तक मैथिली ठाकुर के सुरों की महफिल सजेगी। 8:30 से 9 बजे तक मृणालिनी अखोरी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं रात्रि 9 से 10 बजें तक बॉलीवुड गायक रोहन पाठक द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। रात्री 10 से राजकीय इटखोरी महोत्सव का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### 2015 में हुई थी राजकीय इटखोरी महोत्सव की शुरूआत

वर्ष 2015 में इटखोरी महोत्सव की शुरूआत की गई थी। वर्ष 2016 में इटखोरी महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा प्राप्त हुई। अब तक महोत्सव में सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा, पा?श्र्व गायिका अनुराधा पौडवाल, कुमार सानू, भरत शर्मा आदि ने अपनी प्रस्तुति दी है।

# अपनी संस्कृतिक बचाने की जरूरत : पद्मश्री मुकुंद नायक

**इटखोरी।** राजकीय इटखोरी महोत्सव में झारखंडी परंपरा की झलक देखी गई। पारंपरिक नृत्य एवं गीतों से समां सुहाना हो गया। छोटा नागपुर के लोकप्रिय गायक पद्मश्री मुकुंद नायक ने अपनी सुरीली आवाज से नागपुरी एवं संताली में गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने गीत के माध्यम से सामाजिक एकता, भाईचारा व आदिवासी संस्कृति की रक्षा का संदेश दिया। मुकुंद नायक ग्रुप के कलाकारों ने ग्रुप बनाकर मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। सभी पारंपरिक परिधान में सजे हुए थे। मुकुंद नायक ने कि राजकीय इटखोरी महोत्सव के आयोजन से आदिवासियों में उनकी संस्कृति, भाषा एवं वेशभूषा की झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ साथ अपनी संस्कृति को बचाना जरूरी है।

## पूजा चटर्जी की सुरमयी आवाज ने महोत्सव को बनाया खुशनुमा

महोत्सव के पहले दिन रविवार देर शाम को स्थानीय कलाकारों ने समां बांधा तो पूजा चटर्जी ने अपनी सुरीली आवाज से इटखोरी महोत्सव को यादगार बना दिया। उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्मी गानों की प्रस्तुति दी। उनकी सुरमयी आवाज से महोत्सव का माहौल खुशनुमा हो गया। उन्होंने ये काली काली आँखें ये गोरे गोरे गाल..., सारे इश्क की छाँव चल छैय्यां छैय्यां...., ओय रमता जोगी ओय रमता जोगी सहित दर्जनों गानों की प्रस्तुति दी। बॉलीवुड गायिका पूजा चटर्जी ने बताया कि वे किशोर दा के परिवार की बहू हैं। उन्होंने तीन धर्मो की संगम स्थल को नमन किया तथा कहा कि मां भद्रकाली मंदिर बहुत ही पवित्र स्थान है। यहां आने के बाद एक अलग ही अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि इटखोरी आने का उनका यह पहला मौका है जो उनके लिए यादगार रहेगा। कार्यक्रम समाप्ति के बाद मंत्री सत्यानन्द भोगता, सांसद सुनील कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने उन्हें महोत्सव का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजन समिति को दिल से आभार जताया।

# अवैध ब्लू स्टोन माइंस को प्रशासन ने कराया बंद

## दस हजार लोगों की रोजी-रोटी पर मंडराया संकट



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय से सटे इंदरवा में वन विभाग व पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। यहां कई सालों से हो रहे ब्लू स्टोन के अवैध उत्खनन को लेकर इसके माइंस को बुलडोजर यानि जेसीबी के जरिए भरने की कार्रवाई शुरू की गई है। वन्य प्राणी आश्रयणी के डीएफओ अवनीश चौधरी, कोडरमा डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, पुलिस इंस्पेक्टर राम नारायण ठाकुर, अजय सिंह, अवधेश सिंह, रेंजर रामबाबू, रेंजर सुरेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिस बल और वन विभाग के कर्मी मौजूद रहे। वहीं जेसीबी के जरिए ब्लू स्टोन के खदान को भरने की कार्रवाई होने से लगभग 25 से 30 साल से इस इलाके में चल रहा ब्लूस्टोन का अवैध कारोबार बंद हो जाएगा। बता दें कि जिस इलाके में ब्लू स्टोन का उत्खनन होता है वह वन्य प्राणी आश्रयणी में आता है और यहां के लोग तथा जनप्रतिनिधि लंबे अरसे से इस इलाके को वन्य प्राणी आश्रयणी से बाहर करने की मांग करते आ रहे हैं, वह तो नहीं हुआ लेकिन ब्लू स्टोन का कारोबार चलता रहा। लोग ब्लू स्टोन निकालकर जयपुर या अन्य बड़े शहरों में ले जाकर बेचते हैं और इस ब्लू स्टोन के जरिए यहां 10 हजार परिवारों की रोजी-रोटी चलती है। सोमवार को हुई इस बड़ी कार्रवाई के तहत संयुक्त रूप से बड़ी संख्या में अधिकारियों के साथ पुलिस बल के जवान पहुंचे और माइंस को भरने का काम शुरू किया गया।

# सांसद ने सुनी जनता की समस्या, दिया निदान का आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम ने गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन-चार सोनपुरवा लाइन उस पर मुहल्ला वासियों के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी। सांसद ने यथाशीघ्र सभी समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। इस दौरान लोगों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से संबंधित सांसद को मांगपत्र सौंपा। सौंपे गये मांग पत्र में रेलवे फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराने, पाईप लाइन से वार्ड तीन एवं चार (रेलवे लाइन उस पार) पेयजल की समस्या का समाधान करने, रेलवे लाइन उस पार स्कूल खुलवाने आदि की मांग शामिल है। मुहल्ले वासियों ने बताया कि रेलवे लाइन उस पार वार्ड तीन-चार में लगभग दो हजार जनसंख्या निवास करती है। इस क्षेत्र में कोई भी नगरीय सुविधा उपलब्ध नहीं है।



फोटो 2-बैठक को संबोधित करते सांसद

## जनता दरबार का आयोजन

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जनता दरबार में अल्ट्रासाउंड सेंटर में डॉक्टर के द्वारा कार्य करने के लिए स्वीकृति देने, मकान व दुकान के सामने भू-माफिया द्वारा ईंट रख देने, फर्जी होल्डिंग रसीद प्राप्त कर सरकारी राजस्व की चोरी कर रजिस्ट्री केवला तामिल करने व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये।

# दो साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** बाजार स्थित एटीएम से पैसा निकाल रही एक महिला का एटीएम कार्ड बदलकर 24 हजार की अवैध निकासी करने के मामले में कोडरमा पुलिस ने 72 घंटे के अंदर उक्त घटना में शामिल दो साइबर अपराधियों को रविवार की रात्रि गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल पूरा मामला शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे 17 फरवरी का है, माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्यरत बेकोबार बिच्छीपहरी निवासी पूजा पंडित पति रोहन पंडित पैसे की निकासी के लिए कोडरमा बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम गई थी, इस दौरान एक युवक ने धोखे से उक्त महिला का एटीएम कार्ड बदल लिया था और कुछ ही देर में एटीएम का पिन नंबर भी देख लिया था, जिसके थोड़ी ही देर बाद उक्त महिला के खाते से तीन बार में 24 हजार की निकासी कर ली गई थी। तत्पश्चात उक्त महिला के द्वारा कार्यवाई को लेकर कोडरमा थाने में आवेदन दिया गया था, आवेदन के आलोक में अज्ञात साइबर अपराधियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत थाना कांड संख्या 17/23 दर्ज किया गया था।

## मदरसे में यौन शोषण, शिकायत

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** मदरसे में बच्चों को तालीम देने के बजाय नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस तरह के घृणित कुत्य का आरोप किसी और पर नहीं बल्कि मदरसे में तालीम देने वाले मुफ्ती पर लगा है। मुफ्ती समीरुदीन पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। यह वाकया गढ़वा जिला जिले नगर ऊंटारी थाना अंतर्गत कोइन्दी गांव स्थित दारुल उलूम समसिया मदरसे का है। उक्त मदरसे में इस तरह का खेल आज से नहीं बल्कि काफी पहले से चल रहा है। इसका खुलासा मदरसे में तालीम ले रहे बच्चों ने किया है। जानकारी के अनुसार उक्त मदरसे में 40-50 बच्चे तालीम लेते हैं। समाचार लिखे जाने तक एफआईआर नहीं हो सकी है।

## एक नजर में

### तीन दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

**सिमरिया।** सबानो पंचायत के रानी पोखर गांव में सोमवार को नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को तीन दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा का शुभारंभ जिप सदस्य देवनन्दन साहू, उपप्रमुख दामोदर गोप और मुखिया नरेश साहू ने संयुक्त रूप फीता काटकर व श्रद्धालुओं को कलश देकर किया। कलश यात्रा में 501 श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर से कलश उठाकर श्रद्धालु मंगरदाहा स्थित मानत नदी पहुंचे। जहां पंडितो के वैदिक मंत्रोच्चारण और जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर नावाडीह लच्छीगढ़ा आदि गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे और कलश को स्थापित किया।

### सुभाष यादव बने राजद के प्रदेश सचिव, लोगों ने दी बधाई

**टंडवा (चतरा)।** 20सूत्री अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव को राजद प्रदेश सचिव पद का दायित्व दिया गया। दायित्व मिलने के बाद टंडवा राजद प्रखंड अध्यक्ष समेत कार्यकताओं ने शहीद चौक में जोरदार स्वागत के साथ बधाई दिया। इस मौके पर कार्यकताओं में प्रखंड उपाध्यक्ष जियाउल हक, मोहन राणा महासचिव यमुना प्रसाद यादव, सचिव मनोज सिंह, नितेश कुमार, शहबाज अंसारी, सुरेश यादव, मुकेश कुमार, विजय उरांव, मोईन अंसारी मिडिया प्रभारी समेत सैंकडों लोग शामिल थे। वही प्रखंड अध्यक्ष नीरज तिवारी ने पौधा देकर सचिव को स्वागत किया।

### रांची रवाना हुए स्वयंसेवक आंदोलन में होंगे शामिल

**सिमरिया।** प्रखंड स्वयं सेवक संघ के सदस्य सोमवार को रांची के लिए रवाना हुए। संघ के सदस्य 20 फरवरी से मोराबादी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय आंदोलन में शामिल होंगे। संघ के अध्यक्ष हीरा सिंह ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार स्वयंसेवकों के साथ उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं जिससे स्वयंसेवक आक्रोशित है। उन्होंने बताया कि स्वयं सेवक विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित हैं जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। स्वयं सेवक सेवक की मांगों में स्थायीकरण करना, नाम बदलकर पंचायत सहायक रखना, उचित मानदेय निर्धारित करना तथा उन्हें काम देना शामिल है।

### दो महिलाओं की चेन चोरी, दो को भेजा जेल

**कोडरमा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ध्वजाधारी धाम में जलाभिषेक करने आई दो महिलाओं के शनिवार को सोने का चौन उचक्कों द्वारा टपा लिए जाने के अलावा एक महिला के बच्चे का कंगन चुराकर भागने की घटना में पुलिस ने दो महिला चोरों को पकड़ कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना अंतर्गत इंदरवा के नेरो नावाडीह निवासी मंजू देवी के भाई प्रदीप यादव ने थाने में मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले के आधार पर पुलिस ने तत्पर्ता दिखाते हुए चोरी की घटना में शामिल भुगली देवी व मनीषा देवी जलवावाद निवासी को जेल भेज दिया।

### दो बाइक की टक्कर में एक गंभीर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यायल के समीप सोमवार को दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान मरकच्चो मध्य पंचायत के बड़ा अखाड़ा निवासी 15 वार्षिय प्रिंस सोनी पिता जयप्रकाश सोनी के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस सोनी अपने बाइक जेएच 12एल/9449 से अपनी बहन प्रीति कुमारी को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय स्कूल छोड़ने के लिए आ रहा था, इसी दौरान स्कूल गेट के समीप विपरीत दिशा से आ रही बाइक जेएच 12पी/ 2369 से जोरदार टककर हो गयी एवं प्रिंस कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना कि सुचना मिलने पर मरकच्चो पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर दोनों बाइक को थाना ले गयी।

### अवैध बालू लोड दो ट्रैक्टर जप्त

**जयनगर (कोडरमा)।** अवैध रूप से बालू परिवहन पर रोक थाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद से अवैध बालू लोड दो ट्रैक्टर को जप्त परसाबाद पिकेट में रखा गया है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है।

अचला-नावाडीह कब्रिस्तान बचाओ जन आक्रोश रैली का आयोजन

### कब्रिस्तान बचाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

**गढ़वा।** हिंदू-मुस्लिम समन्वय समिति के बैनर तले सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित गोविंद उवि के मैदान में कब्रिस्तान बचाओ जनाक्रोश रैली का आयोजन किया गया। जिले के अचला गांव में एनएच 75 बाईपास निर्माण में बीच सड़क में आ रहे कब्रिस्तान को बचाने के लिए यह रैली आयोजित की गई। रैली के पश्चात लोगों ने डीसी रमेश घोलप को इससे संबंधित मांग पत्र सौंपा। जन आक्रोश रैली में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने कहा कि किसी भी जाति धर्म की भावना से खिलवाड़ करना ठीक नहीं है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आशिक अंसारी ने कहा कि यह लड़ाई जनप्रतिनिधि का है।

### राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित आलोक का स्वागत

**गढ़वा।** राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित पूरे भारत के फलक पर रंका का नाम रौशन कर वापस लौटे आलोक कुमार चौधरी को जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक सह संस्कार भारती के जिला संरक्षक डॉ कुलदेव चौधरी, संस्कार भारती के प्रदेश महामंत्री नीरज श्रीधर, आलोक कुमार चौधरी के शिक्षक अमरेंद्र कुमार आदि ने युवा वैज्ञानिक आलोक की गढ़वा वापसी पर स्वागत किया। ज्ञात हो कि युवा वैज्ञानिक आलोक पूरे झारखंड के एकमात्र ऐसे युवा वैज्ञानिक हैं जिन्हें विज्ञान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के उपरांत सर्वोच्च राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को जेल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरकच्चो निवासी 23 वर्षीय मुकबधिर ने तुरीया मुहल्ला के 28 वर्षीय युवक पर चांदी का चैन एवं सोने की नथुनी छिनने व बलात्कार करने का प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है। मामला 18 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन की है।

### महिला का मोबाइल रास्ते में चोरी

**कोडरमा।** शिवरात्रि के अवसर पर ध्वजाधारी धाम में आयोजित दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को आयोजित मेला घूमने जा रही डोमचांच के तेतरियाडी निवासी रिंकी देवी का पर्स और मोबाइल अज्ञात चोरों ने रास्ते में ही टपा ली। सदर अस्पताल के समीप अज्ञात चोर नेघ प्लास्टिक को काटकर पर्स एवं मोबाईल निकाल लिया। उसने बतायाघ कि पर्स में 500 रुपए भी रखे थे।

# अंतरराष्ट्रीय महत्व का है इटखोरी का पुरावशेष, वक्ताओं ने जतायी गहन शोध की आवश्यकता

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** राजकीय इटखोरी महोत्सव के तहत सोमवार को महोत्सव स्थल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पटल पर इटखोरी का पुरातात्विक महत्व विषय पर आयोजित सेमिनार में कोलकाता विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर रूपेंद्र चट्टोपाध्याय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के नई दिल्ली कार्यालय में कार्यरत सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद अर्पिता रंजन तथा पुरातत्व विभाग के रांची अंचल कार्यालय में कार्यरत सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद नीरज कुमार मिश्रा विशेष वक्ता के रूप में शामिल हुए। उपरोक्त वक्ताओं ने इटखोरी एवं आसपास के क्षेत्रों से प्राप्त पुरावशेषों को अंतरराष्ट्रीय महत्व का बताया। विशेषज्ञों ने कहा कि इटखोरी के पूरावशेषो पर गहन शोध की आवश्यकता है। साथ ही उचित संरक्षण की भी जरूरत है। सेमिनार का उद्घाटन श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, रूपेंद्र चट्टोपाध्याय, अर्पिता रंजन एवं नीरज कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। तत्पश्चात महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों को मोमेंटो, काफी टेबल बुक तथा शाल देकर सम्मानित किया गया।

सेमिनार का विषय प्रवेश जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश चंद्र मिश्रा ने कराया। इटखोरी के पूरावशेष ऊपर पुस्तक लिखने वाले पुरातत्वविद रूपेंद्र चट्टोपाध्याय ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र पुरातात्विक दृष्टिकोण से काफी धनी है। इटखोरी एवं आसपास के क्षेत्रों में बौद्ध तथा सनातन धर्म से संबंधित पुरातात्विक अवशेष बड़ी संख्या में बरामद हुए हैं। कई स्थान ऐसे भी हैं जहां भविष्य में पुरातात्विक खोदाई होनी है।



उन्होंने कहा कि इटखोरी से प्राप्त हुए पुरावशेष का धार्मिक व पुरातात्विक महत्ता के अलावा सामाजिक व नैतिक सभ्यता का भी पता लगाना बेहद जरूरी है। प्राचीन काल खंड के लोगों का रहन सहन कैसा था। वे क्या खाते थे। उनका सामाजिक व आर्थिक सोच क्या था। इन विषयों पर भी शोध की आवश्यकता है। सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद अर्पिता रंजन ने कहा कि इटखोरी, दैहर, सोहरा तथा झारखंड के अन्य जिलों से प्राप्त हुई प्राचीन लिपि काफी महत्वपूर्ण है। यहां की लिपि को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने सूचीबद्ध किया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्राचीन काल खंड की कई दुर्लभ व महत्वपूर्ण प्रतिमाएं भी है। सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद ने खासकर मां भद्रकाली की प्रतिमा के साथ म्यूजियम में मौजूद तीन पैर वाली अग्नि की प्रतिमा, उमा महेश्वर की प्रतिमा तथा दैहर ग्राम में मौजूद मारीचि की प्रतिमा का विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने गुमला जिले के टांगीनाथ व अन्य क्षेत्रों से प्राप्त हुई लिपियों के संदर्भ में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी। पुरातत्व विभाग के रांची अंचल में कार्यरत सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद नीरज कुमार मिश्रा ने सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि वर्ष 2011, 2012 एवं 2013 में पुरातत्व विभाग के द्वारा मां भद्रकाली मंदिर परिसर में पुरातात्विक खोदाई का कार्य किया गया था। पुरातात्विक खोदाई में कई महत्वपूर्ण प्रतिमाएं तथा पूरावशेष बरामद हुए थे। जिसका वर्णन विभाग के द्वारा छपाई गई पुस्तक में किया गया है। उन्होंने कहा कि शोधकताओं के लिए यह क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है। सेमिनार स्थल में विद्यार्थियों के बीच लेखन व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि विद्यार्थियों को देश व दुनिया के साथ अपने क्षेत्र के इतिहास से भी अवगत होने की आवश्यकता है। इतिहास व पुरातत्व विषय पर आयोजित होने वाले सेमिनार विद्यार्थियों के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। उपायुक्त ने कहा कि विशेषज्ञ वक्ताओं का भाषण सुनने से कई महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल होती है। एक विशेषज्ञ वक्ता एक घंटे के संबोधन में इतनी बातें बता देते हैं जो 10 पुस्तकें पढ़ने के बाद ही हासिल होती है। उपायुक्त ने हर वर्ष इटखोरी महोत्सव में सेमिनार के आयोजन की आवश्यकता जताई।

**विदेशों में भी दिलाएंगे प्रसिद्धि-श्रम मंत्री :** मां भद्रकाली मंदिर परिसर के अलावा चतरा जिला के सभी ऐतिहासिक तथा पुरातात्विक स्थलों को विदेशों में भी प्रसिद्धि दिलाया जाएगा। क्षेत्र का प्रचार बड़े रूप में होगा। इससे इस क्षेत्र की महत्ता देश दुनिया में फैलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुरातत्व महत्व के स्थलों के विकास के लिए काफी गंभीर है। सेमिनार में श्रम मंत्री ने विशेषज्ञ वक्ताओं को सम्मानित भी किया।

### ब्लू स्टोन खदान से हजारों का घर परिवार चलता है : रामधन

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय अंतर्गत इंदरवा स्थित ब्लू स्टोन खदान में कारवाई मामले को लेकर जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने बयान जारी किया है। श्री यादव ने कहा की इंदरवा स्थित ब्लू स्टोन खदान से हजारों का घर परिवार चलता है। पेट की आग बुझाने के लिए रोटी की जरूरत पड़ती है, रोटी वैध या अवैध नही जानता। सरकार और प्रशासन को हजारों गरीब परिवार और ब्लू स्टोन खदान से जुड़े लोगों का पक्ष भी जानना चाहिए। जान जोखिम में डालकर खदान से पत्थर निकाल रहे है, तो उसकी वजह बेरोजगारी है। ग्रामीणों के पास रोजगार की व्यवस्था होगी, तो जाहिर सी बात है जान जोखिम में डालकर काम नहीं करेंगे। श्री यादव ने कहा की ब्लू स्टोन चुनकर जीवनयापन करने वालों के लिए विशेष योजना चलाने की जरूरत है।

## स्पीड न्यूज

### पीएम मोदी से मिलने साइकल से जमशेदपुर से दिल्ली जा रहे फूलचंद लकड़ा का चंदवा में स्वागत

**चंदवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की आस में जमशेदपुर से दिल्ली साइकल से यात्रा पर निकले 73 वर्षीय फूलचंद लकड़ा का चंदवा में सामाजिक कार्यकर्ताओं व भाजपा नेताओं से स्वागत किया। लगभग पांच दिन की यात्रा को पूर्ण करने के बाद चंदवा पहुंचे फूलचंद लकड़ा ने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामकाज के काफी खुश हैं, उनकी दिली इच्छा है कि एक बार प्रधानमंत्री से मिल सके। इधर चंदवावासियों ने फूलचंद लकड़ा के जज्बे की सराहना की। कहा कि साइकल से 1300 किमी की दूरी तय दिल्ली की यात्रा करना काफी कठिन कार्य है। ऐसा जज्बा हजारों लोगो मे एक मे होती है। मौके पर प्रमोद दुबे, मनीष, गौतम समेत कई लोग मौजूद थे।

### 4 दिनों के बालक गुमशुदा

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रोल गांव निवासी बालदेव प्रजापति का पुत्र सुरजन प्रजापति विगत 17 फरवरी शुक्रवार से गुमशुदा है। काफी खोजबीन के बावजूद 4 दिनों से बच्चे का कोई अता-पता नही चल पाने से परिजन परेशान है। परिजनों ने बताया कि बच्चे को अंतिम बार शुक्रवार को चंदवा बाजार में देखा गया था, जिसके बाद कोई सुराग नही है। मामले को लेकर परिजनों ने चंदवा थाना में सूचना दिए जाने की बात कही है साथ ही बच्चे के सकुशल बरामदगी को लेकर आम लोगों से मदद की गुहार भी लगाई है।

### अंधेरे युग में जी रहे ग्रामीणों में खुशी सेवा ही लक्ष्य: जिप सदस्या

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना अंतर्गत सेरेगाड़ा ग्राम में बीते चार वर्षो से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष के प्रयास से आज बिजली विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर लग जाने से पूरे ग्राम में खुशी का माहौल देखा जा रहा। विगत चार वर्षो से वनवास काट रहे अंधेरे में जीने को विवश ग्रामीणों में बिजली आ जाने से लोगो को कई सुविधा का अब लाभ ले सकेंगे। मौके पर जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, निर्मल यादव, लक्ष्मी देवी, विजय गंझू, विजय राम, मोहन पांडे, मुनेंगवासर गंझू, चमन गंझू, मंगर गंझू, बिंदु गंझू, किशु गंझू, देवा गंझू, मालती देवी, कुंती देवी, यशोदा देवी, मानव देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### चंदवा से 6 श्रद्धालुओं का जत्था धार्मिक यात्रा पर हुए रवाना

**चंदवा।** सुधीर प्रसाद व निर्मल भारती की अगुवाई में चंदवा से आधा दर्जन श्रद्धालुओं का जत्था धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए। धार्मिक यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं ने बताया कि वे सभी उज्जैन, ओम कलेश्वर, कुबेश्वर व महाकालेश्वर की धर्मिक यात्रा करेंगे। इस दौरान क्षेत्र की खुशहाली व अमन चैन की कामना करेंगे। यात्रा पर रवाना होने वालों में मीना देवी, किरण देवी, उर्मिला देवी, शांति देवी शामिल हैं।

### नावाडीह मे लगे नौ एकड़ पोस्ता खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत मकरा ग्राम के नावाडीह टोला मे लगे नौ एकड़ अवैध पोस्ता खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया गया। पोस्ता खेती नष्ट किए जाने के संबंध मे थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि नावाडीह मे पोस्ता खेती होने की गुप्त सुचना मिली थी कि नावाडीह मे लगभग नौ एकड़ पोस्ता खेती नष्ट किया गया। वहीं कहा की पोस्ता खेती करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है। जो भी व्यक्ति उक्त खेती करने या कारोबार मे जुड़े होंगे वैसे लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। बताते चलें की पुलिस अभियान चलाकर लगातार पोस्ता खेती को नष्ट कर रही हैं। इसके पूर्व भी बालूभांग पंचायत के कई गाँव व जंगलो और पहाड़ से घिरा क्षेत्र बाराखाड़ मे भारी मात्रा मे पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। साथ ही एस्प्रे के माध्यम भी विनिष्टीकरण भी किया जा रहा है। इसके पूर्व भी बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे कभी भी इतना अधिक मात्रा मे अफीम पोस्ता खेती को नष्ट नहीं किया गया था। अभियान मे मुख्य रूप से पुअनि बिन्देश्वर महतो, रवि कुमार, दीपक नारायण सिंह, सुरेश मरांडी सहित कई पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### तेदुएं ने पांच बकरियों को बनाया अपना शिकार



मृतक बकरी।

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के बेंदी पंचायत के लेघपा ग्राम में रविवार की रात तेदुएं ने पांच बकरियों को अपना शिकार बना लिया। तेंदुएं के हमले से चार बकरियों की मौत घटना स्थल पर हो गई। जबकि एक बकरी घायल हो गया। सभी बकरियां लेधपा गांव निवासी विनोद सिंह की है। विनोद सिंह ने बताया कि वे बकरी पालन कर अपनी आजीविका चलाते थे। लेकिन तेंदुएं ने उसके पांचो बकरियों का शिकार कर लिया। उनके घर में दस सदस्य हैं, इस घटना के बाद उनके सामने विकट परिस्थति उत्पन्न हो गई है। इस घटना के बाद गांव के लोग तेंदुएं के डर से सहमे हुए है। घटना की सूचना पाकर बेंदी पंचायत के मुखिया रामदयाल उरांव लेधपा गांव पहुंचे और विनोद सिंह से मुलाकात की। विनोद सिंह ने वन विभाग व प्रखंड प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। मुखिया ने भी सरकारी प्रावधानों के अनुसार मदद दिलाने का भरोसा दिलाया है।

# मनिका विधायक से जनप्रतिनिधियों ने की विकास की मांग

## नुनफोरवा स्थित झरना टोला को सुंदरीकरण करने की मांग को विधायक ने लिया संज्ञान

**खबर का असर**

- पुलिस की कार्यशैली के प्रति लोगों ने किया नाराजगी व्यक्त, कहा इसमें सुधार की जरूरत जानकारी
- सरकारी भूमि को चिन्हित कर टेंपो स्टैंड बनवाने से जाम व भीड़भाड़ की समस्याओं से मिलेगी निजात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड के मटलोंग पंचायत अंतर्गत नुनफोरवा स्थित झरनाटोला के जल स्रोत का सुंदरीकरण करने की मांग को स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने संज्ञान में लिया है और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं लोगों को आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द ही झरना टोला के जलस्रोत को सुंदरीकरण कर पर्यटक स्थल बनाया जाएगा जहां पर दूरदराज से आकर लोग आकर्षक नजारे का लुफ्त उठा सकते हैं। ज्ञात हो कि 12 फरवरी को खबर मंत्र में झरना टोला के जल स्रोत के बारे में विस्तार पूर्वक खबर प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद विधायक ने जल स्रोत को सुंदरीकरण के लिए जल्द ही पहल करने की बात कही है। उक्त सारी बातें मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह दिन सोमवार को जब प्रखंड मुख्यालय के बाजारटांड़ पहुंचे तो जनप्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श के दौरान कही। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विकास कार्यों की मांग की एवं क्षेत्र में हो रही समस्याओं से भी विधायक को अवगत करवाया और लोगों ने पुलिस की कार्यशैली के प्रति विधायक के समक्ष नाराजगी व्यक्त करते हुए कानून व्यवस्था पर सुधार करवाने की बात कही। वहीं बातचीत के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका के समीप स्थित बाबू जगजीवन राम छात्रावास गरीब एवं दलित छात्राओं के रहने के लिए बनाया गया था,परंतु अभी वर्तमान में वहां एनजीओ के द्वारा गुरुकुल चलाया जा रहा है उसे खाली करा कर गरीब छात्राओं को रहने के लिए उपलब्ध कराया जाए। जिस पर विधायक रामचंद्र सिंह ने तुरंत ही लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से मोबाइल के माध्यम से बात किए और जल्द ही गुरुकुल खाली करवाने का लोगों को आश्वासन दिए। वहीं मनिका स्थित बाघमरवा चक डेम निर्माण व विशुनबांध पंचायत में चक डेम का जीर्णोद्धार करने और थाना क्षेत्र में लगातार जाम और भीड़भाड़ की समस्याओं से निजात पाने के लिए सरकारी जमीन को चिन्हित कर टेंपो स्टैंड बनवाने का ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक से मांग किया। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, राजू रंजन कुमार गुप्ता, रामवृक्ष यादव, अजय गुप्ता, कामाख्या प्रसाद, मनोज मंदिलवाल, समेत कई लोग उपस्थित थे।



विधायक से शिष्टाचार मुलाकात करते जनप्रतिनिधि व अन्य।

## शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद का आयोजन

# बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. पवन कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के मैन रोड स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में सोमवार को एकदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर पवन कुमार और अन्य शिक्षकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेलों के प्रति बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान सौ मीटर और 50 मीटर रेस, स्पून रेस, पोटेटो रेस, वाटर रेस, बिस्किट रेस, बोरा रेस, पासिंग बॉल, मेढक दौड़, लांग जंप, हाई जंप, गोला फेंक, क्रिकेट और स्किपिंग रोक इत्यादि अन्य कई प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भाग लिया।



खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल बच्चें।

### बच्चों को कुशल बनाती है प्रतियोगिताएं : डॉ. पवन

कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए विद्यालय के प्रबंधक डॉ.पवन कुमार ने कहा कि खेलकूद बच्चों के व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत, आत्मविश्वासी और कुशल बनाता है। उन्होंने बच्चो को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद के महत्व को विस्तार से समझाया। मौके पर मौजूद अभिभावक सह पत्रकार दीपक राज ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाना बच्चों शैक्षणिक स्तर पर एक अलग ही आयाम प्रदान करती है। शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का यह कार्य काफी सराहनीय हैं

### विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरुस्कृत

कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में शिक्षक एविल राय और फिरोज अहमद की भूमिका काफी सराहनीय रही। मौके पर मैनेजर सीमा गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल कुमार विवेक और शिक्षक उमाशंकर उपाध्याय के साथ-साथ नवीन कुमार, जरीना कौसर, आलम दस्तगीर, इसाक राय, मुक्तिका राय, दीपाली राय, अर्चना कुमारी, रूपा वर्मा, मोशिका राय, राजेश कुमार झा, वेदानंद मिश्रा सहित समस्त शिक्षक और स्टाप मौजूद थे।

### दहेज की मांग को लेकर मारपीट का आरोप

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बचरा ग्राम में दहेज को लेकर महिला रूपा देवी 26 वर्ष पति उमाशंकर प्रजापति बचरा के साथ मारपीट की गई। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे पुलिस की सहायता से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में प्राथमिक ईलाज किया गया। घटना के सम्बंध में जानकारी देते हुए रूपा देवी के पिता छठन प्रजापति ने कहा कि उनकी बेटी की शादी दो साल पूर्व उमाशंकर प्रजापति के साथ हुई थी। उसके बाद से ही पति एवं उसके परिजनों द्वारा उन्हें पलंग और कैमरा के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। जिसको लेकर पहले भी एक बैठक की गई थी और थाने में लिख कर दिया गया था। उसके बाद भी रूपा के साथ मारपीट की गई वही मिट्टी का तेल छिड़ककर जान मारने का प्रयास किया गया।

## एक नजर में

### ई-टिकट दलाली का भंडाफोड़: मोबाइल शॉप संचालक गिरफ्तार, कंप्यूटर समेत अन्य सामान बरामद



गिरफ्तार संचालक।

**चंदवा।** वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार की अगुवाई में रेलवे पुलिस की टीम ने ई-टिकट दलाली के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बारा गांव में अभिषेक मोबाइल शॉप में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान पूर्व में कटे लगभग 8500 रुपये के टिकट बरामद हुए, जिसके बाद दुकान के संचालक शिवदयाल कुमार पिता बढ़न महतो को गिरफ्तार कर लिया गया साथ ही पूर्व में कटे ई-टिकट समेत कंप्यूटर समेत अन्य सामान को जब्त कर लिया गया। टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि वरीय मंडल सुरक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर टिकट दलाली के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, इसी आलोक में संदिग्ध का एक पीआरएस डाटा मिला, जिसके सत्यापन हेतु उक्त दुकान में छापेमारी की गयी।उन्होंने बताया कि मामले में कांड संख्या 245/23 में 143 रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्रवाई के बाद डाल्टेनगंज न्यायालय भेजा दिया गया है। अभियान में टोरी आरपीएफ के अधिकारी व जवान शामिल थे।

### डायन कुप्रथा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन समाज में फैली कुरीतियों के बारे में दी गई जानकारी



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी देते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेताग पंचायत में सोमवार को जेएसएलपीएस के द्वारा डायन कुप्रथा पर एक नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि डायन, भूत और प्रेत के अंधविश्वास में ना पड़े। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर जानकारी देते हुए जेएसएलपीएस के बीपीएम आलोक कुमार ने बताया कि ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा के अभाव में अभी भी महिलाओं को डायन बिसाही के चक्कर में उन्हें डायन बताकर उनके साथ अत्याचार किया जाता है। इसलिए हम लोग नुक्कड़ नाटक मंचन कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट अवॉर्नेस प्रोग्राम का आयोजन



छात्रों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की जानकारी देते प्रशिक्षक।

**लातेहार।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लातेहार में सॉफ्टवेयर कंपनी क्रिएटिव सॉफ्ट रांची के द्वारा वेबसाइट एवं सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट अवॉर्नेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमे सॉफ्टवेयर इंजीनियर अरविंद कु.गुप्ता ने कंप्यूटर साइंस ब्रांच के स्टूडेंट्स को सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में वेबसाइट एवं सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही स्टूडेंट को भविष्य में हर प्रकार के मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस ब्रांच के साथ-साथ सिविल, मेकेनिकल ब्रांच के स्टूडेंट ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में राजकीय पॉलीटेक्निक लातेहार के प्रभारी प्राचार्य प्रो. विशाल शर्मा, प्रो. कुणाल कुमार इत्यादि में मुख्य रूप उपस्थित रहें। जहां प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम काफी सराहनीय और उत्साहवर्धक था भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज प्रबंधन द्वारा किया जाता रहेगा।

### विद्यालय का ताला तोड़कर समानो की चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत उच्च विद्यालय बालूमाथ में विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने कई सामानों की चोरी कर ली। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रूबी बानो ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया है कि बीते शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे विद्यालय खुला था। वहीं शनिवार को महाशिवरात्रि एवं अगले दिन रविवार होने के कारण विद्यालय बंद था। सोमवार को जब विद्यालय पहुंचे तो देखा कि प्राचार्य कार्यालय का ताला कटर से काटा गया है। वहीं अंदर में रखा इनवर्टर बैटरी सहित कई सामान गायब था। इसके अलावा विद्यालय के अन्य कमरों के निरीक्षण किया तो पाया कि स्मार्ट क्लास लाइब्रेरी और ग्रिल गेट का ताला कटर से कटा हुआ था। वही स्मार्ट क्लास में रखा हुआ होम थिएटर एवं लाइब्रेरी से मॉनिटर एवं सीपीयू गायब था। प्रधानाचार्य ने मामले में संलिप्तत चोरो को जल्द से जल्द पकड़ने की माँग पुलिस से की है।

### प्राचीन देवी मंडप सह काली मंदिर का मनाया जाएगा 11वां वार्षिक उत्सव

- माता के भंडारा का उद्घाटन विधायक बैद्यनाथ राम द्वारा किया जाएगा।



**लातेहार।** शहर के मेन रोड स्थित प्राचीन देवी मंडप सह काली मंदिर का 11 वां वार्षिकोत्सव 22 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी मंदिर समिति के सदस्य ने दिया उन्होंने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ 22 फरवरी बुधवार को प्रात: 8 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। मंदिर समिति के सदस्य सागर कुमार ने बताया कि कलश यात्रा मंदिर परिसर से मेन रोड होते हुए बस स्टैंड तक जाएगी। इसके बाद वापस मानस पथ होते हुए औरंगा नदी पहुंचेगी। यहां पंडित अनिल मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा जाएगा। कलशयात्रा थाना चौक होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। कलशों की स्थापना कर पंडित अनिल मिश्र के सानिध्य में दुर्गा सप्तसती पाठ किया जाएगा। समिति सदस्यों ने आगे बताया कि 23 फरवरी को हवन और पूणाहुति के बाद नौ कन्याओं का पूजन किया जाएगा। 11 बजे माता के भंडारा का उद्घाटन स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। संध्या 6.30 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका ने इन सभी कार्यक्रमों में सपरिवार भाग लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## नेहरु युवा केंद्र ने की स्थानीय विषय पर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू।** नेहरु युवा केंद्र लातेहार के निदेर्शानुसार सोमवार को घासी टोला पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय डोरम के प्रांगण में स्थानीय विषय पर कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में बाल विवाह और नशा मुक्त, दहेज प्रथा व कौशल विकास के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारियां दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाध्यापक धर्मदास दया कुजूर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, बाल विवाह, नशामुक्त, और दहेज प्रथा के बारे में लोगो को विशेष जानकारी दिया गया। वहीं जेएससीपीएस के अध्यक्ष ममता देवी ने बाल विवाह को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चियों को कम उम्र में शादी कर दिया जाता है, जिससे जच्चा और बच्चा को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में शादी विवाह करना कानून अपराध है। बच्चे और बच्चियों को समय के अनुसार शादी-विवाह करने का जानकारी दिए। मौके पर संजय कुमार, रामविलास सिंह, तथा विभिन्न युवा मंडल के सदस्य व महिला मंडल के सदस्य, पूर्व प्रमुख बभीता देवी, पूर्व मुखिया मंजू देवी, समेत अन्य ग्रामीण महिला उपस्थित रहे।





कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### टोरी शिवपुर रेल लाइन निर्माण कार्य में हुई गोलीबारी की जिम्मेवारी अमन साहू गिरोह के मयंक ने ली

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर टोरी-शिवपुर रेल लाइन निर्माण कार्य कर रहे साईं कृपा कंपनी के साइट पर विगत 18 फरवरी को हुई गोलीबारी का जिम्मा अमन साहू के गिरोह के मयंक सिंह ने लिया। इस सबंध में साईं कृपा कंस्ट्रक्शन के संचालक कृपाशंकर सिंह ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि घटना के बाद दो अलग-अलग मोबाइल नंबर से कॉल कर घटना की जिम्मेवारी ली। वही कहा कि आप बिना मैनेज किए हुए कार्य कर रहे हैं कल जो गोलीबारी हुई है वह अभी सिर्फ ट्रेलर है आपकी किस्मत अच्छी थी। जो बच गये अगर सेटलमेंट नहीं किए तो गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। आप हमारे बारे में पूरे झारखंड में पता कर लीजिए जब तक सेटलमेंट नहीं हो जाता तब तक काम बंद रखें नहीं तो हम लोग दोबारा मौका नहीं देते हैं। किसी भी समय आपकी हत्या कर दी जाएगी और साइड को धुंआ-धुआं कर दिया जाएगा। आवेदन में थाना प्रभारी से जान-माल की रक्षा की गुहार लगाई है। कोई इस घटना का लिखित आवेदन साईं कृपा के दूसरे पार्टनर बबन कुमार सिंह ने भी आवेदन देकर घटना की जानकारी दी है व सुरक्षा की मांग की है। वहीं दोनों आवेदन के आधार पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 30/23 धारा 385,387 307,504,506 आईपीसी एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हाथी से अक्रांत डुमरचुआं गांव में लगा स्वास्थ्य शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पंसस अयुब खान व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान के पहल पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नंदकुमार पांडे के निर्देशन में बोदा पंचायत अंतर्गत हांथी से प्रभावित टोला डुमरचुआं गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में एम्पीडब्ल्यू सीताराम कुमार, एमटीएस कृष्ण कांत कुमार, बीटीटी पुरूसोतम मुंडा, अस्पताल कर्मी धनेश्वर प्रसाद की टीम ने 16 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवा दी। वहीं टीबी रोग से पीड़ित फुलदेव गंझु को दवा दिया गया। टीबी रोग से पीड़ित फुलदेव गंझु को जांच के लिए सीएचसी बुलाया गया है। स्वास्थ्य शिविर में मुखिया ललीता देवी, जगेश्वर गंझु, सुरेश गंझु, सुलेनद्र गंझु, कृष्ण गंझु, बलेशर गंझु, बाबूलाल गंझु, संतोष गंझु,, पार्वती देवी, सुगनी देवी व अन्य शामिल थे। गौरतलब हो कि कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर, मुखिया ललीता देवी व अन्य ने रविवार को हांथी के हमले में जान गवांने वाले जिपियसक देवी (प्यासो देवी) के परिजनों से मिलने डुमरचुआं गांव गए थे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों ने बताया था कि मृतक के पति बिमार हैं वहीं दुसरे ग्रामीण का एक पैर और एक हांथ कटा है जिसे ईलाज की जरूरत है इसके बाद कामता पंसस और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि ने गांव में शिविर लगाकर ग्रामीणों को ईलाज करने की मांग की थी।



स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोग।

### शौच करने गए युवक को हाथी ने किया घायल



घायल युवक।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के बेसरा ग्राम स्थित भुरंडवा गांव में बुधन मिस्त्री उर्फ कौलेश्वर मिस्त्री (28)पिता पैरु मिस्त्री शौच करने के लिए सोमवार सुबह घर के सामने गया था कि पीछे से अकेला हाथी ने सूंड से लपेटने का प्रयास किया जिससे बुधन गिर गया। हांथी कुचलने का प्रयास किया लेकिन युवक अपने सूझबुझ से गड्ढे मे जा गिरा जिससे शरीर के कई हिस्से मे गंभीर चोट लगी है। घायल अवस्था मे दौड़कर अपने घर मे घुस गया, घर में आने के बाद भय से बेहोश हो गया था। तब हाथी वहां से भाग निकला। होश में आने के बाद भुक्तभोगी ने आप बीती घटना को बताया। ग्रामीणों ने वन विभाग से अविलंब अकेला हाथी को क्षेत्र से हटाने की मांग की हैं।

### पार्वती कॉप्लेक्स में युथ मेंस पार्लर का हुआ शुभारंभ



शुभारंभ के दौरान मौजूद लोग।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित पार्वती कॉप्लेक्स मेन रोड लातेहार में युथ मेंस पार्लर का शुभारंभ हुआ। पार्लर का शुभारंभ पंडित रामानुज उपाध्याय के द्वारा विधिवत पुजन कर किया गया। वहीं पार्लर का संचालक राकेश कुमार व मिथलेश कुमार ने कहा कि हमारे पार्लर में फेस व हेयर से संबंधित सभी तरह के कार्य उचित दामों में किये जायेंगे। ग्राहक हमारे पार्लर में आयें और विजिट कर सारे जानकारी ले सकते है। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।




# महिला टी20 वर्ल्ड कप: आयरलैंड को हरा भारत सेफा में

## डकवर्थ लुईस नियम से आयरलैंड को 5 रन से हराया, स्मृति मंधाना प्लेयर ऑफ द मैच घोषित की गयी

एजेंसी

**गेकेबेरा।** सोमवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुकाबला आयरलैंड से था। इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। ग्रुप-बी यानी भारत के ग्रुप से इंग्लैंड की टीम पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। यह मैच सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में खेला गया।

भारत ने ग्रुप-बी के अपने आखिरी मैच में आयरलैंड को डकवर्थ लुईस सिस्टम मैथड से पांच रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई है। इस ग्रुप से इंग्लैंड की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। ग्रुप-बी की अंक तालिका में फिलहाल इंग्लैंड तीन मैचों में तीन जीत और छह अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसे पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच खेलना है। ऐसे में इंग्लैंड का शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय है। वहीं, भारतीय टीम दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंचेगी। इंग्लैंड का नेट रन रेट +1.776 है। पाकिस्तान के खिलाफ हार के बाद भी इंग्लैंड की टीम पहले स्थान पर ही रह सकती है। वहीं, भारत का नेट रन रेट +0.290 है। ग्रुप-बी से वेस्टइंडीज, आयरलैंड और पाकिस्तान की टीम टूनामेंट से बाहर हो चुकी है।




मैच की बात करें तो भारत ने आयरलैंड के सामने 156 रन का लक्ष्य रखा था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में छह विकेट पर 155 रन बनाए। स्मृति मंधाना शतक से चूक गईं। वह 56 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 87 रन बनाकर आउट हुईं। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी है। जवाब में आयरलैंड की टीम ने बारिश की वजह से खेल रुकने तक 8.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर 54 रन बना लिए थे। हालांकि, डकवर्थ लुईस नियम के हिसाब से बारिश की वजह से खेल रुकने तक भारत पांच रन आगे था। यानी आयरलैंड को अगर यह मैच जीतना था तो उसे 8.2 ओवर में 59 रन बनाने थे। आयरलैंड की टीम डकवर्थ लुईस नियम के हिसाब से पांच रन पीछे थी और यही निर्णायक साबित हुआ।

### हरमनप्रीत का इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ नाम




**गेकबेर्हा (साउथ अफ्रीका)।** भारतीय महिला टीम आयरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप का मुकाबला खेल रही है। भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इस मुकाबले को जीतना ही होगा। महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। इस मैच के लिए मैदान पर आते ही हरमनप्रीत कौर ने इतिहास भी रच दिया है। यह उनका टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 150 मैच है। इसके साथ ही इस मैच में उन्होंने अपने 3000 टी20 इंटरनेशनल रन भी पूरे कर लिये। दुनिया में सिर्फ तीन ही महिला क्रिकेटरों के टी20 में उनसे ज्यादा रन हैं। लेकिन तीनों टॉप-3 में बल्लेबाजी करती हैं। हरमनप्रीत कौर ने करियर में गिने-चुने मौकों पर ही टॉप-3 में बल्लेबाजी की है। 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 2018 टी20 वर्ल्ड कप में हरमनप्रीत कौर ने आयरलैंड के खिलाफ शतक लगाया था।

### श्रीलंका विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

**बोलैंड पार्क।** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड विमेंस टीम ने श्रीलंका को एकतरफा मुकाबले में 102 रन से हराया। बोलैंड पार्क में हुए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट खो कर 162 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका 60 रन पर ही ऑलआउट हो गई। इसके साथ ही श्रीलंका सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई। न्यूजीलैंड और श्रीलंका दोनों के 4 मैच के बाद 4 अंक हैं, लेकिन, न्यूजीलैंड का रन रेट बेहतर है। ग्रुप में इस समय साउथ अफ्रीका के भी अंक 4 हैं, लेकिन उनके पास 1 मैच बचा है। साउथ अफ्रीका का आखिरी मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ है। जीतने पर साउथ अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश कर लेगी।

### कोहली बोले-करेले से मुझे नफरत है

**नयी दिल्ली।** विराट कोहली को करेले से नफरत है। कोहली के खानपान पर बात इसलिए हो रही है, क्योंकि हाल ही में दिल्ली टेस्ट के दौरान उन्होंने छोले-कुल्चे मंगवाए थे। इसी को लेकर वो चर्चा में हैं। कोहली ने दिल्ली टेस्ट के बाद सोमवार को एक फैशन ब्रांड को इंटरव्यू दिया। इंस्टाग्राम पर शेयर इस इंटरव्यू में कोहली अपनी पसंद और नापसंद पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान करेले को लेकर उन्होंने अपनी नापसंद जाहिर की।

### इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर सपना गिल को मिली जमानत



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम का तीनों फॉर्मेट में प्रतिनिधित्व कर चुके युवा और विस्फोटक बल्लेबाज पृथ्वी साव के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने और उनकी गाड़ी पर पिछले हफ्ते बेसबॉल बैट से हमला करने पर सपना गिल और उसके कुछ दोस्तों को हिरासत में ले लिया गया था। साव के साथ हुई इस हरकत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। वहीं अब मुंबई की एक अदालत ने सपना और तीन अन्य आरोपियों को सोमवार को जमानत दे दी है। इससे पहले दिन अदालत ने गिल, उनके दोस्त शोभित ठाकुर तथा रूद्र सोलंकी और साहिल सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

## जोश हेजलवुड पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में झटके पर झटका लग रहा है। डेविड वॉर्नर को दिल्ली टेस्ट के दौरान सिर में चोट लगी थी। वहीं टीम के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट की वजह से सीरीज के पहले दो मैच नहीं खेल पाए थे। अब वह पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। दुनिया के टॉप गेंदबाजों में शामिल हेजलवुड को दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज के दौरान पैर में चोट लगी थी। अभी तक जोश हेजलवुड के रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई है। टीम के एक प्रवक्ता ने एक रिपोर्ट के अनुसार बताया कि चयनकताओं और चिकित्सा कर्मचारियों के विचार-विमर्श के बाद बुधवार को टीम में किसी भी बदलाव की घोषणा की जाएगी। लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन पहले ही दौरे के बीच से वापस ऑस्ट्रेलिया लौट चुके हैं। पैट कमिंस के भी वापस जा रहे हैं। लेकिन वह इंदौर टेस्ट से पहले वापस लौट आएंगे।



#### स्टार्क और ग्रीन भी चोटिल

ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क पहले से चोटिल चल रहे हैं। उन्हें भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान चोट लगी थी। स्टार्क भी पहले दो मैच में भारत के खिलाफ नहीं खेल पाए थे। टीम के ऑलराउंडर कैमरुन ग्रीन भी चोटिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके हाथ में चोट लगी थी। टीम को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी इंदौर टेस्ट से पहले फिट हो सकते हैं।

### क्या महान टेस्ट ऑलराउंडर बनने की राह में हैं रविंद्र जडेजा



**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रविंद्र जडेजा ने अपनी बल्लेबाजी से नया स्तर तय किया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने रविवार को दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया को 113 रन पर ऑलआउट करने में जड्डू की अहम भूमिका थी। उस मैच में सात विकेट लेकर उन्होंने टेस्ट क्रिकेट का अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी किया था। आकाश चोपड़ा ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो ऐसा लगा, जैसे वह क्रिकेट से कभी दूर नहीं गया।

## कोच मैकडोनाल्ड ने माना ऑस्ट्रेलिया ने घुटने टेके

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में अपनी टीम की लचर बल्लेबाजी पर कहा कि वे भारत की परीक्षा में विफल रहे। दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी पारी में एक विकेट पर 61 रन बनाकर बेहतर स्थिति में थी लेकिन इसके बाद टीम सिर्फ 113 रन पर सिमट गई। सोमवार को मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा, हमारे तरीकों की आलोचना होगी और ऐसा होना भी चाहिए। दूसरे दिन की समाप्ति पर अगर आप कहते कि हमारी तैयारी अच्छी थी (जब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 61 रन था) तो संभवतः आपका नजरिया अलग होता लेकिन एक घंटे के भीतर (तीसरे दिन) जो हुआ उसे लेकर लोगों ने आलोचना शुरू कर दी। एशेज में ऑस्ट्रेलिया की 4-0 की जीत के बाद जस्टिन लैंगर की जगह कोच पद संभालने वाले मैकडोनाल्ड ने कहा, और तीसरे दिन हम भारत की परीक्षा में विफल रहे। कोच ने कहा कि जहां तक उनकी समझ है तो बेंगलुरू में स्पिन की अनुकूल पिचों पर तैयारी शिविर से स्पिन के खिलाफ पर्याप्त तैयारी का मौका मिला। मैकडोनाल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि टीम ने बेंगलुरू में काफी अच्छी तैयारी की इसलिए इसे लेकर कोई बहाना नहीं है।

#### रणनीति पर नहीं चले खिलाड़ी



कोच ने कहा कि कुछ खिलाड़ी अपनी परखी हुई रणनीति पर नहीं चले जिसका खामियाजा उन्हें लगातार दूसरी शर्मनाक हार के साथ चुकाना पड़ा। उन्होंने संकेत दिये हैं कि टीम में बड़े बदलाव हो सकते हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग ऐसे थे जो स्पष्ट रूप से उस रणनीति से दूर चले गए जिसने उन्हें समय के साथ सफल बनाया। हमें इससे बेहतर होना है, यही सबसे महत्वपूर्ण बात है, हमें इसे अपनाना होगा। तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर में खेला जाएगा और इसके लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन को मौका मिल सकता है जो चोटों से उबर रहे हैं।

## द्वितीय ताइक्वांडो रेफरी ट्रेनिंग सेमिनार संपन्न हुआ।

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में एम. बी. स्कूल, बुंडू में द्वितीय ताइक्वांडो रेफरी ट्रेनिंग सेमिनार संपन्न हुआ। ताइक्वांडो रेफरी सेमिनार में रांची जिला से कुल 37 ताइक्वांडो प्लेयर ने भाग लिये। सभी प्लेयर को ताइक्वांडो रेफरी के सारे नियमों के बारे बताया गया और प्रैक्टिकल भी कराया गया। रेफरी ट्रेनिंग मुख्य रूप से सीनियर शाहनवाज अंसारी और बुंडू के ताइक्वांडो कोच तथा सीनियर रेफरी मोहम्मद जमील अंसारी ने दिया। झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शकील अंसारी सभी रेफरी को बधाई देते हुये बताया कि आगामी झारखंड स्टेट लेबल ताइक्वांडो प्रतियोगिता कराने की तैयारी लगभग पूरी तैयारिया हो चुकी है बहुत जल्द प्रतियोगिता की डेट एनाउंसमेंट किया जायेगा। प्रतियोगिता मे लगभग पूरे झारखंड राज्य से 700 खिलाड़ी भाग लेंगे। अबु अब्बास अली ने सभी रेफरी और खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ताइक्वांडो एक बहुत ही अच्छा खेल है इससे मानव जीवन को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने मे बहुत मदद मिलती है साथ ही साथ आप अपना भविष्य एक अच्छा खिलाड़ी या कोच के रूप में भी बना सकते हैं क्यूंकि ताइक्वांडो ओलंपिक गेम्स में भी शामिल है। मौके पर जाहिदा कौसर अली, सन्नी सिंह, दीपक यादव, मूसा कमर, अयूब अली, सुल्ताना खातून, खुशी तिर्की, मनीषा मुंडा, साकची सत्तूवा, नंदिनी कुमारी, शोभा कुमारी, बुधेश्वरी कुमारी, पिंकी कुमारी,कशिश कुमारी, विभा कुमारी आदि शामिल थे।

### वार्नर ने सचिन के पुतले के साथ खिंचवाया फोटो, सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीर



**नोएडा।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर दूसरे टेस्ट से पहले नोएडा में पहुंचे। उन्होंने डीएलएफ माल में शापिंग की। माल स्थित मैडम तुसाद इंडिया म्यूजियम में सचिन तेंदुलकर के मोम के पुतले के साथ तस्वीर खिंचवाई। उन्होंने यह तस्वीर इंस्टाग्राम व ट्विटर पर साझा की। दिग्गज क्रिकेट सचिन तेंदुलकर के पुतले के साथ उनकी इस तस्वीर को खूब पसंद किया जा रहा है।

**इंस्टाग्राम पर बटोरें लाइक्स :** इंस्टाग्राम पर तीन लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। करीब चार हजार लोग कमेंट कर चुके हैं। ट्विटर पर भी 33 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं।

### मुबारकपुर हत्याकांड : बीजेपी का एक दिवसीय

छपरा। छपरा के माझी मुबारकपुर में युवकों की हत्या का मामला दिन-ब-दिन तूल पकड़ता जा रहा है। मुबारकपुर हत्याकांड को लेकर राजनीतिक गलियारे में भी अब हलचल शुरू हो गई है। इसके मद्देनजर भाजपा द्वारा शहर के नगरपालिका चौक पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा मौजूद रहे। राज्य स्तरीय नेता का जिला स्तरीय धरना में सम्मिलित होना चर्चा का विषय बना हुआ है। जिलास्तरीय धरना में नेताप्रतिपक्ष बिहार सरकार पर जमकर बरसे। सोमवार को एकदिवसीय धरना का आयोजित धरना में सैकड़ो की संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

### तीन बदमाशों की हुई गिरफ्तारी

**भागलपुर।** भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया में 24 जनवरी को हुए बैंक लूट कांड मामले में पुलिस ने तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। तीनों अपराधी को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान, गुप्त सूत्र, सिसिटीवी फुटेज सहित जेल में बंद अपराधियों से पूछताछ के बाद अपराधी तक पहुंची ।इसमें शामिल एक कुख्यात अपराधी राजा सहनी उर्फ मुन्ना माईकल को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही छोटू व विकास शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से लूट के रुपये के साथ साथ कई चीजों को बरामद किया गया है।

### मोतिहारी पहुंची एनआईए की टीम

**मोतिहारी।** मोतिहारी में एक बार फिर से एनआईए की टीम ने दस्तक दे दिया है। मोतिहारी के चकिया और मेहसी थाना क्षेत्र के उन जगहों पर गई, जहां पीएफआई का ट्रेनिंग कैंप चला था। उन सभी जगहों का एक बार फिर से सत्यापन किया, साथ ही मुजफ्फरपुर में मिले टाइम बम के बारे में भी पड़ताल किया। एनआईए की टीम ने मोतिहारी के चकिया और मेहसी थाना क्षेत्र में चल रहे पीएफआई संगठन से जुड़े सदस्यों को पिछले माह गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई थी, जिसके बाद एनआईए की टीम ने गिरफ्तार दानिश, आदिल और तनवीर के घर दुबारा से पहुंची, इस दौरान एनआईए की टीम ने एक बार फिर से उसके घर के अन्य सदस्यों से पूछताछ की, और कई महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई।

### रविशंकर का सीएम नीतीश पर हमला

**पटना।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि नीतीश कुमार से बिहार तो संभल नहीं रहा है और वे देश संभालने की बात कर रहे हैं। रविशंकर प्रसाद ने यह बात नीतीश के उस बयान के जवाब में कही, जिसमें उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा के 100 सीटों पर सिमटने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि नीतीश का ढट बनने का सपना कभी पूरा नहीं होगा क्योंकि देश की जनता पीएम मोदी और उनकी लीडरशिप पर यकीन करती है। रविशंकर ने कहा कि नीतीश कई बार प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाए जाने की इच्छा जता चुके हैं, जबकि उनसे अपना राज्य ही नहीं संभल रहा है।

## क्या नीतीश को कुशवाहा चुनौती दे पाएंगे? लोकसभा चुनाव से पहले बिहार की राजनीति में आया नया मोड़

#### एक झसक

- उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश कुमार को गुडबाय बोला
- 'राष्ट्रीय लोक जनता दल' नाम से नई पार्टी बनाई
- तीसरी बार उपेंद्र कुशवाहा ने दल का गठन का किया
- पहले की दोनों पार्टियों का विलय जेडीयू में करा चुके हैं

एजेंसी

**पटना।** आखिर वही हुआ, जिसका अनुमान काफी दिनों से लगाया जा रहा था। नीतीश कुमार से हक मांगते-मांगते उपेंद्र कुशवाहा एक बार फिर रुखसत हो गए। नीतीश कुमार को भी इसी का इंतजार था, उनकी मुराद पूरी हो गई। पार्टी से निकालने की औपचारिकता से बच गए। कुशवाहा अपने राजनीतिक करियर में तीसरी बार पार्टी बनाए हैं। तीनों बार वजह कुशवाहा के लिए नीतीश रहे। दरअसल, आदमी से बड़ा जब उसकी महात्वाकांक्षा हो जाती है तो उपेंद्र कुशवाहा बन जाता है। वैसे हर किसी को अपने जीवन और करियर में शीर्ष पर पहुंचने का अधिकार होता है, मगर सबको सफलता मिले ये जरूरी तो नहीं। उपेंद्र कुशवाहा की शुरू से बिहार के मुख्यमंत्री बनने की रही है, मगर अब तक कामयाबी नहीं मिली। अब एक बार फिर नई पार्टी बनाए हैं।

### राष्ट्रीय लोक जनता दल' कुशवाहा की नई पार्टी



उपेंद्र कुशवाहा ने 'राष्ट्रीय लोक जनता दल' नाम से नई पार्टी का ऐलान किया। उपेंद्र कुशवाहा अब राष्ट्रीय लोक जनता दल पार्टी के जरिए ही नीतीश और लालू को चुनौती देंगे। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी नई पार्टी के जरिए लालू-नीतीश पर हमला बोल दिया है। उन्होंने कहा कि खउत्र की विधान परिषद की सदस्यता का भी त्याग कर दिया है। वो जमीर बेचकर अमीर नहीं बनेंगे। अब वो जो भी करेंगे, अपनी नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल के जरिए करेंगे। वैसे, 2005 में उपेंद्र कुशवाहा ने राष्ट्रीय समता पार्टी बनाई, फिर उसका विलय जेडीयू में करा दिया। ये तीसरा मौका है, जब उन्होंने नई पार्टी बनाई है। इन सबके बीच सवाल भरोसे का है। पार्टी के चलाने के लिए लॉयल लोगों की जरूरत पड़ती है। इतना इधर-उधर कर चुके हैं कि कुशवाहा के साथ ये सबसे बड़ी संकट है।

### पलटी मार कुशवाहा की कुंडली

- बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे कुशवाहा ने 2007 में JDU से बगावत की। पार्टी से निकाले जाने के बाद राष्ट्रीय समता पार्टी बनाई।
- लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद कुशवाहा ने 2009 में फिर से पाला बदला और नीतीश कुमार ने राज्यसभा सांसद बना दिया।
- जेडीयू-बीजेपी में जब खटपट हुई तो 2013 में कुशवाहा ने नीतीश को झटका दिया। राष्ट्रीय लोक समता पार्टी बनाकर बीजेपी से तालमेल कर लिए।
- बीजेपी से गठबंधन कर कुशवाहा ने 2014 में लोकसभा की चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे, तीन पर जीत मिली और केंद्र में मंत्री बन गए।
- उपेंद्र कुशवाहा ने 2018 में केंद्र की मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दिया। आरजेडी-कांग्रेस के नेतृत्व वाली महागठबंधन में शामिल हो गए।
- 2019 लोकसभा चुनाव में हार के बाद कुशवाहा ने महागठबंधन का साथ छोड़ दिया। बीएसपी और ओवैसी की पार्टी के साथ मोर्चा बनाए।
- बिहार चुनाव 2020 में कुशवाहा का मोर्चा फेल हो गया। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी 'राष्ट्रीय लोक समता पार्टी' का जेडीयू में विलय कर दिया।
- एक बार फिर नीतीश कुमार से खटपट होने के बाद 20 फरवरी 2023 को उपेंद्र कुशवाहा ने 'राष्ट्रीय लोक जनता दल' नाम से नई पार्टी बनाई।
- 1985 में राजनीतिक करियर की शुरूआत करनेवाले उपेंद्र कुशवाहा अब तक आठ बार पलटी मार चुके हैं।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कितना नुकसान पहुंचाएंगे उपेंद्र कुशवाहा?

इलेक्टोरल पॉलिटिक्स के हिसाब के देखें तो कुर्मी-कुशवाहा वोट बैंक पर नीतीश कुमार और उनकी पार्टी सौ फीसदी दावेदारी जताती है। अगर उपेंद्र कुशवाहा अपनी जाति का कुछ भी वोट काटते हैं तो वो सीधे-सीधे नीतीश कुमार को नुकसान करेंगे। अगर अनुमानित आंकड़ों पर गौर करें तो कुशवाहा वोटर करीब छह फीसदी बताए जाते हैं। वहीं, कुर्मी-धानुक साढ़े सात फीसदी के आसपास हैं। पूरा मामला नीतीश कुमार के हिडेन वोट बैंक से जुड़ा है। ये साइलेंट वोटर (कुर्मी-कुशवाहा) नीतीश कुमार के हैं, जो उनके नाम पर वोट डालते हैं। इसी के बदौलत नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने हुए हैं। नीतीश कुमार ये बात जानते हैं कि अगर कोई कुशवाहा नेता आया तो उनको नुकसान करेगा। उपेंद्र कुशवाहा को लगता है कि जिस कुर्मी-कुशवाहा वोट बैंक के बदौलत वो आजतक मुख्यमंत्री बने हुए हैं तो कोई दूसरा क्यों नहीं बन सकता है?

## पेज 1 का शेष...

### गरीबों को न्याय ...

बताते चलें कि भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को झारखंड हाई कोर्ट का नया चीफ जस्टिस बनाए जाने की अधिसूचना बीते शुक्रवार को जारी की गई थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर 2022 को जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के नाम की अनुशंसा झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के लिए केंद्र सरकार से की थी। झारखंड हाईकोर्ट में 20 दिसंबर से झारखंड हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस का पद रिक्त था। जस्टिस संजय कुमार मिश्रा इससे पहले उत्तराखंड के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं।

### पंचायत सेवकों पर...

राज्यभर के पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ मोरहाबादी मैदान से राजभवन तक पदयात्रा करते हुए पहुंचे थे। वे राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। उनकी मांग है कि प्रोत्साहन राशि को हटाकर मानदेय दिया जाये। पंचायत स्वयं सेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया जाय। नियुक्ति को 60 साल तक के लिए किया जाय। उनका कहना था कि हमारी मांग को सरकार नहीं सुन रही है। सरकार केवल हमलोगों को ठगने का काम कर रही है।

### हाई लेवल टीम ने लिया...

बाद में टीम महादेवगंज स्थित गंगा पूल का निर्माण करने में लगी दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के क्रशर प्लांट की भी जांच की तथा एनजीटी एवं प्रदूषण बोर्ड की ओर से जारी गाइडलाइन पर टीम ने कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर भानु प्रताप सिंह से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके बाद टीम मडरो प्रखंड अंतर्गत मारी कुप्ती में पत्थर व्यवसाई कन्हैया खुडानिया का श्री श्याम स्टोन वर्क्स के नाम से संचालित क्रशर प्लांट पहुंची। यहां टीम ने बारीकी से हर एक बिंदुओं का जायजा लिया। यहां लगे वायु प्रदूषण यंत्र की बारीकी से जांच पड़ताल करने के बाद प्रतिष्ठान के मालिक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं वापसी के क्रम में एनजीटी के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते पाए जाने पर मारी कुप्ती में ही संचालित स्टार स्टोन वर्क्स को सील करवा दिया। बाद में टीम करम टोला, मिजाचौकी और सकरी गली में संचालित रेलवे के लाइक लोडिंग पॉइंट का भी जायजा लिया। वापसी के पहले टीम ने स्थानीय परिसदन में जिले के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।दरअसल सामाजिक कार्यकर्ता अरशद नसर ने राजमहल पहाड़ियों को अंधाधुन दोहन से बचाने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में एनजीटी कोलकाता में याचिका दायर किया था। साथ ही पहाड़ियों में विलुप्त हो रहे पहाड़िया आदिम जनजाति को संरक्षित करने के साथ साथ राजमहल की पहाड़ियों में मिलने वाले दुर्लभ जड़ी बूटियों, पेड़-पौधे, जीव जंतु, दुर्लभ जीवाश्म एवं झरनों के अस्तित्व की रक्षा करने की गुहार लगाई थी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन अचानक पहुंचे कीव

## जेलेंस्की से मुलाकात कर मदद की घोषणा की, कहा- यूक्रेन के साथ खड़ा है अमेरिका

एजेंसी

**कीव।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। बाइडन यूक्रेन और रूस जंग की बरसी से ठीक पहले यहां पहुंचे हैं। कीव पहुंचते ही बाइडेन ने यूक्रेन को सैन्य मदद और राहत पैकेज देने की घोषणा की है। बता दें कि 24 फरवरी, 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश पर रूसी आर्मी ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया था। एक साल होने को हैं, लेकिन इसके बंद होने के कुछ आसार नजर नहीं आ रहे हैं। लगातार चल रहे इस युद्ध की वजह से यूक्रेन में अब तक भारी तबाही मच चुकी है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के एक साल पूरा होने से कुछ दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के लिए बाइडन की इस यात्रा को एकजुटता दिखाने के कदम के तौर पर देखा जा रहा है। इधर, कयास लगाये जा रहे हैं कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ मिलकर बाइडन कोई बड़ी योजना बना सकते हैं। वे कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ नजर आये। बाइडेन का यह दौरा चौंकाने वाला है। इसकी किसी को सूचना भी नहीं दी गयी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बाइडेन के कीव पहुंचने से पहले इस इलाके को नो-फ्लाई जोन बना दिया गया था। यूक्रेन पहुंचने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पोलैंड के वारसा गये थे और वहां पोलैंड के राष्ट्रपति से मिले। यह मुलाकात करीब एक घंटे तक चली।

राष्ट्रपति जो बाइडन ने कीव में कहा कि मंगलवार को अमेरिका यूक्रेन के लिए 500 मिलियन डॉलर की सैन्य मदद और सहायता पैकेज की घोषणा करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका यूक्रेन की लगातार मदद करता रहेगा। ना केवल पैसों से, बल्कि सैन्य मदद के लिए भी तैयार है। बाइडेन ने यह भी कहा कि यूक्रेन की लड़ाई लोकतंत्र की लड़ाई है। यूक्रेनियों की रक्षा के लिए उपकरण दिये जायेंगे। उन्होंने कहा, हम धमाकों की आवाज सुन रहे हैं। बाइडन ने अमेरिकी और यूक्रेनी झंडों से सजे मंच से कहा, एक साल बाद, कीव दृढ़ता से खड़ा है। लोकतंत्र खड़ा है। अमेरिकी आपके साथ खड़े हैं और दुनिया आपके साथ खड़ी है। यूक्रेन की मदद करते रहेंगे। यूक्रेन को एयर सर्विलांस रडार देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि रूस की सेना जरूर हारेगी। यूक्रेन को सभी हथियार मुहैया कराये जायेंगे।



वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति की कीव में यात्रा को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि उनका यहां आना यूक्रेनियों के समर्थन का एक महत्वपूर्ण संकेत है। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने और बाइडन ने लंबी दूरी की क्षमता वाले हथियारों के बारे में बात की और उन शस्त्रों की भी बात की, जिन्हें पहले यूक्रेन को नहीं भेजा गया, लेकिन अब उनकी आपूर्ति की संभावना है। हालांकि, उन्होंने कोई नया वादा नहीं किया। बाइडन की कीव और उसके बाद वारसॉ की यात्रा से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका रूसी बलों को यूक्रेन से पूरी तरह खदेड़ने तक उसके साथ खड़ा होने को तैयार है। बता दें कि रूस से युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका अब तक यूक्रेन का सबसे बड़ा मददगार रहा है। अब तक इस युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की काफी मदद की है। अमेरिका ने यूक्रेन को भारी सैन्य मदद के साथ वित्तीय मदद भी की है।

रूस से युद्ध शुरू होने के बाद यह जो बाइडन का पहला यूक्रेन दौरा है। बाइडन के इस दौरे का पहले किसी भी तरह का कोई खुलासा नहीं किया गया था। हालांकि, व्हाइट हाउस की तरफ से एक वक्तव्य में इस बात की जानकारी दी गयी कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मिलने यूक्रेन गये है। दोनों देशों के बीच संबंधों को पहले से बेहतर बनाने के लिए भी यह दौरा अहम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रपति जो बाइडेन कीव में पांच घंटे रुके। बाइडेन और जेलेंस्की सेंट माइकल चर्च भी गये। यहां वे सिर्फ पांच मिनट रुके। बाइडेन ने मैरींस्की पैलेस में जेलेंस्की से मुलाकात की और देश के मारे गये जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने यहां अमेरिकी दूतावास के कर्मियों से भी मुलाकात की। इधर, न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, रविवार देर रात व्हाइट हाउस ने रूस को ऑफिशियल केबल (खत या डिप्लोमैटिक नोट) के जरिये बता दिया था कि राष्ट्रपति जो बाइडेन कीव पहुंचने वाले हैं। एनएसए जैक सुलिवान ने भी इसकी पुष्टि की। इसका मकसद था कि बाइडेन की विजिट के दौरान इस इलाके में रूस कोई हमला न करे।

## बाल विवाह उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : ईरानी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बाल विवाह उन्मूलन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि संबंधित कानूनों को लागू करने के लिए आम जनता को सहयोग देना होगा। श्रीमती ईरानी ने यहां कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन की ओर से ह्यनेशनल कंसल्टेशन ऑन चाइल्ड मैरिज फ्री इंडियाह्न आयोजन को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक अपराध है और इसे पूरी तरह से खत्म करना होगा। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम इसे मौजूदा 23 प्रतिशत से शून्य प्रतिशत पर ले आएं। हम बाल विवाह को इतिहास बनाएंगे। सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाल विवाह के उन्मूलन के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए कानून अपना काम कर रहा है लेकिन लोगों को इसके लिए सरकार के साथ आना होगा।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रपति ने अरुणाचल में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर दिया जोर

**ईटानगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को चीन की सीमा से लगे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अरुणाचल प्रदेश में अच्छे बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया। श्रीमती मुर्मू ने यहां आईजी पार्क में अरुणाचल प्रदेश के 37वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र के मामले में पूर्वोत्तर में सबसे बड़ा राज्य होने के अलावा रणनीतिक और भौगोलिक दृष्टि से भी एक बहुत ही महत्वपूर्ण राज्य है। यह अंतरराष्ट्रीय सीमाओं (तीन पड़ोसी देशों - चीन, म्यांमार और भूटान के साथ) को भी साझा करता है।

### नेपाल में राष्ट्रपति पद को लेकर प्रचंड का देउबा से नया समझौता

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री और सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड राष्ट्रपति पद के लिए नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार का समर्थन करने के लिए लगभग तैयार हैं। अगर प्रधानमंत्री प्रचंड नेपाली कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करते हैं, तो सत्ता गठबंधन टूट जायेगा। रविवार शाम को हुई बैठक में राष्ट्रपति पद पर सहमति बनी और सोमवार शाम को होने वाली बैठक में सीपीएन (एमसी) इस पर औपचारिक फैसला लेगी।

### गोधरा रेल अग्निकांड में जमानत याचिका पर सरकार ने किया विरोध

**नयी दिल्ली।** गुजरात सरकार ने वर्ष 2002 में 59 लोगों की जान लेने वाले गोधरा रेल अग्निकांड को 'दुर्लभतम' मामला बताते हुए इसके 11 दोषियों की उम्रकैद की सजा को मृत्युदंड में बदलने की गुहार सोमवार को उच्चतम न्यायालय से लगायी। गुजरात सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा गुजरात उच्च न्यायालय ने 11 दोषियों की मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया, उन दोषियों मृत्युदंड दी जानी चाहिए।

### ब्राजील में भूस्खलन व बाढ़ से 24 से अधिक लोगों की मौत

**ब्राजिलिया।** ब्राजील में बाढ़ और भूस्खलन का कहर जानलेवा साबित हो रहा है। 24 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सर्वाधिक प्रभावित राज्य साओ पाउलो को सार्वजनिक आपदाग्रस्त घोषित कर दिया गया है। साथ ही, दो प्रमुख शहरों ने अपने वार्षिक कार्निवल को रद करने का एलान किया है। देश के कई शहरों में बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ब्राजील का सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य साओ पाउलो सर्वाधिक प्रभावित है।

## फिल्म कांटारा-2 में नजर आ सकते हैं सुपरस्टार रजनीकांत



ऋषभ शेट्टी ने हाल ही में बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कांटारा के हिट होने पर बयान दिया। बाद में जब उनसे कांटारा-2 को लेकर कुछ सवाल पूछे गये, तो उन्होंने कहा कि हम स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। साथ ही, इस कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि दर्शकों को कांटारा के प्रीक्वल से कुछ अलग देखने को मिलेगा। एक इवेंट में ऋषभ शेट्टी से पूछा गया, क्या रजनीकांत कांटारा-2 में नजर आयेंगे, तो ऋषभ ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया और इनकार भी नहीं किया। क्योंकि, रजनीकांत ने ट्विटर के जरिए कांटारा का रिव्यू किया था। उन्होंने ऋषभ शेट्टी के प्रदर्शन की तारीफ भी की थी। इसके बाद ऋषभ शेट्टी रजनीकांत के घर गये और फिल्म के बारे में चर्चा की। ऐसे में संभावना जतायी जा रही है कि रजनीकांत कांटारा-2 में नजर आ सकते हैं। फिल्म 'कांटारा' महज 16 करोड़ के बजट में बनी फिल्म है, लेकिन इसकी सफलता और दर्शकों की प्रतिक्रिया को देखते हुए इसके प्रीक्वल के लिए बड़े बजट की बात हो रही है।

## भारत 2047 में इस्लामिक स्टेट नहीं, अखंड भारत बनेगा : नीरज दौनेरिया

**लखनऊ (हि.स.)।** बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि भारत को कमजोर व अस्थिर करने के लिए इस्लामिक जिहाद किया जा रहा है। हिंदुत्व को टारगेट कर उनके मान बिंदुओं पर हमला किया जा रहा है। उन मानबिंदुओं में ही हिंदू बहन-बेटियां आती हैं। मुस्लिम जनसंख्या बढ़ाने लिए सुनियोजित तरीके से हिंदू लड़कियों को लव जिहाद का शिकार बनाया जा रहा है। यह इस्लामिक जिहाद का सुनियोजित षड्यंत्र है। कहा कि इस्लाम 2047 में भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने के षड्यंत्र के तहत 'हिंदू लड़की फंसाओ मुस्लिम आबादी बढ़ाओ' नापाक इरादा लेकर वे चल रहे हैं। पटना के फुलवारी शरीफ में एनआइए के छापे में मिली सामग्री से ये साक्ष्य सामने आये हैं।

## युवाओं को नयी सदी के लिए तैयार करती है नवीन शिक्षा नीति : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश के युवाओं को नयी सदी के लिए तैयार करती है। पीएम मोदी ने आज यहां वीडियो संदेश के जरिए उत्तराखंड रोजगार मेला को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन उन लोगों के लिए एक नयी शुरूआत का प्रतीक है, जिन्हें उनका नियुक्ति पत्र मिला है और यह केवल जीवन बदलने वाला अवसर नहीं है, बल्कि समग्र परिवर्तन का माध्यम भी है। उन्होंने केंद्र और उत्तराखंड सरकार के निरंतर प्रयासों का उल्लेख करत हुए कहा , प्रत्येक युवा को आगे बढ़ने के लिए सही माध्यम तक पहुंच को हासिल करते अपनी रुचि के आधार पर नये अवसर मिले।



सरकारी सेवाओं में भर्ती अभियान भी इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। उन्होंने कहा कि तरह के भर्ती अभियान पूरे देश में भाजपा शासित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। देश में लाखों युवाओं को पिछले कुछ महीनों में केंद्र सरकार से नियुक्ति पत्र मिले हैं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि आज उत्तराखंड इसका हिस्सा बन रहा है। केंद्र सरकार का निरंतर प्रयास है कि यहां के युवा अपने गांव लौटें।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | Classes VI & VII |
|---|---|
| * Class VIII Today (Combined) ₹ 250 | * Class VII Today (Combined) ₹ 240 |
| * Class VIII Today (English Medium) ₹ 280 | * Class VI Today (Combined) ₹ 240 |
| * Mathematics Practical ₹ 60 | |
| * Science Practical ₹ 60 | |
| * S. Science Practical ₹ 60 | |
| * Hindi Vyakaran-I ₹ 60 | * Hindi Vyakaran-I ₹ 60 |
| * English Grammar-I ₹ 60 | * English Grammar-I ₹ 60 |
| * Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50 | * Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## पाकिस्तान में बस खाई में गिरी, 15 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारातियों से भरी बस खाई में गिरने से 15 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 64 लोग घायल हो गए। घटना उस समय हुई, जब लाहौर से 240 किलोमीटर पहले कल्लार कहार क्षेत्र में बस खाई में जा गिरी। बस इस्लामाबाद से लाहौर जा रही थी। हादसे में अब तक मारे गये 15 लोगों में छह महिलाएं शामिल हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने अधिकारियों से घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। जानकारी के अनुसार, इस्लामाबाद से बारातियों को लेकर लाहौर जा रही तेज रफ्तार बस कई वाहनों से टकराकर खाई में गिर गई। आपातकालीन बचाव सेवा रेस्क्यू 1122 ने बताया कि ब्रेक के काम बंद कर देने के कारण दुर्घटना हुई।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में पांच याचिकाओं पर डेढ़ घंटे चली बहस

### अगली सुनवाई 27 मार्च को

**मथुरा (हि.स.)।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह मामले को लेकर सोमवार दोपहर बाद पांच अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई हुई। डेढ़ घंटे चली बहस के बाद न्यायालय ने अगली सुनवाई 27 मार्च निर्धारित की है। इस दौरान मुस्लिम पक्ष ने वादी पर आरोप लगाया है कि यह वाद अदालत में चलने लायक नहीं है, इसे खारिज किया जाये।

जिले के सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह प्रकरण को लेकर पांच अलग-अलग याचिका पर सोमवार दोपहर दो बजे के बाद कोर्ट में वादी प्रतिवादी के अधिवक्ता न्यायालय में पहुंचे और वाद संख्या 353/21 174/22 252/22 888/22 620/22 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। न्यायालय में 1 घंटा 30 मिनट अधिवक्ताओं ने बहस की।

इसमें श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह प्रकरण को कृष्ण भक्त रंजना अग्निहोत्री वाद संख्या 353/21, अखिल भारत हिंदू महासभा दिनेश कौशिक वाद संख्या 174/22, अनिल त्रिपाठी वाद संख्या 252/22 शिकायतकर्ता महेंद्र प्रताप सिंह वाद संख्या 888/22 और जितेंद्र बिसेन की वाद संख्या 620/22 को लेकर दोपहर 2 बजे बाद सभी याचिकाओं पर सुनवाई हुई. महेंद्र प्रताप सिंह की याचिका पर 28 फरवरी और चार अन्य याचिकाओं पर अगली सुनवाई 27 मार्च को होगी।

## वाणिज्य की खबरें

### शेयर बाजार लाल निशान पर बंद, 311 अंक लुढ़का सेंसेक्स

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बढ़त के साथ खुलने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव दिखा। बैंकिंग, फार्मा और एनर्जी के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली, जबकि मेटल, पीएसइ, एएफएमसीजी और रियल्टी के शेयरों में भारी दबाव रहा। कारोबार के अंत में बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) का सेंसेक्स 311.03 अंक यानी 0.51 फीसदी की गिरावट के साथ 60,691.54 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसइ) का निफ्टी 99.60 अंक यानी 0.56 फीसदी टूटकर 17,844.60 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 शेयरों में गिरावट दर्ज हुई, जबकि 10 शेयरों में तेजी रही। अडाणी समूह के 10 शेयरों में से सात शेयर में गिरावट देखने को मिली।

### महंगाई को काबू में रखने की हर संभव कोशिश करेगा आरबीआइ : सीतारमण

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जयपुर में केंद्रीय बजट 2023-24 के पश्चात आयोजित बैठक में विभिन्न हित धारकों के साथ विचार-विमर्श किया। इस दौरान सोमवार को वित्त मंत्री ने महंगाई को लेकर कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) इसे अनुमानित दायरे में रखने के लिए हरसंभव उपाय करेगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजटीय प्रावधानों को लेकर विभिन्न उद्योग संगठनों के साथ संवाद किया।

वहीं, एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि अमृत काल का यह बजट देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश एवं रोजगार को बढ़ावा देने के साथ-साथ नागरिकों के हित में विकास को समर्पित है। कांग्रेस ने राजनीतिकरण के कारण देश को आगे बढ़ने से रोकने वाले तंत्र को अपनाया, क्योंकि उन्हें देश की चिंता नहीं है। उन्हें सिर्फ उनके परिवार, राजवंश और उनकी पार्टी के भलाई की चिंता है। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि सालों तक लोग



पानी को तरसते रहे, लेकिन कांग्रेस ने परवाह नहीं की। इससे पहले, उन्होंने बजट पश्चात उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रिजर्व बैंक महंगाई को अनुमानित सीमा में बनाये रखने के लिए हर जरूरी कदम उठायेगा। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के बाद केंद्रीय बजट 2023-24 को लेकर संवाद कार्यक्रम की शुरुआत 4 फरवरी को मुंबई से की थी। इसके बाद वित्त मंत्री का कार्यक्रम हैदराबाद, इंफाल और भुवनेश्वर के बाद जयपुर में आयोजित हुआ। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग जगत और अन्य हित धारकों से अगामी केंद्रीय बजट प्रावधानों और उनके कार्यान्वयन के बारे में प्रतिक्रिया हासिल करना है।

### अडाणी समूह को आगे भी लोने देने पर विचार करेगा बीओबी : सीइओ

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** मुश्किल दौर से गुजर रहे अडाणी समूह के लिए राहत देने वाली खबर आयी है। अमेरिकी वित्तीय रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट के बाद कंपनी के शेयरों में भारी उथल-पुथल के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के सीइओ संजीव चड्ढा ने कहा है कि वह अडाणी समूह को आगे भी लोन देने को तैयार है।

### एयर इंडिया-विस्तार के विलय की प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** टाटा समूह की अगुवाई वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया और विस्तारा एयरलाइन के विलय की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अभी दोनों एयरलाइंस के कर्मचारियों को समायोजित करने पर चर्चा चल रही है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एयर इंडिया और विस्तारा के वरीय अधिकारियों की एक टीम इस विलय को अंतिम रूप देने में जुटी है।


झारखण्ड सरकार,
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग



अपील

जोहार !

झारखण्ड राज्य में 11वीं कृषि गणना का कार्य माह सितम्बर 2022 से प्रारंभ हो गया है। जिस प्रकार जनगणना से देश के निवासियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आँकड़े जुटाए जाते हैं, उसी प्रकार कृषि गणना अंतर्गत किसानों के द्वारा उपयोग की जाने वाली भूमि, उपजायी जाने वाली फसल, सिंचाई सुविधा, खाद, उन्नत बीज, कीटनाशक दवा एवं कृषि उपकरण से संबंधित ऑकड़े संकलित किये जाते हैं। इन आंकड़ों का उपयोग किसानों की उपज बढ़ाने के साथ-साथ उनकी आर्थिक दशा सुधारने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजना बनाने में किया जाता है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कृषि गणना के लिए निर्धारित मार्गदर्शिका के आलोक में गणना कार्य निर्धारित अवधि में संपन्न कराया जाना है। यह गणना पांच वर्षो के अंतराल पर 1970-71 से की जा रही है।

प्रधान सचिव-सह-राज्य कृषि गणना, आयुक्त, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में गठित कृषि गणना कोषांग के साथ सभी उपायुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षकों /राजस्व उप निरीक्षकों को कृषि गणना की जिम्मेवारी दी गई है।

अतः राज्य के सभी माननीय सांसदों/विधायकों/जन प्रतिनिधियों, किसान बन्धुओं एवं आमजनों का इस पुनीत कार्य में सहयोग अपेक्षित है।

हेमंत सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO. 290776 (IPRD) 22-23

# चक्रधरपुर के सादिया कौशर हत्याकांड में रेलकर्मी पिता और दो भाई गिरफ्तार

- एक दिन पूर्व ही खबर मन्त्र ने ऑनर किलिंग का किया था खुलासा
- आधी रात को पुरुष मित्र के साथ वीडियो कॉल में बात करता देख परिजन हुए थे आक्रोशित
- बेहोशी की हालत में कुआं में फेंक सुबह गुमशुदगी की दर्ज कराई थी शिकायत



जानकारी देतें एएसपी कपिल चौधरी व अन्य पुलिसकर्मी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के पोटका की छात्रा सादिया कौशर हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में मृतका के पिता रेलकर्मी मोहम्मद मुस्तफा अहमद और उसके दो बेटे मोहम्मद वकाश व मोहम्मद साद को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने संवाददाता सम्मेलन में मामले का खुलासा करते हुए जानकारी दी। मालूम हो कि एक दिन पूर्व खबर मन्त्र ने मामले को ऑनर किलिंग की आशंका जताते हुए समाचार प्रकाशित किया था। जानकारी के अनुसार 10 फरवरी 2023 को मोहम्मद मुस्तफा अहमद, उम्र करीब 52 वर्ष, पिता स्व. मो. अजीम अहमद, पोटका (ईचिंडासाई), थाना- चक्रधरपुर द्वारा चक्रधरपुर थाना को सूचना दी गयी कि 9 फरवरी की रात्रि से इनकी बेटी सादिया कौशर, उम्र करीब 20 वर्ष घर से गुमशदा हो गयी है, जो अभी तक खोजबीन करने में नहीं मिली। इस सूचना के आधार पर चक्रधरपुर थाना द्वारा प्रारंभिक जांच के क्रम में सादिया कौशर का मोबाईल ट्रैक कर इन्ही के घर से बरामद किया गया था। उक्त घटना के करीब तीन दिन बाद 13 फरवरी को इन्ही के घर के पुरब दिशा में स्थित एक कुआं से सादिया कौशर का शव बरामद किया गया। 13 फरवरी को ही पिता मुस्तफा द्वारा चक्रधरपुर थाना में बेटी सादिया कौशर को दुष्कर्म कर जान से मारकर हत्या करने की लिखित शिकायत दर्ज करायी गई। जिसके आधार पर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कांड के वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए ट्रैकिंग डॉग स्कायड की सहायता ली गयी थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कपिल चौधरी द्वारा टीम का नेतृत्व करते हुए सुक्ष्मता से कांड में साक्ष्य संकलन कराया गया। अनुसंधान में पाया गया कि सादिया कौशर को इनके पिता मोहम्मद मुस्तफा अहमद द्वारा ही रात में विडियो कॉल पर बातचीत की आवाज सुनकर गुस्सा से मारपीट किया गया। मारपीट में सादिया कौशर को मृत समझकर मुस्तफा अहमद के दोनों पुत्रों शेख मोहम्मद वकाश, उम्र करीब 18 वर्ष तथा 2. मोहम्मद शाद, उम्र करीब 25 वर्ष द्वारा सादिया कौशर के शव को घर के पुरब दिशा में स्थित एक कुआं में शरीर पर ईंट बांधकर फेंक दिया गया। तीनों अभियुक्तों ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। संवाददाता सम्मेलन में एएसपी कपिल चौधरी, थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार भी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



सजा दिलाने की मांग को लेकर सड़क जाम करते परिजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सड़क हादसे के शिकार युवक की इलाज के दौरान मौत से आक्रोशित परिजनों ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हथियापाथर चौक को सोमवार को जाम दिया। परिजन दोषी को सजा देने की मांग को लेकर करीब डेढ़ घंटे दुमका-देवघर मुख्य सड़क मार्ग को ग्रामीणों ने जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने नगर थाना क्षेत्र के डंगालपाड़ा निवासी गुड्डु गुप्ता के शव को बीच सड़क पर रख दोषी को सजा देने की मांग करने लगे। जाम की सूचना मिलते ही मुफसिल थाना प्रभारी नितीश कुमार एवं सीओ यामुन रविदास घटना स्थल पहुंचे। जहां लोगों से बातचीत कर दोषी को कानूनी सजा देने एवं मृतक के परिवार को सरकारी लाभ मुहैया कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन देने के पश्चात लोगों ने जाम को हटाया। ज्ञात हो कि 16 फरवरी को डंगालपाड़ा निवासी गुड्डु गुप्ता हथियापाथर के सड़क किनारे भोटी-भात खाकर सड़क पार कर रहा था। तभी तेजी गति से आ रही बाईक ने उसे धक्का मारकर फरार हो गया। आनन-फानन में लोगों ने गुड्डु गुप्ता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया। इसके बाद 19 फरवरी को दुमका के भारती अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार दोषी को सजा देने की मांग को लेकर दुमका-भागलपुर सड़क मुख्य मार्ग को बाधित रखा। प्रशासन के समझाने-बुझाने के डेढ़ घंटे बाद जमा हटा और वाहनों का परिचालन सुचारू हो सका।

## स्पीड न्यूज

### बेकाबू ट्रक ने व्यक्ति को कुचला

**शिकारीपाड़ा।** बेकाबू एक ओवरलोड चिप्स लदे एलपी ट्रक ने एक व्यक्ति को रौंद दिया। घटना शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट मुख्य सड़क के शिकारीपाड़ा मेन बाजार शिव मंदिर के समीप घटी। जहां ओवरलोड चिप्स लदे एलपी ट्रक ने शिकारीपाड़ा के ही निवासी दिलीप पहाड़िया को ट्रक ने कूचल डाला। मृतक दिलीप पहाड़िया का छत विच्छत शव को पुलिस ने बोरे में भरकर थाना लायी है। पुलिस एलपी ट्रक को जप्त कर थाना ले आयी है, मौके से चालक फरार होने में कामयाब रहा।

### आदेशों का अवहेलना का आरोप सहायक पर

**दुमका।** बंदोवस्त पदाधिकारी के आदेशों का अवहेलना का आरोप सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी सादां नुसरत पर लगा है। आरोप बंदोवस्त कार्यालय के मोहर्रिर सह पेशकार सत्येंद्र नारायण सिंह ने लगाया है। पीड़ित मोहर्रिर सत्येंद्र नारायण सिंह ने बंदोवस्त पदाधिकारी के आदेश पत्र का हवाला देते हुए कहा कि बीते 7 जनवरी को वर्तमान पदस्थापन स्थान सारठ से तबादला करते हुए शिविर/न्यायालय सरैयाहाट पदस्थापित किया गया। इसके बावजूद 17 जनवरी, 20 जनवरी एवं 7 फरवरी को योगदान के लिए आवेदन दिया गया। लेकिन पीठासीन पदाधिकारी द्वारा अज्ञात कारणों का हवाला देते हुए योगदान नहीं लिया गया। इस बावत फोन पर बात कर सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी सादां नुसरत के पक्ष जानने का प्रयास किया तो बंदोवस्त पदाधिकारी ने मामले की जानकारी नहीं होने की बात कहते हुए कार्यालय पहुंच इसकी जानकारी पीठासीन पदाधिकारी से लेने की बात कही।

### अवैध कोयला लदे वैन जब्त

**शिकारीपाड़ा।** जिले के डीएफओ को गुप्त सूचना मिली थी कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बादलपाड़ा लुटियापहाड़ वन क्षेत्र में अवैध कोयला लोड कर बंगाल की ओर जा रही एक ट्रक को वन विभाग ने जब्त किया। वनपाल जितेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में शिकारीपाड़ा वन विभाग के कर्मियों की टीम ने दुमका-रामपुरहाट मुख्य सड़क के हरिपुर मोड़ के पास अवैध कोयला लदे 407 पिकअप वाहन को जप्त किया है, मौके से ड्राइवर और कोयला माफिया भागने में सफल रहा वही जप्त किए गए अवैध कोयला लदे 407 वाहन को वन कार्यालय परिसर शिकारीपाड़ा में लाकर रखा गया है, और वन विभाग की टीम आगे की कार्रवाई के लिए छानबीन कर रही है।

### एसकेएमयू के यूजी सेमेस्टर 2 के परीक्षा फार्म 23 फरवरी से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के यूजी सेमेस्टर 2 का परीक्षा फार्म भरने की तिथि सोमवार को जारी हो गई। परीक्षा फार्म ऑनलाईन 23 फरवरी से भरे जायेंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के यूजी सेमेस्टर 2 के सत्र 2021-24 के परीक्षा 2022 का परीक्षा फार्म 23 फरवरी से भरे जायेंगे। बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फार्म 6 मार्च तक भरे जायेंगे। ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने के बाद हार्ड कॉपी कॉलेज एवं विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

## दो अलग-अलग केस में विधायक प्रदीप यादव हुये बरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को दो अलग-अलग मामलों में दुमका के विशेष न्यायाधीश ने साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया। जिसमें पहला मामला सरकारी कार्य में बाधा था। वहीं दूसरा मामला आचार संहिता से संबंधित था। सरकारी कार्य में बाधा का का मामला उस समय लगा था जब अडानी गोड्डा में पावर प्रोजेक्ट लगा रहे था। बीते 19 अप्रैल 2017 को जमीन की मापी कार्य का विरोध का आरोप विधायक प्रदीप यादव पर लगा था। पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव में अडानी के लिए जमीन की मापी चल रही थी। जिसका विरोध ग्रामीणों का नेतृत्व प्रदीप यादव ने किया था। जिसके लिए उनपर मामला दर्ज किया गया था। दूसरा मामला आचार संहिता का था। जिसमें तत्कालीन भाजपा के जिलाध्यक्ष दिवाकर गुप्ता ने कराया था। जिसमें वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के समय पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने निशिकांत दूबे पर आरोप लगाया था कि निशिकांत दूबे सांसद बनने के पहले कटोरा लेकर दिल्ली गये और अब अरबपति आदमी बन गये और दिल्ली में दलाली करते हैं। हालांकि दोनों मामलों में पोड़ैयाहाट के कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को न्यायालय द्वारा साक्ष्य के अभाव में सोमवार को बरी कर दिया। मामला एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट एसडीजेएम जितेंद्र राम की अदालत में चल रहा था। इन दोनों केस में बचाव पक्ष के अधिवक्ता अधिवक्ता पारस कुमार सिन्हा पक्ष रख रहे थे।

## भाषा-संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आने की जरूरत : विजय गागराइ

भरनियां के दुड़ियाम में महाशिवरात्रि पर आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती भरनिया पंचायत के दुड़ियाम गांव में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में हर हर महादेव ग्रुप दुड़ियाम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा झूमर नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई शामिल हुए। रंगारंग कार्यक्रम का अतिथियों और दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में कई उड़िया, हिंदी, संबलपुरी नृत्य प्रस्तुत किया गया। नर्तकों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय सिंह गागराई ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम गांव-गांव में होनी चाहिए। जिसमें अपने स्थानीय भाषा का प्रचार प्रसार एवं संस्कृति का विकास होता है। उन्होंने कहा कार्यक्रम में स्थानीय भाषा एवं संस्कृति की झलक मिलती है। झूमर कार्यक्रम झारखंड राज्य में एक अहम स्थान रखता है। इस तरह का कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को भी अपनी कला प्रदर्शन करने का एक मंच प्राप्त होता है। हमें कलाकारों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम करना चाहिए। कार्यक्रम में भरनिया पंचायत के मुखिया सरिता गागराई, समाजसेवी गंगाराम गागराई, हर-हर महादेव ग्रुप के अध्यक्ष राजेश महतो, उपाध्यक्ष देवलाल महतो, सचिव हेमंत महतो, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत महतो, निरंजन महतो, अनिल महतो, रामराई सामड, मारकुश गागराई, विरसिंह हांसदा सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

## एक नजर में

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने सामाजिक कार्यो का लिया प्रशिक्षण



**दुमका।** एएनकालेज के एनएसएस का विशेष शिविर के पांचवें दिन सोमवार को सामाजिक कार्य पर स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। कॉलेज के इकाई-5 के स्वयंसेवकों ने रंतोष कोचिंग सेंटर, कुम्हारपाडा में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षक रंतोष ने स्वयंसेवक छात्रों को प्रतियोगितात्मक परीक्षा की तैयारी करने के विषय को विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अन्हद लाल ने सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। छात्रों में शीतल कुमारी, मितला सोरेन, बहादी मरांडी, बासंती मुर्मू, निरज ठाकुर, कुमार अभिनव, सुदीप कुमार, राहुल मंडल, हरिहर मंडल, शिवम कुमार मंडल, जयराम मरांडी, अनुप हेम्ब्रम, सुमित कुमार, नयना कुमारी, नेहा नाजरीता हांसदा, दीपक मंडल, प्रियंका कुजूर, विशाखा कुमारी राय, श्वेता कुमारी एवं संजना सिंह आदि शामिल थे। यूनिट 2 और 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय पाठक एवं डॉ प्रमोद झा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने कोल्हड़िया और कुहका गांव में सामाजिक कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यूनिट 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ संजय पाठक के नेतृत्व वाली टीम में छात्रों में रूपेश कुमार, मनोज पाल, आयुश कुमार, चंदना कुमारी, चमेली कुमारी, गंगा कुमारी, महबुब आलम, माधुरी कुमारी एवं तारकेश्वर सिंह आदि थे। यूनिट 4 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रमोद झा के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवक छात्रों में मिलन कुमार, हर्ष राज, अक्षय कुमार, अमन कुमार, आनंद कुमार, अंकित गुप्ता, शायक मिश्रा एवं प्रिंस राज आदि शामिल थे।

### डोरी खेंच के राखिजे, यो हे बाबा को निशान। पैदल चालिणये के सागे चाले बाबो श्याम

**दुमका।** एक शाम दुमका नरेश के नाम कार्यक्रम शनिवार को दुमका के यज्ञ मैदान में आयोजित की गई। इस अवसर पर यज्ञ मैदान को दुल्हन की तरह सजाया गया है। यज्ञ मैदान को चारो ओर से रंग-विरंगें लाईट व फूलों से सजाया गया है। वही खाटू श्याम का दरवार को भव्य रूप से सजाया गया है। इस अवसर पर देर शाम से भजन अमृत संध्या का आयोजित की गई। जिसमें राजस्थान से श्री श्याम मंदिर कमेटी खाटू श्याम के ट्रस्टी मानवेन्द्र सिंह चौहान सहित कलकत्ता व दिल्ली के भी कलाकर पहुंचकर समा बांधा जिसमें मुख्य रूप से राज पारीक, शीतल पांडे, पंकज अग्रवाल व शिवमू पंसारी ने भजन गाकर लोगों का मन मोह लिया। राजस्थान से पहुंचे मानवेन्द्र सिंह चौहान ने भजन गाते हुए कहा कि डोरी खेंच के राखिजे, ये हे बाबा को निशान। पैदल चालिणये के सागे चाले बाबो श्याम। मूँछा की मड़ोड ऐसा रोब है निराला। पानी है सर से ऊपर मुसीबत अड गई है। सारे धाम से निराला खाटू धाम है। सहित अनेकों भजन गायन किया गया। भजन देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर यज्ञ मैदान में समिति के द्वारा श्याम रसोई का आयोजन किया था।

## जैविक खाद्य में छुपा बिहार तस्करी को जा रही वैन से अवैध शराब की खेप जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** अवैध शराब कारोबारी पुलिस के आंख में धूल झोंकने को लेकर तरह-तरह के हथकंडे अपना झारखंड के रास्ते शराब की खेप पड़ोसी राज्य बिहार में खपा रहे है। कभी आलू के बोरे में तो कभी अन्य समाग्री के अंदर छुपा पुलिस को चकमा देने के लिए शराब की खेप एक राज्य से दूसरे राज्य ले जाते है। इस बार अवैध शराब कारोबारी जैविक खाद्य के बोरे में छुपा अवैध शराब की खेप बिहार ले जाने के दौरान रामगढ़ पुलिस जप्त करने में सफल रही। पुलिस रामगढ़-गुहियाजोरी सड़क मार्ग पर कडबिंधा बाजार के नजदीक पुलिस ने एक पिकअप वैन बीआर 8 जी-1219 में जैविक खाद्य के बोरे में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब की खेप जप्त की है। जो दुमका के रास्ते रामगढ़ की ओर जा रहा था। जिसकी भनक थाना प्रभारी अरविंद राय को लगी। पिकअप वैन को गश्ती दल ने जब रोकने का इशारा किया तो चालक गाड़ी छोड़कर फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस पिकअप वैन को जप्त कर थाना लायी। पड़ताल में वैन पर 35 जैविक खाद के बोरी में 47 पैंटी अबैध शराब पाया गया। इसकी जानकारी सोमवार को प्रेसवार्ता कर काठीकुंड क्षेत्र इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने प्रेसवार्ता कर दिया। उन्होंने बताया कि पिकअप वैन थाना क्षेत्र के कडबिंधा बाजार जब पहुंची तो 10 सदस्यी पुलिस टीम रोकना चाहा। पुलिस को देख वैन चालक वाहन छोड़ भाग निकला। वैन की तलाशी पर 35 जैविक खाद के बोरी में 47 पेटी अवैध शराब की बोतल बरामद हुई। मामले में पुलिस वैन के मालिक और चालक के खिलाफ थाना कांड संख्या 18/23 के तहत भादवी धारा 270, 272/34 एवं 47 ए, उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

## 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ शुभारंभ



कलश लेती कन्याएं

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखण्ड क्षेत्र के जमजोरी गांव में सोमवार को 24 कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा एवं भूमि पुजन के साथ विधुवत हो गया।कलश यात्रा में स्थानीय महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।कलश यात्रा में माताओं बहनों के लिए पीने के पानी शर्बत श्रद्धालुओं द्वारा व्यवस्था की गई थी। यह महायज्ञ जमजोरी के मुक्तेश्वरनाथ शिव शक्ति मंदिर के प्रांगण में 23 फरवरी तक चलेगा। जिसमें गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में महायज्ञ की रूप रेखा व मार्गदर्शन में तैयारी के अनुसार की जा रही है। वहीं इस महायज्ञ में प्रवचन कर्ता शक्ति सिंह दिलीप भृगु एवं उनके साथ कई विद्वान पंडित हरिद्वार से पहुंचे हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान के आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक प्रदीप यादव उपस्थित हुए जहां उन्होंने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित विराट 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ बहुत सुंदर आयोजन है। ऐसे आयोजन लगातार होने चाहिए क्योंकि इससे वातावरण की शुद्धि के साथ ही संस्कारों का निर्माण भी होता है। जिस तरह से युवा पीढ़ी आज अपने प्राचीन संस्कारों और धर्म मार्ग से भटकती जा रही है उसी तरह ऐसे आयोजन उन्हें अपने संस्कारों से जोड़ने का माध्यम बनते हैं। लोग अपने आप में बदलाव लाये, उससे पुरा समाज बदल जायेगा।उन्होंने गायत्री परिवार समाज के साथ इस तरह के आयोजन को लेकर उपस्थित आयोजनकर्ता की काफी सराहना की। वहीं ग्रामीणों में गोपाल यादव, फागु ततवा, बबलू यादव, शंकर यादव, राजकिशोर ततवा, प्रमोद यादव, शत्रुघन यादव के अलावा रामकिंकर यादव,अशोक यादव, सुबोध यादव, विनोद यादव, दिपक यादव, के साथ काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

## चक्रधरपुर में आर्ट एंड क्राफ्ट मेला का थाना प्रभारी ने किया उद्घाटन



**चक्रधरपुर।** रेलवे स्कूल मैदान में स्वदेशी आर्ट एंड क्राफ्ट डिजनी लैंड मेला का आयोजन किया गया है। चक्रधरपुर के थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने सोमवार की शाम फीता काटकर एवं नारियल फोड़ मेले का उद्घाटन किया। मेला पांच मार्च तक चलेगा। मेले के व्यवस्थापक मोहम्मद नासिर अली, चंद्र राय व संजय कुमार ने बताया कि मेले में घरेलू उपयोग के सामानों के साथ बच्चों के मनोरंजन के कई सामान मौजूद है। विभिन्न प्रदेशों के हस्तशिल्प के अलावा अचार व खाने पीने की चीजें शहर के लोगों को आकर्षित करेगी। मेले में बनारसी साड़ी, सहारनपुर के फर्नीचर, क्राकरी, औषधि जड़ी-बूटी, राजस्थानी अचार, झारखंड प्रेम पोली फनीर्चार, कारपेट के सामान है। मौके पर मोहम्मद जसीम खान, लक्ष्मी कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## रेत माफिया ने खत्म कर दिया खूंटी की बनई नदी का अस्तित्व



**खूंटी।** खूंटी की प्रसिद्ध और धार्मिक महत्व वाली बनई नदी के अस्तित्व को ही बालू माफिया ने लगभग खत्म कर दिया है। जिस बनई नदी में सालों भर निर्मल पानी बहता रहता था, वही नदी अक्टूबर महीने में ही सूख जा रही है। रेत के अवैध और अंधाधुंध उत्खनन ने नदी को ही समाप्त कर दिया है। बनई नदी अब महज एक नाला बनकर रह गई है, जहां हर ओर घास और झाड़ियां उग आई हैं।

**पकई वर्षो से नहीं हुई है बालू घाटों की बंदोबस्ती**

खूंटी जिले में कई वर्षों से बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं हुई है। यही कारण है कि निर्माण कार्यों की जरूरतों को पूरा करने लिए लोग अवैध बालू खरीदने को विवश हैं। ऐसा नहीं है कि बालू तस्करी की जानकारी स्थानीय प्रशासन या खनन और वन विभाग को नहीं है। यदा कदा रेत माफिया की करतूतों के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करता भी है, पर महज दिखावे के लिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि बालू तस्करी की अवैध कमाई में स्थानीय प्रशासन से लेकर विभाग के अधिकारियों को हिस्सा निश्चित होता है।

बालू का अवैध धंधा करने वाले स्वीकार करते हैं कि उन्हें हर महीने अधिकारियों को चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है। यदि चढ़ावा देने में विलंब हो जाता है, तो बालू माफिया के वाहनों को जब्त कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर दिया जाता है। जानकारों का कहना है कि जब तक स्थानीय लोग बालू की तस्करी के खिलाफ जागरूक नहीं होंगे, तब तक इस अवैध कारोबार पर रोक नहीं लग सकती। लोगों का कहना है कि जल, जंगल और जमीन की बात करने वाले आदिवासी संगठनों और ग्रामसभा को भी रेत के इस अवैध खेल खिलाफ कभी आवाज नहीं उठाते।

# युवती से रंगलेलिया मनाना पति को पड़ा महंगा, पत्नी ने ही पुलिस दी सूचना

## युवती के बयान पर पुलिस यौन शोषण का मामला दर्ज कर भेजी जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार आरोपी पति को ले जाती पुलिस

**दुमका।** शहर के पाटलिपुत्रा होटल में सोमवार सुबह एक युवती के साथ रंगरलियां मना रहे रामनाथ साह उर्फ सागर को नगर थाना पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। पुलिस आरोपी के पत्नी के शिकायत पर दुधानी स्थित होटल के युवती समेत आरोपी पति को थाने लायी। जानकारी के अनुसार युवती के साथ रंगलेलिया बनाने पत्नी ने रंगे हाथ पकड़ लिया। पति भाग न पाये इसके लिए पत्नी ने बाहर से कमरे को बंदकर पुलिस को फोन कर दी। पुलिस ने युवती के बयान पर यौन शोषण का मामला दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। युवती का मेडिकल जांच कराने के बाद कोर्ट में उसका बयान दर्ज कराया गया। आरोपी सागर होटल मालिक का बेटा है और होटल में ही पत्नी के साथ रहता है। उसकी पत्नी कहीं बाहर गई थी। रविवार रात उसकी एक श्रृंगार की दुकान में काम कर चुकी शिकारीपाड़ा की आदिवासी युवती को काम के बहाने रंगरलियां मनाने के लिए घर बुलाया था। लेकिन सोमवार की सुबह अचानक पत्नी घर पहुंच गई। पति को दूसरी युवती के साथ देखकर पत्नी भड़क गई और बाहर से कमरा बंद कर दिया। पति की करतूतों की जानकारी नगर थाना पुलिस को दी। इसी बीच किसी तरह युवती कमरे के दूसरे दरवाजे से भागकर छत पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम युवती को समझाकर नीचे उतारा। युवती ने पुलिस को बताया कि सागर ने काम के बहाने बुलाकर उसके साथ जबरन अवैध संबंध बनाया। पहले भी उसकी दुकान में काम कर चुकी है। इधर आरोपी का कहना है कि उसकी पत्नी से उसके संबंध अच्छे नहीं है। वह दो साल से युवती को जानता ही नहीं उसके साथ रहता भी था। युवती शहर में किराए का कमरा लेकर रहती है। घबराहट की वजह से उसने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मामले में थाना प्रभारी नवल किशोर सिंह ने बताया कि युवती के बयान पर यौन शोषण का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पत्नी ने पति को दूसरी युवती के साथ पकड़ा था। युवती का मेडिकल जांच करा 164 का बयान दर्ज कराया गया है।